✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 282 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 12 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


अररिया में विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## पीएम किसान निधि से बिहार के 73 लाख से अधिक किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

- कल किसानों के खातों में सीधे अंतरित होगी 1467 करोड़ रुपये : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22वीं किस्त का वितरण 13 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा असम के गुवाहाटी से किया जाएगा। इसके माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए सहायता राशि भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बिहार के 73.34 लाख से अधिक पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 1467 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी, जिससे राज्य के किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा तथा कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी किसानों को इस योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। बिहार सरकार राज्य के किसानों का व्यापक स्तर पर पंजीकरण, आधार सत्यापन तथा बैंक खातों की एनपीसीआइ से लिंकिंग सुनिश्चित (शेष पृष्ठ 10 पर)

### मुख्यमंत्री ने अररिया में 225 एवं किशनगंज में 122 योजनाओं का किया उद्घाटन, शिलान्यास एवं कार्यारंभ

# बिहार के इतिहास में सबसे स्वर्णिम होगा अगला पांच साल : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को समृद्धि यात्रा के तहत अररिया एवं किशनगंज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा गुरुवार सुबह अररिया पहुंची। यहां करीब 331 करोड़ की लागत से 6 योजनाओं का शिलान्यास एवं 157 करोड़ की लागत से 60 योजनाओं का उद्घाटन भी किया। साथ ही, 58 करोड़ की लागत से दो योजनाओं का कार्य शुरू किया। इसके बाद मुख्यमंत्री किशनगंज में 133 करोड़ की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास और 102 करोड़ की लागत से 49 योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान अपने करीब 40 मिनट के जोशीले संबोधन में मुख्यमंत्री ने बार-बार लोगों को साल 2005 से पहले के बिहार की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि पहले क्या हालात थे और आज सड़क,



बिजली, स्वास्थ्य की स्थिति क्या है, यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने मंच पर मौजूद सम्राट चौधरी, विजय चौधरी और लेसी सिंह की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये सब लोग मिलकर काम करेंगे। उन्होंने जनता से हाथ उठवाकर विकास के संकल्प पर मुहर भी लगवाई। अररिया कॉलेज स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसंवाद कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने दहाड़ते हुए कहा कि अगले पांच साल बिहार के इतिहास में सबसे स्वर्णिम होंगे और राज्य देश के शीर्ष पायदान पर खड़ा होगा। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए विकास में केंद्र के भरपूर सहयोग का भी जिक्र किया। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास के लिए 2025 से 2030 का विस्तृत रोडमैप तैयार है। उन्होंने जुलाई 2024 और फरवरी 2025 के केंद्रीय बजट में बिहार को मिले विशेष आर्थिक पैकेज, मखाना बोर्ड और पश्चिमी कोसी नहर की सफाई के लिए मिले फंड के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनसभा में ऐलान किया कि अररिया के फारबिसगंज में 150 एकड़ जमीन पर अत्याधुनिक हवाई अड्डा बनाया जाएगा। इसके साथ ही सुपौल के वीरपुर में भी हवाई अड्डे के लिए केंद्र सरकार द्वारा टेंडर निकालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इससे न केवल यातायात सुलभ होगा बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रास चुनाव से पहले पटना पहुंचे भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी की ओर से बनाए गए केंद्रीय पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पटना पहुंच गए हैं। उनके पटना पहुंचने के बाद चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और तेज हो गई है। भाजपा नेताओं का दावा है कि गठबंधन के सभी विधायक एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे।

### युवक की गोली लगने से रहस्यमय मौत

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के सलेया गांव में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो जाने की खबर फैल गई। मृतक की पहचान अतिउल्लाह अंसारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना घर के पिछले हिस्से में खिड़की के पास हुई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े लेकिन तब तक अतिउल्लाह अंसारी की मौत हो चुकी थी।

### ड्यूटी के दौरान एसआई की मौत

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस अधिकारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान एसआई कौलेश्वर सिंह (55) के रूप में हुई है, जो जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र स्थित मिसरबीघा गांव के रहने वाले थे। एसआई कौलेश्वर सिंह उदाकिशुनगंज थाना में पदस्थापित थे और उन्हें मुख्यमंत्री की यात्रा में वार्निंग ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

### पत्नी की हत्या कर पति ने दी जान

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** सहरसा के बनगांव नगर पंचायत वार्ड नंबर 17 में बुधवार सुबह पति ने पत्नी की जमीन पर पटककर हत्या कर दी। इसके बाद पति ने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान रमण खां (40) और उनकी पत्नी सोनी देवी (38) के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे घरेलू विवाद में हत्या और आत्महत्या का मामला बताया है।

### राजस्व विभाग करेगा एआई तकनीक का उपयोग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एक अप्रैल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित तकनीक का उपयोग करेगा। इस संबध में बुधवार को विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने इंडिया एआई मिशन की स्थापना की गई है।

## औरंगाबाद के एसपी रहे बाबू राम को मिला राष्ट्रपति वीरता पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के स्थापना दिवस समारोह में बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी बाबू राम को राष्ट्रपति का वीरता पदक प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें नक्सल विरोधी अभियान में दिखाए गए साहसिक नेतृत्व के लिए दिया गया। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें यह पदक प्रदान किया। यह सम्मान वर्ष 2016 में हुए एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान से जुड़ा हुआ है। उस समय बाबू राम बिहार के औरंगाबाद जिले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर तैनात थे। उस दौर में इलाके में नक्सली गतिविधियां लगातार बढ़ रही थीं। सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि गया और औरंगाबाद की सीमा से लगे घने जंगलों में नक्सलियों का जमावड़ा है।



सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस और कोबरा कमांडो की संयुक्त टीम तैयार की गई। इस अभियान का नेतृत्व एसपी बाबू राम ने किया। टीम ने लंगुराही और छकरबंधा के जंगलों की ओर बढ़ना शुरू किया। यह इलाका दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। अभियान के दौरान डुमरी नाला के पास अचानक जोरदार विस्फोट हुआ। नक्सलियों ने पहले से ही करीब एक किलोमीटर इलाके में लैंडमाइन बिछा रखी थी। लगातार हुए धमाकों से पीछे चल रही कोबरा की दो टुकड़ियों के कुछ जवान घायल हो गए और स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई। विस्फोट के तुरंत बाद पहाड़ी की ऊंचाई पर छिपे नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा। उस समय टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती घायल जवानों को सुरक्षित निकालने और नक्सलियों का मुकाबला करने की थी। इस कठिन स्थिति में एसपी बाबू राम ने मौके पर मोर्चा संभाला। उन्होंने जवानों को स्थिति के अनुसार तैनात किया और जवाबी कार्रवाई शुरू करवाई। पुलिस और कोबरा कमांडो ने मिलकर नक्सलियों पर दबाव बनाया। मुठभेड़ कई घंटे तक चली और इस दौरान सुरक्षा बलों ने चार नक्सलियों को मार गिराया।

### बिहार के सीएचसी में तैनात होंगे नेत्र और इएनटी डॉक्टर

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। राज्य सरकार के सात निश्चय-3 (2025-2030) कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में सरकार ने नेत्र रोग और ईएनटी (कान, नाक और गला) से जुड़े विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों के 1080 अतिरिक्त पद सृजित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस फैसले से राज्य के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब आंख और कान-नाक-गला से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को बड़े शहरों या जिला मुख्यालयों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

## गंगा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत

**नीरज गुप्ता/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव(भागलपुर)।** जिले में बुधवार को बड़ा दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त कृष्ण कुमार (26 वर्ष), सनी कुमार (24 वर्ष) और बॉबी कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि घोघा के ओलपुरा निवासी शालिग्राम साह के घर में मुंडन संस्करण का कार्यक्रम होना था, जिसके लिए सभी रिश्तेदार पहुंचे थे। कार्यक्रम से पहले गंगा स्नान करने के लिए 6 से 7 रिश्तेदार घोघा गंगा घाट स्नान के लिए गए। इसी क्रम में शालिग्राम साह की बहन रुक्मिणी देवी नहाने के दौरान गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। इसे देखकर भतीजा कृष्ण कुमार, सनी कुमार और बॉबी कुमार बुआ को बचाने का प्रयास करने लगे। बचाने के क्रम में ही तीनों युवक बारी-बारी से डूब गए। सन्नी कुमार और बॉबी कुमार, शालिग्राम साह के पुत्र थे, जबकि कृष्णा उर्फ छोटू के पिता का नाम नंदलाल साह हैं। बताया जाता है कि सभी मृत युवक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली से घोघा के ओलपुरा गांव पहुंचे थे। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई है। घोघा थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि रिश्ते में तीनों मृतक आपस में भाई हैं। गंगा में नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण घटना हुई है। पुलिस को सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों युवकों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने इन्हें मृत घोषित कर दिया जबकि महिला की हालत अभी स्थिर है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पिताजी के अधूरे कामों को करूंगा पूरा : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पिताजी ने 20 साल में बिहार के अंदर जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पर काम किया है उसको मैं आगे बढ़ाउंगा और जिन कामों की घोषणा की और वह अधूरे हैं, उसको पूरा करने की कोशिश करूंगा। यह कहना है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का। बुधवार को निशांत कुमार जदयू में सदस्यता लेने के बाद पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचे थे। पिता जी ने जो 20 साल में बिहार के अंदर काम किया है, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार इसको पूरा करूंगा और जिसकी पिताजी ने घोषणा की और वह अभी अधूरा है उसको पूरा करने की कोशिश करूंगा। निशांत कुमार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनका यहां आने का क्या उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वो आगे भी वो पार्टी कार्यालय आने की कोशिश करेंगे जिससे पार्टी के सांसदों, विधायकों और जमीनी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी की मजबूती पर फोकस कर सकें। मैं जदयू कार्यालय आने की कोशिश करूंगा। यहां मैं अपने पार्टी कार्यकर्ताओं, सांसदों, विधायकों से मिलूंगा। पार्टी के जमीनी लेबल के कार्यकर्ताओं से भी मिलूंगा और पार्टी को जन-जन तक जोड़ने की कोशिश करूंगा।

## चुनाव के दौरान हुई गलतियों में करेंगे सुधार : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पहले सिर्फ बिहार से युवाओं का पलायन होता था लेकिन अब मुख्यमंत्री भी पलायन कर रहे हैं। सरकार ने चुनाव के समय अपराध एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एवं पलायन रोकने जैसे बड़े-बड़े वादे किए थे और आज स्थिति यह है कि सब कुछ पहले से ज्यादा बढ़ गया है। यह बात जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने औरंगाबाद के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। दरअसल बुधवार को प्रशांत किशोर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक की और बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर समीक्षा की। साथ ही आगे की रणनीति पर चर्चा किया। प्रशांत किशोर ने पिछले विधानसभा चुनाव में मिली हार पर कहा कि उन्होंने हिंदू-मुस्लिम, ऊंच-नीच,



जाति एवं पैसे के प्रलोभन वाली राजनीति नहीं करके बहुत बड़ी गलती कर दी। जब तक बिहार में सुधार नहीं होगा, जनसुराज पूरी ईमानदारी से प्रयास करता रहेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के नवनिर्माण एवं व्यवस्था परिवर्तन के लिए आगामी छह महीने के अंदर जन सुराज एक बार फिर पूरी शिद्दत से प्रयास शुरू करेगा। हालांकि उन्होंने बिहार नवनिर्माण अभियान को शुरू करने से पहले संगठन को पुनर्गठित करने की बात कही और बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में तीन दिनों का प्रवास कर कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती के लिए चर्चा की जाएगी ताकि उनके सुझावों से संगठन को एक बार फिर मजबूती से खड़ा किया जा सके। चुनाव में जहां-जहां जो भी गलतियां हुई है उसपर चर्चा कर सुधार करेंगे। कहा कि जल्द ही जन सुराज के नए संगठन की घोषणा होगी। इसके बाद पुनः एक बार संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठेंगे और वार्ड तक संगठन तैयार करेंगे। बिहार में पंचायती राज का चुनाव होनेवाला है। इसके पूर्व 15 अप्रैल तक पूरे बिहार का दौरा करेंगे और अपने साथियों के साथ चर्चा करेंगे। इसके बाद यह तय होगा कि जन सुराज बिहार पंचायती राज चुनाव में दल के आधार पर शामिल होगी या नही। वैसे उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा जाने की बात पर कहा कि उन्हें जानकारी नही है। कहा कि चुनाव से पहले एक भविष्यवाणी किया था कि जितने के बाद भी भाजपा नीतीश कुमार को सीएम (शेष पृष्ठ 10 पर)

## सरकारी निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डिप्टी सीएम और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने हड़ताल पर गए राजस्व सेवा के कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी निर्देशों की अवहेलना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौकरी करनी है तो नियमों का पालन करना होगा और कर्मचारियों को सेवक की तरह काम करना होगा। सरकार किसी भी हाल में मनमानी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग ने राजस्व कर्मचारियों को पंचायत भवन या पंचायत स्तर पर किसी अन्य जगह बैठकर काम करने का निर्देश दिया गया था ताकि जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े लेकिन कई कर्मचारियों ने इस आदेश का पालन नहीं किया। इसके बाद



सरकार ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जांच की व्यवस्था शुरू की। इसके बाद कई राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। डिप्टी सीएम ने कहा कि कुछ कर्मचारियों को दिक्कतें थीं जिसके कारण वे हड़ताल पर चले गए। पहले यह कर्मचारी खुलेआम घूमते रहते थे और इनके पीछे आम जनता को भी भटकना पड़ता था। सरकार ने व्यवस्था सुधारने के लिए पंचायत स्तर पर बैठने का निर्देश दिया था ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि हड़ताल पर जाने वाले कर्मचारियों के हड़ताल की अवधि की भी गिनती की जा रही है। जो कर्मचारी सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे, विभाग उनका सम्मान करेगा लेकिन जो कर्मचारी आदेशों की अनदेखी करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें नौकरी से भी हटाया जा सकता है। डिप्टी सीएम विजय सिंह ने भूमि एवं सुधार विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सर्वेक्षण की गति को बढ़ाएं। दिसंबर 2027 तक हर हाल में बिहार में भूमि सर्वेक्षण काम करने का लक्ष्य रखा गया है। इसीलिए ऐसी कोई गलती नहीं करें जिससे लक्ष्य समय पर प्राप्त न हो। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। भूमि सर्वेक्षण पूरा होने से राज्य में भूमि अभिलेख पूरी तरह अद्यतन और पारदर्शी हो जाएंगे जिससे आम लोगों को जमीन से जुड़े विवादों से काफी राहत मिलेगी। सर्वेक्षण के कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से ही समीक्षा बैठक बुलाई गई है। इस दौरान हरेक मुद्दे की समीक्षा कर तय समय सीमा में कार्य पूरा कराना उद्देश्य है। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिसंबर 2027 तक बिहार के सभी जिलों में भूमि सर्वेक्षण का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा।




CMYK

# बालू-पत्थर लाने वाले वाहनों पर सख्ती, बिहार सीमा पर ट्रांजिट पास अनिवार्य

## अवैध खनन पर कसेगा शिकंजा, बिहार की सीमाओं पर लगेगा सीसीटीवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार ने दूसरे राज्यों से बालू, पत्थर, स्टोन चिप्स, मोरम, स्टोन डस्ट सहित सभी खनिजों को लेकर बिहार की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को ट्रांजिट पास (टीपी) लेना अनिवार्य कर दिया है। उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य में लघु खनिजों के परिवहन को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए यह निर्णय लिया है, ताकि राज्य में खनिज परिवहन व्यवस्था अधिक पारदर्शी, वैधानिक और राजस्व उन्मुख बन सके। विभाग के अनुसार यह व्यवस्था बिहार खनिज (समनुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 (यथा संशोधित) के नियम 41 के अंतर्गत लागू की गई है। इसके तहत अन्य राज्यों से लघु खनिज लेकर आने वाले सभी वाहनों को राज्य की सीमा में प्रवेश करते समय ट्रांजिट पास प्राप्त करना होगा। विभाग द्वारा निर्धारित विनियामक शुल्क के अनुसार जिन राज्यों से प्राप्त खनिज के परिवहन चालान में खनिज का वजन अंकित होगा, उनके लिए 60 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से ट्रांजिट पास लेना होगा। वहीं जिन चालानों में खनिज का आयतन अंकित होगा, उनके लिए 85 रुपये प्रति घनमीटर की दर से ट्रांजिट पास अनिवार्य होगा। राज्य में अवसंरचना विकास की तेज गति के कारण पड़ोसी और अन्य राज्यों से बड़ी मात्रा में बालू, पत्थर सहित विभिन्न लघु खनिजों का आयात किया जा रहा है। अब तक इन खनिजों की मात्रा, प्रकार और परिवहन के अनुश्रवण के लिए कोई समग्र प्रणाली लागू नहीं थी। नई व्यवस्था के तहत सिस्टम इंटीग्रेटर के माध्यम से राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले खनिज लदे वाहनों का डिजिटल अनुश्रवण किया जाएगा। इस निर्णय से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। साथ ही अन्य राज्यों से होने वाले अवैध खनन और अवैध परिवहन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। एक ही चालान के आधार पर कई बार खनिज ढुलाई करने जैसी अनियमितताओं पर भी अंकुश लगेगा।

# लक्मे एकेडमी ने किया नई शाखा का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ब्यूटी और वेलनेस क्षेत्र में प्रोफेशनल ट्रेनिंग देने वाली लक्मे एकेडमी की नई शाखा का शुभारंभ कंकड़बाग स्थित पंच शिव मंदिर के निकट किया गया। एकेडमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि लक्मे एकेडमी की प्रबंध निदेशक संगीता कुमारी, विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार सिंह एवं त्रेहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर कंकड़बाग सेंटर हेड रूपा, मेकअप फैकल्टी ऋचा, आयशा, मधु सहित ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े कई गणमान्य लोग और प्रशिक्षु मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्मे एकेडमी की प्रबंध निदेशक संगीता कुमारी ने कहा कि आज के समय में फैशन, इवेंट, फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट के लिए अपार संभावनाएं हैं।

# बिहार म्यूजियम में थिंकिंग नालंदा विषय पर एक दिवसीय परिसंवाद का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार म्यूजियम में थिंकिंग नालंदा विषय पर एक दिवसीय परिसंवाद का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय के मेट्रो म्यूजियम आउटरीच प्रोग्राम के तहत बिहार म्यूजियम, पटना के सहयोग से आयोजित किया गया। यह परिसंवाद नेटवर्क्स ऑफ द पास्ट - ए स्टडी गैलरी ऑफ इंडिया एंड द एंशिएंट वर्ल्ड इस स्टडी गैलरी के अंतर्गत आयोजित की गई जिसका उद्देश्य प्राचीन सभ्यताओं के बीच रहे ज्ञान और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नए दृष्टिकोण से समझना है। इस एकदिवसीय परिसंवाद का क्यूरेशन प्रसिद्ध क्यूरेटर अल्का पांडे ने किया। इस अवसर पर नालंदा महाविहार को केवल एक ऐतिहासिक शिक्षा केंद्र के रूप में ही नहीं, बल्कि एक ऐसे बौद्धिक मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत किया गया जो आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर सीएसएमवीएस के महानिदेशक सब्यसाची मुखर्जी ने कहा कि बिहार म्यूजियम में इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर संग्रहालयों और विद्वानों के मजबूत नेटवर्क को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सीएसएमवीएस में शिक्षा और जनभागीदारी हमेशा से प्रमुख प्राथमिकता रही है। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह के स्वागत संबोधन से हुई जिसके बाद सीएसएमवीएस के महानिदेशक सब्यसाची मुखर्जी ने नेटवर्क्स ऑफ द पास्ट पहल के बारे में जानकारी दी।

# राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

## आम उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के पास भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। ऐसे में आम उपभोक्ताओं को घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्तमान में यह व्यवस्था लागू की गई है कि किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नये गैस सिलेंडर की बुकिंग (नंबर लगाने की) करने की अनुमति है। बुकिंग दर्ज होने के पश्चात 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा घरेलू गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। विभाग द्वारा आम जनता के हित में घरेलू गैस वितरण प्रणाली को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरंतर आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा अनावश्यक रूप से गैस वितरकों के यहां भीड़ न लगाएं साथ ही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

# आरटीई के तहत निजी स्कूलों में एडमिशन का फिर मौका, तारीख बढ़ी

## नामांकन में शिथिलता बरतने वाले विद्यालयों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत राज्य के निजी विद्यालयों में नामांकन दाखिल कराने की तिथि बढ़ा दी गई है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) के पास पत्र भेजकर चयनित बच्चों का 20 मार्च तक नामांकन कराने का आदेश दिया है। नामांकन में उदासीनता बरतने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 फीसदी अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के ऑनलाइन नामांकन हेतु 23 फरवरी को सभी जिलों में प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया था। उसमें चयनित बच्चों का निजी विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए 10 मार्च तक तिथि निर्धारित की गई थी। ऑनलाइन नामांकन हेतु चयनित 69,193 छात्रों में से मात्र 40,626 छात्रों का नामांकन हो सका है। इसको देखते हुए 20 मार्च तक नामांकन की तिथि विस्तारित की गई है। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला कार्यक्रम अधिकारियों के पास पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि ऑनलाइन चयनित सभी छात्रों का विस्तारित तिथि तक संबंधित विद्यालयों में नामांकन करना सुनिश्चित करें।

# भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत वस्तुओं का दिया दान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशक (रिटेल व्यवसाय एवं परिचालन), रामा मोहन राव अमरा के द्वारा इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना को 20 विद्युत संचालित आई सी यु बेड्स एवं 100 व्हील चेयर का दान किया गया। इस योगदान का लाभ अस्पताल में चिकित्सा उद्देश्यों से आये हुए बीमार व्यक्तियों को मिलेगा एवं इसके फलस्वरूप अस्पताल की आपातकाल चिकित्सीय सेवा की योग्यता में बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग हॉस्पिटल जो बिहार राज्य में शारीरिक अक्षमता को कम करने में गरीबों एवं असहायों की लगातार मदद कर रहा है को 50 कृत्रिम अंग (25 कृत्रिम हाथ एवं 25 कृत्रिम पैर), 20 किलोवाट का 1 सोलर पैनल एवं 82.5 किलोवाट का 1 जेनेरेटर भी दान में दिया गया। इस अवसर पर अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार), आर नटराजन, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार), विवेक चन्द्र जायसवाल, महाप्रबंधक (झारखंड), देवेश मित्तल, मण्डल विकास अधिकारी, पटना मण्डल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। भारतीय स्टेट बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अनवरत रूप से कर रहा है।

# चार माह से लंबित भुगतान पर भड़के केवाइपी संचालक

## भुगतान और 20 सूत्री मांगों पर कार्रवाई की जानकारी लेने पहुंचेगा प्रतिनिधिमंडल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/वैशाली।** बिहार में संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत केंद्र संचालकों में पिछले चार महीनों से लंबित भुगतान को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। केंद्र संचालकों का कहना है कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों का वेतन, भवन किराया, बिजली बिल एवं अन्य संचालन खर्च का प्रबंधन करना अत्यंत कठिन हो गया है। इसी संदर्भ में 12 मार्च 2026 को केवाईपी केंद्र संचालकों का एक प्रतिनिधिमंडल विभागीय अधिकारियों एवं विभागीय सचिव से उच्च स्तरीय वार्ता करेगा। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य चार माह से लंबित भुगतान के संबंध में समाधान निकालना तथा पूर्व में विभाग को सौंपे गए 20 सूत्री मांग पत्र पर हुई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त करना है। केंद्र संचालकों ने यह भी बताया कि विभाग की ओर से सचिव के हस्ताक्षर से जारी एक आधिकारिक पत्र में यह उल्लेख किया गया था कि 28 फरवरी 2026 तक लंबित भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया। संचालकों का कहना है कि विभाग के अपने ही आदेश के अनुपालन नहीं होने से केंद्र संचालकों में गहरी निराशा और आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि विभिन्न समाचार पत्रों में 11 मार्च 2026 को यह खबर प्रकाशित हुई थी कि यदि 48 घंटे के भीतर भुगतान और अन्य समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो राज्यभर में 'केवाईपी बचाओ आंदोलन' शुरू किया जाएगा। इस वार्ता में केवाईपी वेल्फेयर सोसायटी, वैशाली के प्रतिनिधियों के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों से भी केवाईपी केंद्र संचालक उपस्थित रहेंगे। केंद्र संचालकों ने स्पष्ट कहा है कि उनका उद्देश्य योजना को बाधित करना नहीं है, बल्कि केवाईपी योजना को बचाना और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखना है। हालांकि यदि विभाग द्वारा इस मुद्दे पर कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल की सूची विभाग को पूर्व में ही उपलब्ध करा दी जाएगी।

# 15 मार्च से पटना और थावे के मध्य एक नई फास्ट पैसेंजर का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और थावे के मध्य 15.03.2026 से एक नई ट्रेन 55515/55516 पटना-थावे-पटना फास्ट पैसेंजर का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस नई ट्रेन का परिचालन पाटलिपुत्र-दीघवारा के रास्ते किया जाएगा। इस नई ट्रेन में सामान्य श्रेणी के 22 कोच एवं एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 24 कोच होंगे। 15.03.2026 से प्रतिदिन गाड़ी सं. 55515 पटना-थावे फास्ट पैसेंजर पटना जं. से 12.10 बजे खुलकर 12.13 बजे फुलवारीशरीफ, 12.40 बजे पाटलिपुत्र, 12.52 बजे दीघाब्रिज हाल्ट, 13.50 बजे दीघवारा, 14.55 बजे गोल्डिनगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 19.00 बजे थावे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 55516 थावे-पटना फास्ट पैसेंजर थावे से प्रतिदिन 20.05 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 3.20 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

# पटना मैराथन में 10 हजार धावक दौड़ेंगे

## ▶ बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु होंगी मुख्य अतिथि ▶ विजेता को मिलेंगे 30 लाख



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के सहयोग से पटना में 15 मार्च को मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में बुधवार को पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि 'नशा मुक्त बिहार' के संदेश के साथ आयोजित होने वाला पटना मैराथन राज्य में जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस वर्ष मैराथन का आयोजन कुछ विलंब से हो रहा है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्तरों पर इसकी तैयारी पूरी तरह से सुव्यवस्थित और बेहतर तरीके से की जाए, ताकि यह आयोजन सफल और प्रभावी हो सके। इस अवसर पर मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के आयुक्त अंशुल अग्रवाल ने कहा कि पटना मैराथन अब बिहार की एक पहचान बन चुकी है। इस वर्ष मैराथन में देशभर से लगभग 10 हजार प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है। मैराथन में चार श्रेणियों में दौड़ का आयोजन किया जाएगा- फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी), 10 किलोमीटर रन और 5 किलोमीटर रन। इसकी शुरुआत गांधी मैदान से होगी जो गंगा पथ और अटल पथ से होकर गुजरेगी, समापन गांधी मैदान में होगा। इस दौरान प्रतिभागियों को पटना के सुंदर रिवरफ्रंट और आधुनिक सड़कों का अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने आगे बताया कि प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए इस वर्ष पटना मैराथन में मुख्य अतिथि के तौर पर ओलंपिक पदक विजेता और विश्व प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पी. वी. सिंधु को आमंत्रित किया गया है। मैराथन के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए प्रत्येक किलोमीटर पर कुल 20 एड स्टेशन लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मार्ग व आयोजन स्थल पर मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से आयोजन में 30 डॉक्टर, पारामेडिकल स्टाफ और 20 फिजियोथेरेपिस्ट तैनात रहेंगे। यातायात और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस और संबंधित विभागों की टीम कार्यरत रहेगी, जबकि नगर निगम की तरफ से साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन -12 का क्राउन और पोस्टर लांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ब्रांड एनसी एवं नारी नीति फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पाटलिपुत्रा कॉलोनी स्थित होटल डेस्टिनी में मिसेज ग्लोबल बिहार सीजन-12 का क्राउन एवं पोस्टर लॉन्च किया गया। क्राउन व पोस्टर की लॉन्चिंग देश के जाने-माने फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. मधुबाला, डॉ. शिखा आनंद, मिसेज ग्लोबल बिहार की पूर्व विजेता अनमोला, अराधना, शिल्पी, मानवी, अलका की मौजूदगी रही। शो के बारे में फैशन डिजाइनर व शो डायरेक्टर नीतीश चंद्रा ने बताया कि यह मिसेज ग्लोबल बिहार का बारहवां सीजन है। इस सीजन के लिए देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाली 250 से अधिक महिलाओं ने मिसेज केटेगरी के लिए अपना ऑनलाइन ऑडिशन दिया था जिसमें से हमारे द्वारा टॉप 10 प्रतिभागियों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस शो के लिए चयनित बिहारी महिलाएं देश के विभिन्न प्रांतों से हिस्सा ले रही हैं जिनमें बिहार, यूपी, झारखंड, कर्नाटक, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता आदि है। ये सभी महिलाएं अलग - अलग पेशे से आती है जिनमें हाउस वाइफ, बैंकर, डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदि शामिल हैं। नीतीश चंद्रा ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा 2013 से ही बिहार के सकारात्मक ब्रांडिंग के लिए इस शो का आयोजन हर वर्ष किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बिहार के लोगों का प्यार और विश्वास इस शो के प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है, हमें उम्मीद है हम आगे भी इस शो को इसी ऊर्जा के साथ करते रहेंगे। इस शो का मकसद महिलाओं के प्रतिभा को निखार कर उन्हें उनके मुकाम तक पहुंचाना है ताकि वो समाज में अपनी एक अलग पहचान बना सके। नीतीश चंद्रा ने बताया कि इस शो का ग्रैंड फिनाले पटना में 15 मार्च, 2026 को होगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से कई दिग्गजों की उपस्थिति रहेगी।

# केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने किया फ्रंटलाइन कार्यबल को सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है जिनका योगदान देश भर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे। पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैन और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# घर बैठे नहीं, सीधे जॉब का मौका, पटना में महिलाओं के लिए दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर

## मौके पर ही होगा चयन व मिलेगा नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में नौकरी तलाश रहीं महिलाओं के लिए बिहार सरकार बड़ा अवसर मुहैया कराने जा रही है। कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के तहत पटना के ज्ञान भवन परिसर में 16 और 17 मार्च को महिला मेगा जॉब फेयर 2026 का आयोजन होने जा रहा है। इस दो दिवसीय जॉब फेयर में 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां हिस्सा लेगी। इनमें करीब 2000 से अधिक महिलाओं को नौकरी मिलने की संभावना है। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम की तरफ से किया जा रहा है। इसमें निगम के अंतर्गत संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण और बिहार कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित महिलाओं को भी राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस रोजगार मेले की सबसे बड़ी खासियत हिस्सा लेने वाली महिलाओं को सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने और मौके पर ही इनका चयन कर लिया जाएगा। इस दौरान कंपनियां उम्मीदवारों के कौशल, अनुभव और योग्यता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी देंगी। जॉब फेयर में आईटी, रिटेल, हेल्थकेयर, बैंकिंग, कस्टमर सर्विस, विनिर्माण और सर्विस सेक्टर समेत कई क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जॉब फेयर में भाग लेने के लिए सीटें सीमित हैं। इच्छुक महिला उम्मीदवार जल्द से जल्द महिला एवं बाल विकास निगम की आधिरिक वेबसाइट पर निशुल्क पंजीकरण कर सकतीं हैं। यह जॉब मेला सभी वर्गों की महिलाओं के लिए खुला है। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं से शुरू होकर 12वीं, स्नातक, तकनीकी डिग्री या आईटीआई तक रखी गई है। इसके लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इंटरव्यू के दौरान जरूरी दस्तावेज के तौर पर आधार कार्ड, बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की कॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में राकेश रंजन तिवारी, उप-निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# आइजीआइएमएस ने रचा इतिहास, रोबोटिक सर्जरी से निकली पित्ताशय की पथरी

## शिवहर की युवती को रोबोटिक सर्जरी के जरिये निकाली गयी पित्ताशय की पत्थरी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार सरकार को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है जिसमें राजधानी के प्रतिष्ठित अस्पताल आईजीआईएमएस अस्पताल में अब रॉबोटिक्स सर्जरी के जरिये मरीजों का उचित उपचार किया जायेगा। इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा का कि बिहार में पहली सफल रोबोटिक सर्जरी बुधवार को आईजीआईएमएस के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग द्वारा पित्ताशय की पत्थरी के लिए की गई जिसमें सर्जन-डॉ. मनीष मंडल, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. नेत्रनंद, एनेस्थेटिस्ट डॉ. विनोद के वर्मा, डॉ. बिब्हा, डॉ. सोनम पटेल व टीम शामिल रही। उन्होंने यह भी बताया कि रॉबोटिक्स सर्जरी के उद्घाटन से पहले इस सप्ताह ट्रायल की प्रक्रिया चल रही है। यह ट्रायल हर दिन अलग-अलग विभाग जैसे- जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी, पेडियाट्रिक्स सर्जरी व अन्य विभागों में किया जायेगा।

**रविवार को रॉबोटिक्स सर्जरी का स्वास्थ्य मंत्री करेंगे उद्घाटन**

अधीक्षक मनीष मंडल ने कहा कि अस्पताल के मरीजों को एआई के जरिये बेहतर उपचार के लिए 15 मार्च यानि रविवार को स्वास्थ्य मंत्री के हाथों रॉबोटिक्स सर्जरी उपकरण का उद्घाटन भी किया जायेगा जिसके बाद नियमित तौर पर मरीजों को इस सर्जरी का लाभ निरंतर मिलता रहेगा। इसके साथ ही आईजीआईएमएस अस्पताल के निदेशक डॉ. बिंदे कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंगल पांडे और गैस्ट्रो सर्जरी की सर्जिकल टीम, एनेस्थेसिया टीम के साथ-साथ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग और ओटी स्टाफ को धन्यवाद दिया जिन्होंने बिहार में रोबोटिक सर्जरी का इतिहास बनाने में मदद की।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना भगवान शीतलनाथ का गर्भ कल्याणक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। विधि-विधान से भगवान शीतलनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, अर्घ्य समर्पण, आरती एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा।

# जिले में आम उपभोक्ताओं को रसोई गैस की कमी न हो : डीएम

## घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या व्यावसायिक उपयोग को रोकने को लेकर छापेमारी का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** जिलाधिकारी ने जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण से संबंधित मुद्दों को लेकर समीक्षा बैठक की। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी ने आपूर्ति विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता, वितरण और उससे संबंधित समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एलपीजी गैस की आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा क्षेत्र में चल रही उथल-पुथल और हाल ही में सरकार द्वारा जारी किए गए नए नियमों (जैसे 25 दिनों के अंतराल पर बुकिंग ओटीपी आधारित) के बीच, जिलाधिकारी ने सुनिश्चित करने को कहा कि आम उपभोक्ताओं को रसोई गैस की कमी न हो। जिलाधिकारी ने आपूर्ति अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए नियमित छापेमारी की जाए। बैठक में गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि गैस वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल रिकॉर्ड को अपडेट रखा जाए ताकि किसी भी तरह की धांधली की गुंजाइश न रहे। बैठक के अंत में उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वे सभी प्रखंडों के आपूर्ति निरीक्षकों के साथ समन्वय बनाकर नियमित मॉनिटरिंग करें और साप्ताहिक रिपोर्ट उपलब्ध करायें। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ, मोहनियां सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी एलपीजी गैस विक्रेता उपस्थित थे।

# यूजीसी नियमों के विरोध में 15 मार्च को डिहरी में होगी 'जन चेतना रैली' : राजन राज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय सवर्ण कल्याण मोर्चा की ओर से बुधवार को नील कोठी स्थित चंद्रराज वाटिका में प्रेस-वार्ता आयोजित कर एक बड़े आंदोलन की घोषणा की गई। मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी तथा राजन राज ने बताया कि 15 मार्च को डिहरी में 'जन चेतना रैली' निकाली जाएगी जो केंद्र सरकार के हालिया यूजीसी नियमों के विरोध में आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस रैली में सवर्ण समाज के हजारों लोग शामिल होंगे। उनका आरोप है कि यूजीसी के नए नियमों के माध्यम से सवर्ण समाज के साथ अन्याय किया जा रहा है और उनके भविष्य तथा आने वाली पीढ़ियों को गलत दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज का देश के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन आज उसके अस्तित्व को समाप्त करने की साजिश की जा रही है जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य राजन राज एवं अधिवक्ता मनीषा दुबे ने भी यूजीसी के नए कानून का विरोध करते हुए कहा कि यह नियम छात्रों को अपराधी के रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि यह कानून बच्चों के संस्कार, पारिवारिक मूल्यों और उनके जीवन जीने के अधिकार पर भी चोट करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नीति विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों और उनके परिवारों के अस्तित्व को दबाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि 15 मार्च को झारखंडी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शहर में विशाल रैली निकाली जाएगी जिसके माध्यम से यूजीसी के नियमों को वापस लेने की मांग की जाएगी। प्रेस-वार्ता के दौरान ब्रह्मेश्वर नाथ उर्फ काली बाबू, सम्राट कुमार उर्फ सोनू सिंह, अनिल मिश्रा, पंकज ओझा, मोनू पांडेय, अंबुज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स के सेक्रेटरी बने अमित कुमार 'आर्या'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** चैंबर ऑफ कॉमर्स रोहतास इकाई के द्वारा समाजसेवी एवं युवा उद्यमी अमित कुमार आर्या को संस्था का सेक्रेटरी मनोनीत किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उन्होंने संस्था के जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद प्रसाद के साथ-साथ सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। नवमनोनीत सेक्रेटरी अमित कुमार 'आर्या' ने कहा कि यह पद उनके लिए केवल एक दायित्व नहीं बल्कि संस्था द्वारा व्यक्त किए गए विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स का मुख्य उद्देश्य जिले के व्यापार और उद्योग को सशक्त बनाना, व्यापारियों की समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा युवाओं को व्यापार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह संस्था सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करती रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, जनसेवा, राहत कार्य तथा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से चैंबर ऑफ कॉमर्स समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। अमित कुमार आर्या ने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा व्यापारियों और समाज के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे।

# दो नामजद अभियुक्तों को निरोधात्मक कार्रवाई में भेजा गया कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना पुलिस ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय में भेज दिया। इस संबंध में इंद्रपुरी थाना अध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने बताया कि इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 43/26 के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त कमलेश दुबे उर्फ बबलू दुबे (उम्र लगभग 42 वर्ष), पिता राधेश्याम दुबे तथा रजनीकांत दुबे (उम्र लगभग 26 वर्ष), पिता सुरेंद्र दुबे, दोनों निवासी ग्राम विश्रामपुर, थाना इंद्रपुरी, जिला-रोहतास को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों के विरुद्ध बी.एन.एस.एस. की धारा 126/170 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें बाउंड डाउन कराने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी, डिहरी के न्यायालय में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है।

# बिजली विभाग ने दर्ज कराई प्राथमिकी, लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने दो उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराई है और जुर्माना लगाया है। गीधा गांव के हरी नारायण चौधरी पर 26711 रुपये की राजस्व क्षति का आरोप है जबकि नावाडीह गांव के अजय साह पर 12663 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि सरकार ने 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी है, लेकिन कुछ उपभोक्ता बिजली चोरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित रखने के लिए समय पर बिजली बिल का भुगतान करना जरूरी है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई.ब्रवीम ने बताया कि बकाया बिजली बिल के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं जो नियमित रूप से जांच और कार्रवाई कर रही हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करें और बिजली चोरी से बचें। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करें और बिजली चोरी जैसे अवैध कार्यों से बचें, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गीधा गांव के हरी नारायण चौधरी ने मुख्य सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तार जोड़ते हुए मीटर को बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी की थी जबकि नावाडीह गांव के अजय साह ने बिना वैध विद्युत कनेक्शन लिए एलटी पोल से अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली चोरी की थी। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। विभाग की इस कार्रवाई से बिजली व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है।

# नई एंबुलेंस सेवा की शुरुआत

## एम्बुलेंस दिनारा विधानसभा के लोगों के लिए एक बड़ा उपहार : आलोक सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा में एक नई एम्बुलेंस की शुरुआत की गई जो स्वास्थ्य सेवा को और मजबूत बनाने में मदद करेगी। विधायक आलोक कुमार सिंह के द्वारा इस नई एंबुलेंस सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया किया गया। इस एम्बुलेंस के शुरू होने से आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में तेज और बेहतर सुविधा मिलेगी। विधायक आलोक कुमार सिंह ने कहा कि यह एम्बुलेंस दिनारा विधानसभा के लोगों के लिए एक बड़ा उपहार है जो उनकी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाएगा। एम्बुलेंस की शुरुआत के मौके पर ग्राम पंचायत गुनसेज मुखिया मुरलीधर दुबे, तेनुअज ग्राम पंचायत मुखिया अमित राय और कई ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक आलोक कुमार सिंह ने कहा कि उनका संकल्प है कि दिनारा विधानसभा के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। वहीं एम्बुलेंस की शुरुआत से दिनारा विधानसभा के लोगों को आपातकालीन स्थिति में तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी जिससे उनकी जान बचाई जा सकेगी। यह एम्बुलेंस दिनारा विधानसभा के लोगों के लिए एक बड़ा उपहार माना जा रहा है जो यहां के लोगों के स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों एवं क्षेत्र की जनता ने प्रसन्नता जाहिर की।

# हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना की पुलिस ने हदहदवा पुल के पास से बुधवार शाम एक तस्कर को 66.16 ग्राम मादक पदार्थ हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सहायक थानाध्यक्ष संजय त्रिपाठी को सूचना मिली कि एक तस्कर भारी मात्रा में हेरोइन लेकर अंबेडकर चौक के पास पहुंच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अंबेडकर चौक पहुंच रेकी शुरू की। पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। उसे दौड़ा कर हदहदवा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक बारहपत्थर मोहल्ले का निवासी है उसके पास से 66.16 ग्राम हेरोइन और एक मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# बाजार में ऊंचे दामों पर रसोई गैस बेचने की चर्चा हुई तेज

## खुदरा रसोई गैस खरीदने वाले उपभोक्ताओं पर ज्यादा असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मध्य पूर्व के देशों में चल रहे युद्ध के कारण स्थानीय बाजारों में खुदरा रसोई गैस की कीमतें बढ़ गई हैं। बाजारों में 2 किलो और 4 किलो के रसोई गैस सिलेंडर महंगे दामों पर बेचे जा रहे हैं। खुदरा गैस खरीदने वाले निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को विशेष संकट का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि कहीं ऐसा न हो कि इसके कीमत से आम आदमी संकट से जूझने लगे। विशेषकर खुदरा गैस खरीदने वाले निम्न तबके के लोगों को विशेष संकट का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि अभी भी ऐसे बहुत से कमजोर और गरीब तबके के लोग हैं जो 2 किलो या 4 किलो रसोई गैस खरीदकर अपना खाना पकाते हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय ने मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में कमी होने की आशंका के मद्देनजर सतर्कता बरतने के संबंध में एक पत्र जारी किया है जिसे विभिन्न प्लेटफॉर्मों से वायरल किया जा रहा है। इसके अनुसार मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने की समस्या है। इससे राज्य में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति में कमी उत्पन्न होने की संभावना है। पुलिस विभाग ने अपने-अपने जिलों में इस संबंध में निगरानी रखते हुए गैस एजेंसियों, विक्रेताओं एवं पेट्रोल पंपों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने में समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखते हुए नियमानुकूल कठोर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में यह भी आशंका जताई जा रही है कि आम नागरिकों को गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में समस्या हो सकती है।


**शपथ-पत्र**

मैं अविनाश कुमार उम्र-37 वर्ष पिता-हीरा लाल चौधरी निवासी/ग्राम/ मु. बेरकप पो.-दरिहट, थाना-दरिहट जिला-रोहतास पिन नं. 821306 शपथ पूर्वक निम्न बयान करता हूं कि अविनाश कुमार मेरा नाम आधार कार्ड में 956504515200 में दर्ज है जबकि L.I.C में अशोक चौधरी S/O हीरालाल चौधरी मेरा नाम L.I.C. में 513918174 दर्ज है। अविनाश कुमार एवं अशोक चौधरी दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरा ही नाम है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 3417 दिनांक 19.02.26

**शपथकर्ता**
**अविनाश कुमार**


# रामनवमी को लेकर इंद्रपुरी थाना में शांति समिति की बैठक

## शोभायात्रा के लिए लाइसेंस अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को इंद्रपुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने की। बैठक में क्षेत्र से आए जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों तथा मोहर्रम कमेटी के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली किसी भी शोभायात्रा के लिए प्रशासन से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जुलूस के दौरान डीजे पर अश्लील या आपत्तिजनक गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही असामाजिक तत्वों और शराब कारोबारियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, ताकि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक में बडीहा गांव के पंच व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे, वार्ड सदस्य शिव पूजन सिंह, वार्ड पार्षद राजेश चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि श्रवण गुप्ता, भोला सिंह तथा सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** दिनारा विधानसभा के विधायक आलोक कुमार सिंह ने पंजरी गांव में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। यह आयोजन रविवार को पंजरी गांव में किया गया जिसमें विधायक आलोक सिंह ने यज्ञ समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ भाग लिया। विधायक आलोक सिंह ने कहा कि यह महायज्ञ क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ के माध्यम से गांव और आसपास के क्षेत्रों में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे का संदेश फैलेगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की। ध्वजारोहण कार्यक्रम में यज्ञ समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार द्वारा विधिवत पूजा-पाठ एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ ध्वज का पूजन किया गया। पूजन के बाद गाजे-बाजे, घोड़ा और हाथी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ध्वज को पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ घुमाया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पंजरी गांव में 20 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026 तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# ऑल इंडिया रेलवे शू-शाईन वर्कर्स यूनियन के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बने राजकुमार किशनराव चह्वाण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ऑल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कर्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राम ने राजकुमार किशनराव चह्वाण को यूनियन का महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजकुमार किशनराव चह्वाण की यूनियन के प्रति निष्ठावान और सामाजिक कार्यों को देखते हुए बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर राजकुमार किशनराव चह्वाण ने कहा कि महाराष्ट्र के गरीब जनता, किसानों, विधवा, विकलांगों, बेरोजगारों को अधिकार दिलाने के लिए यूनियन के साथ मिलकर काम करूंगा। महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार द्वारा गरीब जनता तक मिलने वाली सभी योजनाओं को उन तक पहुंचाऊंगा क्योंकि सरकार तो योजना घोषित कर देती है पर उस योजनाओं की जानकारी गरीब जनता तक नहीं पहुंच पाती है।

# मोबाइल छीन भाग रहे युवक को लोगों ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणी मोड़ के पास युवक को मोबाइल छीनने की कोशिश में ग्रामीणों ने पकड़ लिया। युवक ने कुछ बालिकाओं से मोबाइल छीनने की कोशिश की और भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया।


**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**

**-: मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभान्वित एवं चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/सखी मंडल/शिक्षित बेरोजगार पशुपालकों के लिये आम सूचनाः-**

पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/सखी मंडल/शिक्षित बेरोजगारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या– 05 रा0(वि0), दिनांक– 16.06.2025 द्वारा वितीय वर्ष 2025–26 में प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास योजना अन्तर्गत 06 दिवसीय पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण हेतु पशुपालकों को प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान धुर्वा, राँची में प्रशिक्षण कराने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जो निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | निर्धारित तिथि | लक्ष्य | प्राप्ति | अवशेष | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 दिवसीय दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण | प्रत्येक सप्ताह के दिन मंगलवार से सोमवार तक | 220 | 184 | 36 | मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस चयनित लाभुकों को 06 दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम प्रषिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची में जाना आवष्यक है। जिसके पश्चात ही दुधारू पशुओं का क्रय संबंधी प्रमाण पत्र के सत्यापन के उपरान्त ही दुधारू गाय क्रय की जायेगी। |

प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज, पलामू से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर पहचान–पत्र(आधार कार्ड की छायाप्रति), दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, सुस्पष्ट बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षणाथियों को अपने मूल स्थान से प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान धुर्वा राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है।

**06 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को आधार कार्ड एवं पास–बुक की मूल प्रति के साथ प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची जाना आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थियों के लिए रहना–खाना निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है एवं उनके द्वारा किये गये मार्ग व्यय रू0 100/- प्रतिदिन के दर से दैनिक भत्ता की राशि को सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।**

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
पलामू

PR 374720 District(25-26)#D



**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

**OFFICE OF THE DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PALAMAU**

**Tender Reference No: DLSA/PAL/02/2026 Dated: 10.03.2026**

Sealed tenders are invited from Interested Parties for the Preparation and Delivery of 150 pieces of the Sleevless Jacket in Blue Colour for PLVs embossing logo of JHALSA on the back side and PLVs Logo/sticker must be pasted in front of the right side of the Jacket. The Sample format is available on the website of Civil Court Palamau (https://palamu.dcourts.gov.in/).

**1. Blue Colour Sleevless Jacket 150 Units (as sample Format available on the website of Civil Court Palamau; https://palamu.dcourts.gov.in/)**

**2. Terms & Conditions**

- **Rate Quoting**: Bidders are required to quote rates on a per-unit basis.
- **Inclusions**: Rates must be inclusive of all Taxes, GST and any other applicable charges.
- **Submission:** Bidders must submit sealed quotations to the Office of the Secretary, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau.
- **Eligibility:** The bidder must be an Authorized Dealer having valid GST/PAN/TAN.
- Delivery Timeline: The successful bidder must ensure delivery of the specified Dress within 7 days from the receipt of the formal Purchase Order.
- The Size of Jacket should be in Small, Medium. Large and Xtra Large. The number of Jacket of specified size shall be mentioned in the purchase order.
- Rights Reserved: The Purchase Committee reserves the right to reject any or all bids without assigning any reason.

**3. Key Dates**

| | |
|---|---|
| Start Date of Submission | 11.03.2026 at 11:00 AM |
| Last Date of Submission | 16.03.2026 up to 05:00 PM |
| Date & Time of Tender Opening | 17.03.2026 at 01:30 PM |
| Officer Inviting Tender | Secretary, District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau. Email-dlsapalamu123@gmail.com |

For any further details, please contact the Office of District Legal Services Authority, Civil Court, Palamau, call us at 8757269596 or email us at dlsapalamu123@gmail.com

**Secretary**
**District Legal Services Authority,**
**Palamau**

PR 374692 District(25-26).D



**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**-: मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत चयनित लाभुकों हेतु आवश्यक सूचना :-**

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 (बकरा विकास योजना 8+2, सूकर विकास योजना 4+1, लेयर कुक्कुट लो इनपुट 400 चूजा, ब्रायलर कुक्कुट 500 चूजा एवं बत्तख विकास योजना) में अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को Escrow Account खुलवाने हेतु पूर्व में जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू के पत्रांक 1857 दिनांक 20.12.2025 के माध्यम से दिनांक 22.12.2025 को दैनिक अखबार में एवं संबंधित पशुचिकित्सको के माध्यम से सूचित किया जाता गया था फिर भी अभी तक शत् प्रतिशत लाभुकों के द्वारा Escrow Account नहीं खोलवाया गया है, इससे यह प्रतीत होता है कि जिन लाभुकों के द्वारा अभी तक खाता नहीं खोलवाया गया है वो या तो योजना का लाभ लेने को इच्छुक नहीं है या योजना में रूची नहीं रखते है।

अतः वैसे लाभुक जो अभी तक खाता नहीं खोलवाये है उनका नाम मुख्य सूची से हटाते हुए उनके स्थान पर प्रतिक्षा सूची के लाभुकों का चयन करते हुए योजना के लाभ से लाभान्वित किया जा रहा है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 374743 Animal Husbandry (25-26)_D

# नवादा के सभी प्रखंडों में कृषि ऋण शिविर आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उप समाहर्त्ता बैंकिंग नवीन कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति-सह-जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित हुई। उप समाहर्त्ता बैंकिंग द्वारा बैठक में जिले में चल रही विभिन्न वित्तीय और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक ने किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति, फसल ऋण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋण वितरण की प्रगति के बारे में बताया गया। राज्य सरकार द्वारा निर्देशित कृषि ऋण वितरण शिविर सभी प्रखंडों में कल दिनांक-12 मार्च 2026 को आयोजित होना है, जिसमें सभी बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और शिविर में प्राप्त ऋण आवेदन का शीघ्र निष्पादन करेंगे। उप समाहर्त्ता बैंकिंग ने सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि जिले में कृषि ऋण को बढ़ावा देने के लिए



केसीसी (पशुपालन) एवं केसीसी (मत्स्य) योजना अंतर्गत किसानों को लाभान्वित करें। स्वरोजगार योजना अंतर्गत उप समाहर्त्ता द्वारा सभी बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में वित्तीय लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसमें सभी बैंक ज्यादा से ज्यादा ऋण आवेदन का निष्पादन करें जिससे जिले का लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि अभी तक इस योजना में बैंकों द्वारा 68 लक्ष्य के विरूद्ध 61 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। उन्होंने बताया कि पीएमएफएमई योजना अंतर्गत 174 लक्ष्य के विरूद्ध 114 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि लक्ष्य प्राप्ति हेतु ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। इसलिए सभी बैंक उक्त निर्देश का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएमईजीपी एवं अन्य स्वरोजगार योजनाओं के तहत ऋण वितरण की समीक्षा की गई। स्वयं सहायता समूहों को बैंकों से जोड़ने और वित्तीय सहायता प्रदान करने की स्थिति की समीक्षा की गई। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता, बैंक शाखाओं एवं एटीएम की संख्या बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। निदेशक, आरसेटी के द्वारा यह बताया गया कि हमारे यहां से लाभुक ट्रेनिंग लेने के बाद वित्तीय सहायता के अभाव में रोजगार शुरू नहीं कर पाते हैं। अतः सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि स्वरोजगार हेतु जो भी ऋण का आवेदन आरसेटी से जाता है, उसका त्वरित निष्पादन किया जा सके। उप समाहर्त्ता बैंकिंग ने उपस्थित बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों, उद्यमियों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराएँ, ताकि जिले में आर्थिक गतिविधियाँ तेज हों। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण सुनिश्चित करने एवं सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, आरबीआई के एलडीओ मोहित कुमार, डीडीएम नाबार्ड सुशांत रौशन, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महिला हुई सड़क दुर्घटना की शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर छपरा मोड़ के समीप बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे एक महिला सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। घायल महिला सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ी थी,जिसपर स्थानीय लोगों की नजर पड़ी,तो उन्होंने डायल 112 की टीम को मदद हेतु बुलाया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने हनुमान बन अज्ञात घायल महिला को अपनी गाड़ी में लादकर अनुमंडलीय अस्पताल ले गई। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने घायल महिला का इलाज किया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल महिला को डायल 112 की टीम द्वारा भर्ती कराया गया था। साथ ही कहा कि घायल महिला विक्षिप्त बताई जा रही है,इस कारण उसका पहचान नहीं हो सका है। घायल महिला का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। वहीं डायल 112 की टीम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल महिला को रजौली बाजार क्षेत्र में घूमते हुए देखा जा रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात महिला के घायल होने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में चौकीदार की निगरानी में मरीज को नवादा ले जाने को निर्देशित किया गया था,किंतु अस्पताल परिसर में महिला के परिजन भी पहुंच गए थे और वे अपने साथ इलाज के लिए लेकर गए हैं।

# चलंत चापाकल मरम्मत दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बुधवार को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रमंडलीय कार्यालय बिहारशरीफ एवं हिलसा द्वारा आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर चलंत चापाकल मरम्मति दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या को देखते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की त्वरित मरम्मती सुनिश्चित करने के लिए चलंत मरम्मत दल का गठन किया गया है। यह दल ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर खराब चापाकलों की शीघ्र मरम्मत करेगा, ताकि आम लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए विभाग पूरी तरह सतर्क है और आवश्यकतानुसार मरम्मति कार्य लगातार जारी रहेगा। जिले के कुल इंडिया मार्क और साधारण चापाकल मिलकर कुल 24000 चापाकल है जिसमें से साधारण मरम्मति हेतु लगभग 1600 चापाकल बंद है जिसे चालू करने हेतु उक्त मरम्मती दल का गठन किया गया है। जो सभी प्रखंडों के 152 पंचायतों में भ्रमण कर मरम्मति का कार्य करेंगे, और इसकी सूचना स्थानीय जन प्रतिनिधि को भी देंगे। साथ ही कृत कार्य का सामाजिक प्रमाणीकरण भी किया जाएगा। किसी भी सरकारी चापाकल के बंद होने अथवा पेयजल समस्या की सूचना पीएचईडी कंट्रोल रूम 06112-230071 पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक फोन कर सूचना दिया जा सकता है। साथ ही संबंधित प्रखंड के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता को भी शिकायत किया जा सकता है।

# गिरियक थाना का चौकीदार बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गिरियक थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार से मिलीभगत के आरोप में एक चौकीदार पर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के निर्देश पर गिरियक थाना के चौकीदार सर्किल संख्या 1/6 सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव को सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव, पिता स्वर्गीय कमलेश गोप, ग्राम बहवलपुर, थाना गिरियक, जिला नालंदा पर अवैध बालू माफियाओं से साठगांठ रखने और उनके साथ मिलकर अवैध रूप से बालू के उत्खनन एवं बिक्री में संलिप्त रहने का आरोप था। इन आरोपों के आधार पर पहले उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। जांच के दौरान यह भी




सामने आया कि आरोपी चौकीदार के खिलाफ गिरियक थाना में कुल पांच आपराधिक कांड तथा सोहसराय थाना में एक कांड दर्ज है, जिनमें वह नामजद अभियुक्त है। मामले की विस्तृत समीक्षा और समुचित जांच के बाद आरोपों को प्रमाणित पाया गया।

उपरोक्त तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 (संशोधित 2006 एवं 2007) के नियम 14 (xi) के तहत कार्रवाई की गई।

इस क्रम में समाहर्ता-सह-जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार द्वारा चौकीदार सुरज कुमार उर्फ सुरज यादव को तत्काल प्रभाव से सरकारी सेवा से बर्खास्त (डिसमिस) कर दिया गया है।

# रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर आरओबी मरम्मत कराने का डीएम ने किया आग्रह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर रेलवे मंडल को पत्र के माध्यम से सालेपुर - नूरसराय मुख्य पथ में निर्मित आरओबी पर दोनों तरफ बहुत सारे गढ्ढा होने से क्षतिग्रस्त हो जाने तथा आये दिन आम लोगों के साथ-साथ वाहनों के दुर्घटना घटित होने की सूचना आम लोगों द्वारा दिये जाने तथा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित होन के साथ-साथ अन्य कतिपय बिन्दुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में क्षतिग्रस्त आरओबी की मरम्मती यथाशीघ्र कराने का अनुरोध किया गया था, परन्तु अभी तक क्षतिग्रस्त



आरओबी की स्थिति यथावत् है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि विषयांकित मामले को अपने स्तर से संज्ञान लेते हुये जनहित में क्षतिग्रस्त आरओबी की मरम्मती कराने की कृपा की जाय ताकि जनहित में वाहनों एवं आमजनों के आवागमन सूचारू/निर्बाध रूप से होता रहे।

# निर्धारित दर पर ही उर्वरक की बिक्री सुनिश्चित करने का डीएम ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक जिलाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा जिलेभर में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था एवं किसानों को ससमय उर्वरक उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिलेभर में वर्तमान में उपलब्ध उर्वरकों की स्थिति, मांग एवं आपूर्ति की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी प्रखंडों में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरक की बिक्री सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं के यहां नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तथा उर्वरकों के स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर का संधारण सही तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया जाए। जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि किसानों को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद जबरन नहीं दिया जाय। ऐसा करनेवाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध तुरन्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। मंत्री श्रवण कुमार के प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया कि जिले में रबी/खरीफ मौसम में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराया जाय ताकि किसानों को उर्वरक की कोई कमी नहीं हो। इसपर जिला पदाधिकारी के द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मौसम के पूर्व निदेशालय से उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया जाय ताकि ससमय किसानों को उर्वरक उपलब्ध हो सके। इस बैठक में मंत्री के प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद, उप विकास आयुक्त, नालन्दा, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था, जिला कृषि पदाधिकारी, नालन्दा/सभी जिला स्तर/अनुमण्डल स्तर/प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारी/कम्पनी के प्रतिनिधि/सभी थोक उर्वरक विक्रेता, नालन्दा जिला आदि उपस्थित थे।

# श्रम संसाधन विभाग की वेबसाइट बंद रहने से लेबर कार्डधारी परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** भारतीय मुसहर भुईंया परिवार केंद्रीय कोर कमिटी के सदस्य मुकेश मांझी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पिछले कई महीनों से बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग, पटना की वेबसाइट बंद पड़ी है। इसके कारण लेबर कार्ड के लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि लेबर कार्डधारी मजदूर योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के उद्देश्य से वसुधा केंद्र तथा अन्य साइबर कैफे की दुकानों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन वेबसाइट बंद रहने के कारण उनका आवेदन नहीं हो पा रहा है। इसके लिए



कई मजदूरों को अपनी दैनिक मजदूरी छोड़कर बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। मुकेश मांझी ने कहा कि कई लाभार्थियों ने पहले ही विवाह योजना और मातृत्व लाभ योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रखा है, लेकिन वेबसाइट बंद होने की वजह से उन्हें अब तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है। इससे लेबर कार्डधारियों में मायूसी और नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रम संसाधन विभाग की वेबसाइट का लंबे समय से बंद रहना गरीब मजदूरों के हक और अधिकारों के साथ खिलवाड़ है। श्री मांझी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और श्रम संसाधन विभाग के मंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द वेबसाइट को चालू कराया जाए, ताकि लेबर कार्डधारी मजदूरों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर माकपा करेगी प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) द्वारा आहूत आगामी 24 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में विराट प्रदर्शन को लेकर नारदीगंज बाजार में बुधवार को एक सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता पार्टी के जिला मंत्री सह सचिव दानी विद्यार्थी ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा 24 मार्च 2026 को जन आक्रोश रैली है। यह रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होगी। पांच सूत्री मांगों को लेकर पार्टी प्रदर्शन करेगी। कहा गया तमाम मांगो के साथ बिहार में कार्यरत सभी स्कीम कामगारों, आंगनबाड़ी ,आशा ,ममता,कुरियर कर्मचारी, मध्यान भोजन रसोइया आदि का स्थायीकरण व 26 हजार रुपये मासिक वेतन की मांग इस राष्ट्रीय रैली की प्रमुख मांग रखी गई है। आप सभी से अपील है कि आगामी 24 मार्च को पार्टी द्वारा आहूत जन आक्रोश रैली में अधिक से अधिक लोग पहुंचे, और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी चट्टानी एकता का परिचय अवश्य दें। मौके पर पार्टी के केंद्रीय कमिटी सचिव ए. आर. सिंधु, बिनोद कुमार, प्रो .नरेश चन्द्र, राकेश कुमार, रामयतन सिंह, राम पड़ी, सुधा सुमन, कांति कुमारी, जर्नादन कुमार समेत अन्य नेताओं ने विचार व्यक्त किये।

## युवक पर हमला, मारपीट कर नकदी व सोने की चेन छीनी

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर गांव के समीप एक युवक के साथ मारपीट कर नकदी व सोने की चेन छीन लेने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार धमौल थाना क्षेत्र के रेवार गांव निवासी संजय शर्मा का पुत्र सूरज कुमार मंगलवार की शाम लगभग छह बजे बाइक से अपने ससुराल मधुरापुर गांव स्थित उपेंद्र शर्मा के घर जा रहा था। इसी दौरान मधुरापुर के छोटा पुल के पास पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही मुंशी यादव के पुत्र शेरो यादव ने उसे रोक लिया। आरोप है कि शेरो यादव ने सूरज कुमार के पास मौजूद नकदी तथा गले से सोने की चेन छीन ली और लाठी से उसके सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया।

**पूर्व रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 06.03.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक (1) ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_47_ओटी; कार्य का नामः निम्नलिखित कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्य (क) शिवनारायणपुर स्टेशन के बीजीपी छोर पर स्टेब्लिंग लाइन का 750 मीटर तक विस्तार के साथ मेन लाइन के साथ कनेक्शन तथा सिग्नलिंग सुविधा, (ख) सकरीगली स्टेशन में ब्रेक वैन साइडिंग तथा इंजन एस्केप लाइन का प्रावधान। निविदा मूल्यः रु. 3,12,53,244.80। बयाना राशिः रु. 3,06,300। क्रमांक (2) ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_25-26_48_ओटी; कार्य का नामः बड़हरवा स्टेशन के यार्ड नवीनीकरण के प्रस्ताव के साथ लाइन सं. 1 एवं 2 के विस्तार के संबंध में एस एंड टी कार्य। निविदा मूल्यः रु. 1,98,88,429.54। बयाना राशिः रु. 2,49,500। ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः दिनांक 16.03.2026 से 30.03.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक। वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः वेबसाइट www.ireps.gov.in सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-365/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# धूमधाम से मना रेड रोज का 11वां वार्षिकोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रोह प्रखंड के कुम्हरावां गांव स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिकोत्सव बुधवार को विद्यालय प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मो. कामरान के अलावा बिहार के डोरीमोन सह सिने स्टार अनुराधा पंडित, सागर इण्डिया, शिक्षाविद अविनाश निराला, पैक्स अध्यक्ष पंकज सिंह व विद्यालय के प्रिंसिपल निवोदिता सिन्हा आदि नें संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

संचालन डा विनीता प्रिया नें किया।




इस मौके पर वक्तायों नें कहा की रेड रोज पब्लिक स्कूल इस इलाके के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिसके कारण इलाके में शिक्षा की अलख जग रही है। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति को लोगों नें खूब सराहा। मौके पर डा. सुधीर कुमार, बिंदेशवरी प्रसाद सिंह, सूरज सहनी, प्रहलाद कुमार, राजेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## हिसुआ नगर परिषद में संपत्ति कर पर ब्याज व जुर्माना माफी, 31 मार्च 2026 तक लागू योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** हिसुआ नगर परिषद ने "बिहार नगर पालिका संपत्ति कर प्रोत्साहन, ब्याज एवं शासित में छूट योजना-2025" लागू की है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 और उससे पहले के बकाया संपत्ति कर की मूल राशि जमा करने पर पुराने करों का ब्याज व जुर्माना पूरी तरह माफ होगा। योजना 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। स्व-निर्धारण नहीं कराने वाले करदाता भी इसमें शामिल हो सकेंगे। भुगतान की नमूना जांच की जाएगी; गलत जानकारी मिलने पर लाभ रद्द होगा। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं 27 वार्डों में प्रचार करेंगी और वार्ड-स्तरीय कैंप लगाए जाएंगे। तय तिथि तक टैक्सेशन नहीं कराने पर जुर्माने के साथ वसूली होगी।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 25 मार्च को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे समाहरणालय स्थित डी०आर०डी०ए सभागार, नवादा में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस संबंध में प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग नवादा श्री मनोज चौधरी द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता को तीन वर्ग समूहों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मैट्रिक/समकक्ष, इंटर/समकक्ष तथा स्नातक/समकक्ष वर्ग के विद्यार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक/समकक्ष वर्ग समूह के लिए वाद-विवाद के विषय "किताबें हमारी बेहतरीन दोस्त हैं", "उर्दू जबान- कौमी यकजहती और सकाफ्ती हम आहंगी की मिसाल" तथा "जबान इंसान को जोड़ती है" निर्धारित किए गए हैं।

इंटर/समकक्ष वर्ग समूह के लिए "अदब मुआशरे का आईना है", "ख्वातीन की तालीम और खुदमुख्तारी" तथा "आजादी की जद्दोजहद में उर्दू सहाफत का किरदार" विषय निर्धारित किए गए हैं। स्नातक/समकक्ष वर्ग समूह के लिए "उर्दू अदब में ख्वातीन का हिस्सा", "उर्दू शायरी में कौमी यकजहती का तसव्वुर" तथा "उर्दू शायरी में सूफिया-ए-कराम का तआवुन" विषयों पर वाद-विवाद आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में उर्दू भाषा एवं साहित्य के प्रति रुचि विकसित करना, अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा उर्दू भाषा के माध्यम से सामाजिक एवं सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देना है। संबंधित सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने संस्थानों से अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि प्रतियोगिता को सफल बनाया जा सके।

**पूर्व रेलवे**

विस्तृत निविदा सं. 03डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2025-26 (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली) ई-निविदा, दिनांक 10.03.2026; मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे/कोलकाता, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-टेंडरिंग हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नाम : मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता के कार्यालय हेतु साधारण सलाहकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। अनुमानित मूल्य : रु. 29,31,27,910.20; बयाना राशि : रु. 16,15,700; निविदा दस्तावेज की कीमत : शून्य; समापन अवधि : 36 महीने। बंद होने की तारीख : 21.04.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (CON-76/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मां मथुरासिनि महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** मां मथुरासिनी समिति, माहुरी मंडल नारदीगंज की ओर से बुधवार को मां मथुरासिनी महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर माहुरी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पूरे नगर में भक्ति और आस्था का माहौल बना दिया। कार्यक्रम के तहत नारदीगंज बाजार स्थित देवी स्थान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गाजा-बाजा, धर्म पताका और आकर्षक ढंग से सजे रथ पर मां मथुरासिनी की तस्वीर स्थापित कर नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालु पूरे



उत्साह के साथ माता के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा नारदीगंज बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए धर्मकांटा परिसर पहुंची। धर्मकांटा पहुंचने के बाद विधि-विधान के साथ मां मथुरासिनी की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव राजीव कुमार उर्फ राजू, कोषाध्यक्ष गौतम कुमार, रामदेव कुमार, पंकज कुमार, हेमंत कुमार, अशोक कुमार, विजय कुमार, संदीप कुमार, कृष कुमार, दीपक कुमार, पवन कुमार, रंजीत कुमार, बिट्टू, रवि, अंकित, मुरारी, राकेश, संजय कुमार, सुजीत समेत माहुरी समाज के कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक उत्सव आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सदर प्रखंड के भदोखरा गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के शारीरिक शिक्षक शिवनंदन प्रसाद के सेवानिवृत्ति के उपरांत बुधवार को सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय भारती ने की जबकि मंच संचालन का कुशल दायित्व वरीय शिक्षक विपिन कुमार ने निभाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक विभा देवी ने इस भावुक क्षण को साझा करते हुए कहा कि शास्त्रों में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा बताया गया है क्योंकि बेहतर समाज के बेहतर शिल्पकार गुरु ही होते हैं। उन्होंने स्कूली बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक अच्छे शिक्षक की मजदूरी का भुगतान तब होता है जब उनका शिष्य ऊंचे संस्कार के साथ ऊंचे पद पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा करता है। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने कहा कि शिक्षक की डांट या दंड वो आशीर्वाद है जो चोटी तक पहुंचने का रास्ता बनाता है। कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रीय गान से हुआ जबकि विद्यालय की संगीत शिक्षिका जागृति कुमारी ने अपने कोकिल कंठ के साथ साज और राग का समा बांध दिया। सम्मान सत्र में अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया जबकि विदाई सत्र में रुंधे कंठ से शिक्षक शिवनंदन प्रसाद को विदाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक की विदाई कभी नहीं होती बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ने का ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान किया जाता है। सभी वक्ताओं ने उनके लंबे सेवा अवधि की प्रशंसा करते हुए सामाजिक जीवन में प्रवेश की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य संजय भारती ने शिवनंदन भारती की निष्ठा और सेवा भावना को शिद्दत से याद करते हुए कहा कि आज मैं खुद को एकांगी महसूस कर रहा हूं किंतु उम्मीद करता हूं कि शिक्षकों और समस्त बच्चों के प्रति इनके स्नेह में कोई कमी नहीं आएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अलखदेव यादव, शारीरिक शिक्षक शिवशंकर प्रसाद, संस्कृतिकर्मी श्रवण वर्णवाल, समाजसेवी अरुण सिन्हा, सुरेन्द्र यादव , अजय महतो , देवनन्दन यादव समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

# मां मथुरासानी महोत्सव में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार बुधवार को गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में माहुरी वैश्य मंडल द्वारा आयोजित मां मथुरासानी महोत्सव तथा वजीरगंज में आयोजित मां मथुरासिनी महोत्सव 2026 में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां मथुरासानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रेम कुमार ने कहा कि मां मथुरासानी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि माहुरी वैश्य समाज द्वारा इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ मां का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश तथा क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मौके पर माहुरी वैश्य मंडल गया के अध्यक्ष संजीव कुमार पवन, सचिव अमित कुमार शाह, उपाध्यक्ष उत्तम लोहानी, रूपेश कुमार, नीरज वैश्कियार, राजनीतिक सलाहकार संजय सेठ, प्रमोद भदानी, ऋषि लोहानी, विकास कुमार, धर्मेंद्र, सूरज सेठ, मुकेश तर्वे, पिंटू चढ़नपहाड़ी, कौशल कुमार भदानी, पंकज कुमार, प्रदीप वैश्कियार सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## लखनऊ में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मगध विश्वविद्यालय की डॉ. एकता वर्मा हुईं सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**लखनऊ/गया।** विदुषी समूह ग्लोबल संस्कृत फोरम, संस्कृत विभाग एवं प्राकृत भाषा लखनऊ, नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ, महिला विद्यालय डिग्री कॉलेज लखनऊ, सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय लखनऊ तथा नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर कॉलेज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय ग्लोबल विदुषी द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। यह भव्य सम्मेलन लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय भवन के सभागार में 7 और 8 मार्च को प्रत्यक्ष माध्यम से आयोजित हुआ। सम्मेलन का विषय 'शक्ति अपनी पूर्ण कला में स्फुरित' रखा गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ता के रूप में प्रो मनु लता शर्मा, सारस्वत अतिथि के रूप में संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान प्रो हरि दत्त शर्मा, प्रो आशु रानी, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो हरप्रीत कौर, प्रो रचना दुबे, प्रो रश्मि बिश्नोई और प्रो धर्म कौर उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो मनोज दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी विद्वानों ने अपने उद्बोधन में नारी के महत्व, उसकी शक्ति और समाज में उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन ग्लोबल संस्कृत फोरम के महासचिव डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. एकता वर्मा को 'याज्ञसेनी राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के उपरांत आयोजित तकनीकी सत्र में डॉ. एकता वर्मा को आमंत्रित वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला। उन्होंने आधुनिक संस्कृत साहित्य की प्रख्यात कवयित्री पंडिता क्षमता राव के साहित्यिक अवदान पर विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने पंडिता क्षमा देवी राव के काव्य की प्रमुख विशेषताओं, संस्कृत साहित्य में उनके रचनात्मक योगदान तथा आधुनिक संस्कृत काव्यधारा में उनके विशिष्ट स्थान को उदाहरणों सहित स्पष्ट किया। डॉ. एकता वर्मा के इस व्याख्यान को उपस्थित विद्वानों और श्रोताओं ने अत्यंत सराहा।

## टेम्पो-बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड कार्यालय के समीप पेट्रोल पंप के पास बुधवार सुबह टेम्पो और मोटरसाइकिल के बीच हुई भीषण टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 48 वर्षीय रंजीत कुमार (बिजली विभाग, कोंच) के रूप में हुई है, जो ग्राम मीरा बिगहा, थाना टिकारी के निवासी थे। वह बिजली विभाग में प्रधान सारणी पुरुष के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में दो पुत्र और एक पुत्री हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार अपने सहकर्मी 22 वर्षीय रौशन कुमार (ग्राम जगदीशपुर, थाना कोंच) के साथ मंगलवार सुबह करीब 11 बजे विभागीय राजस्व कार्य के सिलसिले में क्षेत्र में उपभोक्ताओं के पास जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित टेम्पो ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान रंजीत कुमार की हालत लगातार बिगड़ती गई और रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं, रौशन कुमार का पैर फ्रैक्चर हो गया है और उनका इलाज जारी है।

## मारपीट के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** स्थानीय थाना पुलिस ने बुधवार को जोलविगहा गांव से मारपीट के मामले में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में जोलविगहा गांव निवासी पिंटु कुमार एवं रोहित केवट शामिल हैं। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर दर्ज मामले में दोनों आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। दोनों को जेल भेज दिया जाएगा।

## गोली बारी में पिंटू यादव घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना क्षेत्र के एनएच-22 पर बाल्टी फैक्ट्री के समीप रविवार रात को पुराने कांडों के आरोपी रामभजन यादव ने अपने ही गांव धर्मपुर के 32 वर्षीय पिंटू यादव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती पिंटू की हालत गंभीर बनी हुई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत गया-गोह मुख्य मार्ग पर रानी बिगहा के समीप मंगलवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रानी बिगहा निवासी रविन्द्र प्रसाद (40 वर्ष), पिता राम प्रवेश प्रसाद उर्फ किसान के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रवीन्द्र प्रसाद साइकिल से अपने खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए गया स्थित मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बुलेट सवार और उसकी मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना से गांव में शोक व्याप्त है।

## देसी कट्टा व कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और बुधवार को जेल भेजा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 10 मार्च 2026 को कोंच थाना को सूचना मिली कि ग्राम कैलाशपुर नहर पुल के पास कुछ लोग अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष सुदेह कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही पांच व्यक्ति भागने लगे जिनमें से तीन को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया जबकि दो फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर पास के पुआल की कुट्टी से एक देसी कट्टा एवं चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामद हथियार के संबंध में पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रविन्द्र यादव, ग्राम गरारी मठिया, थाना कोंच, दिनेश कुमार यादव, ग्राम इस्माइलपुर बलवापर, थाना टिकारी एवं श्याम बिंद, ग्राम छटोई, थाना मानिकपुर, जिला अरवल के रूप में हुई। इस संबंध में कोंच थाना कांड संख्या 64/26 दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## पाइप लाइन के जरिए रसोई गैस पहुंचाने की योजना खटाई में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गयाजी।** शहर में 2023 में ही पानी की तरह घर-घर पाइप लाइन के जरिए रसोई गैस पहुंचाने की योजना गया नगर निगम द्वारा 45 किलोमीटर गैस पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार को सड़क, गली कोड़ने हेतु एनओसी यानी अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं देने के कारण यह योजना वर्षों से खटाई में पड़ा हुआ है। उपर्युक्त बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, सुजीत गुप्ता आदि ने कहा कि गया जी शहर में वर्षों पहले गैस पाइप लाइन परियोजना का कार्यान्वयन केवल मानपुर के वार्ड नंबर 50, 51, 52, 53 के लगभग तीन-चार हजार घरों में ही पाइप लाइन से गैस चूल्हा जल रहा है जबकि गया नगर निगम अगर 2021 में पाइप लाइन बिछाने वाले ठेकेदार को अनापत्ति प्रमाणपत्र दे देता तो आज सभी घरों में पाइप लाइन से गैस चूल्हा जलता तथा उन्हें गैस सिलेंडर के लिए लाइन नहीं लगाने पड़ते। नेताओं ने कहा कि आज ईरान- इजराइल युद्ध के चलते भारत में कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति बंद करने, घरेलू गैस के दाम में 60 रुपया की वृद्धि, गैस बुकिंग 18 दिन के बदले 25 दिन करने के सरकारी आदेश से पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। आमजन गैस सिलेंडर के लिए नंबर में लगे हैं 1000 रुपया के जगह 2000 से 3000 तक में गैस सिलेंडर ब्लैक हो रहा है।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने एनबीडब्ल्यू वारंटी के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सत्येंद्र प्रसाद पिता स्व. रामचन्द्र प्रसाद, ग्राम हरदवन, थाना बहेरा, जिला गया, निरंजन प्रसाद पिता स्व. रामचन्द्र प्रसाद, ग्राम हरदवन, थाना बहेरा, जिला गया, माली मंडल पिता स्व. चरण मंडल, ग्राम बहेरा, थाना बहेरा, जिला-गया शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों को उनके घर से विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने के बाद सभी अभियुक्तों को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है। बहेरा थाना पुलिस द्वारा यह कार्रवाई लंबित वारंट के निष्पादन के तहत की गई है।

## फर्जी व्यक्ति द्वारा किया जा रहा खाद गोदाम का संचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** सरकारी संस्थानों में फर्जीवाड़ा भ्रष्टाचारिता की कहानी तो सरेआम सुनने देखने को मिलती रही है हद तो तब हो गयी जब फर्जी व्यक्ति द्वारा खाद गोदाम को संचालित किया जाने लगा। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। खिजरसराय प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने जिलाधिकारी गयाजी को लिखित आवेदन देकर फर्जी व्यक्ति द्वारा खाद गोदाम के संचालन पर रोक लगाने एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि खिजरसराय खाद प्रबंधक विशाल कुमार जिनका छह माह पूर्व नीमचक बथानी में ट्रांसफर हो गया वह व्यक्ति एवं एक अवैध व्यक्ति संजीत कुमार आज तक खिजरसराय खाद गोदाम का संचालन कर रहे हैं जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से जबरन अवैध राशि की उगाही की जा रही है जिससे डीलर वर्ग काफी परेशान है। लूट-खसोट फर्जीवाड़ा अपने चरम सीमा पर सर चढ़कर बोल रहा है।

## पंचायत सरकार भवन में लगा जनता दरबार, समस्याओं का हुआ समाधान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** ग्राम पंचायत आंती स्थित पंचायत सरकार भवन में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव के सौजन्य से आयोजित हुआ जिसमें पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। जनता दरबार के दौरान संजय यादव ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अंचल कार्यालय से आए कर्मियों ने भी भाग लिया और प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया। कई आवेदकों की शिकायतों का तत्काल निपटारा होने से ग्रामीणों ने संतोष जताया।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed. |
| 1. | For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026 | Shri Nitin Nabin | Special Court, Patna Kotwali, Patna PS Case no. 469/15, Pending | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | CJM, Patna Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | Do | Do | CJM, Patna Kotwali PS Case No. 1133/19 Pending | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Do | Do | सब जज–4, पटना ACJM , Patna S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13 Pending | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | Do | Do | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna Secretariate PS Case no. 56/14 Pending | U/S 188 IPC BPDP Act, 1987 | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the Election concerned in place of name of constituency.

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Nitin Nabin,** 3 Taylor Road, Patna

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026.

*Name of Constituency: For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026.

I **Nitin Nabin** a candidate for the Above mentioned election,

declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Special Court, Patna | Kotwali, Patna PS Case no. 469/15, Pending | U/S 143, 341, 188, 431, 290 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | CJM, Patna | Kotwali PS Case no. 516/2023 Under Investigation | U/S 188, 147, 149, 323, 324, 337, 338 & 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | CJM, Patna | Kotwali PS Case No. 1133/19, Pending | U/S 147, 149, 188, 291, 342, 504 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 4 | सब जज–4, पटना ACJM , Patna | S.K. Puri, Patna PS Case no. 303/13, Pending | U/S 147, 341, 323, 504, 353 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | श्रीमती माधुरी सिंह J.M. First Class, Patna | Secretariate PS Case no. 56/14, Pending | U/S 188 IPC BPDP Act, 1987 | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or Election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

संपादकीय

# प. बंगाल- निम्नस्तर की सियासत

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाने और ममता द्वारा अपनी सत्ता को बचाने के लिए जो निहायत घटिया राजनीति हो रही है, वह शर्मनाक है। भाजपा भले ही इसे न स्वीकार करे, लेकिन उसने अपनी इस राजनीति में राष्ट्रपति को भी घसीट लिया है, इस बात से स्पष्ट है कि राष्ट्रपति के प्रति अपेक्षित सम्मान शिष्टाचार न दिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बीजेपी के ईको सिस्टम ने जिन शब्दों में ममता की आलोचना की, खुद राष्ट्रपति ने जिन लफ्जों में ममता के प्रति अपनी नाराजगी जताई तथा जिस भाषा में ममता ने मोदी की बात का जवाब दिया, उससे लगता है कि अब भारतीय राजनीति में शिष्टता के सभी तटबंध टूटकर सिर्फ कचरा बह रहा है। इस ताजा घटनाक्रम से यह भी उजागर हो गया कि द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने के पीछे बीजेपी का असल मकसद पश्चिम बंगाल और झारखंड में सत्ता हासिल करना ही था, क्योंकि इन दोनों राज्यों में बड़ी संख्या उन संथाल आदिवासियों की है, जो इन राज्यों में बसते हैं और मतदाता हैं। राज्य में विस चुनाव की घोषणा के कुछ ही पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पश्चिम बंगाल यात्रा पर कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने ऐसे संवेदनशील और केन्द्र और राज्य के बीच तनावपूर्ण माहौल में पश्चिम बंगाल की यात्रा क्यों की? वो स्वयं ऐसा चाहती थीं अथवा उन्हें ऐसा करने पर मजबूर किया गया? बंगाल में ममता सरकार द्वारा प्रोटोकॉल का पालन न कर राष्ट्रपति को भाजपा एजेंट बताने से इस पद की गरिमा का कितना हनन हुआ? इन सवालों के जवाब आगे पूछे जाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विगत शनिवार को 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल होने के लिए उत्तर बंगाल गई थीं। लेकिन राष्ट्रपति की अगवानी के लिए न तो स्वयं मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी गईं और न ही उनका कोई मंत्री वहां पहुंचा। यही नहीं सम्मेलन के लिए तयशुदा स्थान को भी बदल कर छोटी जगह अनुमति दी गई। इससे व्यथित राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे पता है कि राज्यपाल का तबादला हो गया है, इसलिए वह नहीं आ सकीं। कार्यक्रम की तारीख़ पहले तय हो गई थी, लेकिन कोई बात नहीं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन हैं। लेकिन शायद वह मुझसे नाराज़ हैं। लेकिन मैं उनके अच्छे होने की दुआ करती हूं। कार्यक्रम के आयोजक नरेश मुर्मू ने भी पुलिस पर आरोप लगाया कि उन्होंने जगह चार बार बदली और राष्ट्रपति के लिए अलग शौचालय तक नहीं बनाया। कई संथालों को बिना सिक्योरिटी पास के अंदर नहीं आने दिया गया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में इसे शर्मनाक बताया। उधर ममता की पार्टी ने जवाब में कहा कि राष्ट्रपति एकाध बार बंगाल आएं तो उनका स्वागत है, लेकिन वो बार-बार क्यों आ रही हैं? उल्लेखनीय है कि ममता ने आगामी विस चुनावों के मद्देनजर बंगाली अस्मिता और एसआईआर में नाम काटे जाने को मुद्दा बनाया हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में कई आदिवासियों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। राष्ट्रपति इसे भी देखें। ममता स्वयं राज्य में एसआईआर के तहत कोलकाता में वोटर लिस्ट से बड़ी संख्या में लोगों के नाम कटने के विरोध में धरने पर बैठी हैं। गौरतलब है कि राज्य में 16 सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। पिछले विस चुनाव में भाजपा ने इनमें से 9 सीटें जीती थीं। बंगाल के आदिवासियों में से भी आधी आबादी संथालों की है। बीजेपी उनके बीच अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। राष्ट्रपति का कार्यक्रम भी उसी मकसद से था। लेकिन ममता का जवाब भी उतना ही तगड़ा निकला।

# डब्ल्यूटीओ की पूरी रावण-कथा से बाहर होना जरूरी

**अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर देश के एक बड़े हिस्से में संदेह का वातावरण है। किसानों के मन में भी संदेह है। एक तो अभी तक इस ट्रेड डील की सारी शर्तें नहीं बताई गई हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप या अमेरिका जब चाहे तब अपने मन से नई जानकारी मीडिया को देते हैं। भारत सरकार उनके बारे में ना कोई स्पष्ट खुलासा करती है न खंडन करती है। वाणिज्य मंत्री जो गोल-मोल जवाब देते हैं वह और भी संदेह पैदा करता है। वह कहते हैं कि समझौते होते हैं तो उनमें लेनदेन होता है। यह सही है। परंतु जो लेनदेन की शर्तें होती वह छिपाई नहीं जातीं। उनमें स्पष्टता होनी चाहिए। इस ट्रेड डील में कुछ खाद्यान्न के नाम लिए गए गेहूं चावल आदि। परंतु साथ में १अन्य्य भी जोड़ा गया है। यह १अन्य्य संदिग्ध और व्यापक है। इस १अन्य्य की व्याख्या कब और कौन करेगा, यह क्यों लिखा गया है ,ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर देश मांग रहा है। परंतु प्रधानमंत्री जी से लेकर पूरी सरकार मौन है। यहां तक की संसद में भी इसका खुलासा नहीं किया गया।**

**रघु ठाकुर**

मैं तो लगातार 1995 से यह कह रहा हूं कि विश्व व्यापार संगठन समझौता नई आर्थिक गुलामी का दस्तावेज है। आर्थिक गुलामी में राजनीतिक गुलामी भी शामिल होती है। आर्थिक शक्ति के बगैर न सामरिक शक्ति होती है न राजनीतिक। 20वीं सदी में साम्राज्यवाद का जो स्वरूप था वह अब बदल रहा है, बल्कि बदल चुका है। 19वीं सदी तक ताकतवर राजा या देश कमजोर देश के राजाओं को परास्त कर कब्जा करते थे। गुलाम बनाते थे। मुगल हमलावर आए तो उन्होंने भारत को जीत कर अपना साम्राज्य बनाया। अंग्रेजों ने उन्हें हराकर अपना। 20वीं सदी में साम्राज्यवाद का चेहरा बदला। बाहर से आकर शासन करने के बजाय अपने किसी पिट्ठू को सत्ता में बिठाकर देशों के शोषण का काम किया गया। 19वीं और 20वीं सदी के आरंभ तक दुनिया दो ध्रुवों या महाशक्तियों में बंटी थी। साम्यवादी कम्युनिस्ट और पूंजीवादी अमेरिका। अफगानिस्तान में रुसी प्रभाव का राष्ट्रपति था। उसके बाद अमेरिका की मदद और कट्टरता को हथियार बनाकर तालिबानों ने सत्ता हथिया ली। ईरान में शाह की अमेरिका परस्त सरकार थी। रूस ने विरोधी शक्तियों को मदद कर खमेनी की संप्रभुता वाला कट्टरपंथी शासन स्थापित कराया। शाह को हटाया। यह पिट्ठू के द्वारा सत्ता परिवर्तन का खेल और पिट्ठू सरकार बनाने का खेल जारी है। परंतु यह कुछ सीमित भी हुआ है। जहां आर्थिक और सुरक्षा दोनों मुद्दे मिल जाते हैं वहां ताकतवर देश की विरोधी सरकार को हटाकर पिट्ठू सरकार बनाई जाती है। ईरान, अमेरिका और रूस दोनों के लिए अपने-अपने तरीके से आर्थिक और सामरिक नियंत्रण की आवश्यकता है। इस प्रकार अफगानिस्तान जिओ-पोलिटिकल राजनीति और आर्थिक सामाजिक सुरक्षा के लिए रूस अमेरिका दोनों की आवश्यकता है। अमेरिका रूस दोनों के नकाब भले अलग हों परंतु उनके मूल चरित्र में कोई अंतर नहीं है। अमेरिका ने कट्टरपंथी तालिबान को मदद कर अफगानिस्तान के रूस समर्थक राष्ट्रपति को हटाया था जो इस्लामिक देश के मुखिया थे।



बदले में रूस ने ईरान के शाह को खुमेनी (खामेनेई) के इस्लामी कट्टरपंथ के सहारे हटाया जहां शाह पूंजीवादी उदार थे और खुमेनी (खामनई) शासन कट्टरपंथी।

कुल मिलाकर अमेरिका या रूस दोनों के लिए न उदारवाद की दरकार है, न लोकतंत्र की। बल्कि इन्हें अपने पिट्ठू शासकों की दरकार होती है। विदेशी शासक या पिट्ठू शासन के प्रति जन विद्रोह या जन-आक्रोश की संभावना ज्यादा रहती है। इसलिए अमेरिका की पहल पर विश्व व्यापार संगठन का दस्तावेज आर्थर डंकल ने तैयार किया। पहले इसे डंकल प्रस्ताव कहा गया। अब वह बाकायदा विश्व व्यापार संगठन का एक स्वीकृत मसौदा है जो विश्व व्यापार के नाम पर दुनिया के बड़े हिस्से की आर्थिक नीतियों को नियंत्रित कर अपने हित में रखना चाहता है। अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंगर ने तो साफ कहा था (डब्ल्यूटीओ इज नथिंग, बट द सुप्रीमेसी ऑफ अमेरिका)। उनका यह साहसिक बयान था और कटु सत्य भी। स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या के बाद कॉर्पोरेट के प्रबंधन ने और कांग्रेस की अंतः राजनीतिक समीकरणों ने स्व. नरसिंह राव को प्रधानमंत्री बनाने और स्व. मनमोहन सिंह को विश्व बैंक से लाकर भारत का वित्त मंत्री बनाने में छिपी भूमिका अदा की थी, यह एक अघोषित तथ्य है। 1996 में नरसिंह राव के हटने के बाद जब 2004 में कांग्रेस पार्टी को बहुमत की मिली-जुली सरकार बनाने का अवसर मिला तब बाकायदा मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने की भूमिका तैयार की गई जिनकी पृष्ठभूमि और मानसिक विचार पूंजीवादी संस्था विश्व बैंक के थे। वे लोकसभा के सदस्य भी नहीं थे। अपने जीवन में 10 साल राज्यसभा के मेंबर रहते हुए प्रधानमंत्री रहे। इस तथाकथित एलपीजी अर्थव्यवस्था यानी लिबरलाइजेशन-प्राइवेटाइजेशन-ग्लोबलाइजेशन की आधारशिला विश्व-व्यापार संगठन समझौते के माध्यम से नरसिंह राव के जमाने में रखी गई थी। उसका पूर्णरूप मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री बनने के बाद सामने आया। 2014 में वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाकर आगे किया गया। यह फैसला भले ही संघ या भाजपा द्वारा किया गया हो पर पटकथा दुनिया के कारपोरेट जगत द्वारा लिखी गई। इसलिए श्री नरेंद्र मोदी के कॉर्पोरेट व वैश्विक पूंजीवाद का समर्थन करने वाली नीतियां व काम गलत, अनुचित, राष्ट्रीय हितों के विरोधी तो लगते हैं परंतु आश्चर्यजनक नहीं। वे तो अपने आर्थिक आकाओं के कामों को पूरा करने वाले मुनीम मात्र हैं। जिनके पैसे से 2014 में चुनाव जीते थे। यह स्थिति भी कोई नई नहीं है। बल्कि स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने तो प्रधानमंत्री बनने के बाद सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था कि हम विश्व व्यापार संगठन के समझौता दस्तावेज को लागू करने को बाध्य हैं व संसद भी बाध्य है। मैं लगातार लोगों को बताता रहा हूं कि आने वाले भविष्य में दुनिया की कॉर्पोरेट आर्थिक शक्ति वाले देशों के दुनिया को लूटने के चार महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

पहला-हथियार और यह स्थापित तथ्य है कि अभी तक हथियारों पर दुनिया के ताकतवर देश या अमेरिका का लगभग एकाधिकार है।

चौथी-महत्वपूर्ण चीज खाद्यान्न है। दुनिया की आबादी जिस प्रकार बढ़ रही है ,उसकी खाद्यान्न जरूरतें जिस प्रकार बढ़ रही है वे बढ़ती ही जाएंगी। दुनिया के अनेक छोटे-बड़े देश अपनी खाद्यान्न जरूरत के लिए अमेरिका जैसे देशों पर निर्भर होंगे। इसके लिए पहला तरीका था कृषि वाले देशों के सिंचाई साधनों को सीमित रखना,ताकि उनकी खाद्यान्न पैदा करने की क्षमता सीमित रहे। इसीलिए जब रूस में बिखराव के बाद दुनिया एकध्रुवीय बनी तब विश्व बैंक ने सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के लिए दिया जाने वाला पैसा रोक दिया। इसके लिए कुछ एनजीओ को पैसा देकर खड़ा किया गया,उनसे बांधों का विरोध कराया गया, ताकि सिंचाई क्षमताएं सीमित रहें, और देश खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में समर्थ न हो। इसके प्रयोग दुनिया ने और भारत ने देखे हैं। जहां हजार पांच सौ करोड़ की योजनाओं को विरोध के नाम पर रोक कर न केवल विलंबित किया गया बल्कि लागत बढ़ने से अब वे योजनाएं लाखों करोड़ की खर्चे वाली हो गई हैं। बहुत सी योजनाएं तो भारत में इसलिए बंद हो गई कि विश्व बैंक ने सिंचाई के लिए पैसा देना बंद कर दिया है और सरकार के पास पैसा नहीं है। यद्यपि भारत जैसे देश अपने स्रोतों से इन्हें पूरा कर सकते हैं परंतु वैश्वीकरण की गुलाम सरकारों के द्वारा आत्मनिर्भरता के कदम उठाना कैसे संभव है? संसद में वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने बजट में बहस का उत्तर देते हुए कहा कि कांग्रेस 2013 में, इंडोनेशिया के बाली में विश्व व्यापार संगठन के मंत्री मंडलीय स्तर की बैठक में समझौता करके आ गये। समझौते के अनुसार भारत सरकार 2017 से भारत में किसान से खरीद नहीं कर सकती थी तथा पीडीएस से वितरण नहीं हो सकता था। इसका अर्थ स्पष्ट है कि अगर यह समझौता बदला नहीं जाता तो, पीडीएस को राशन कहां से आता। किसान की फसल का क्या होता? हालांकि यह भी है कि 2013 में, देश के 85 करोड़ लोगों में 5 किलो प्रति व्यक्ति राशन देने का वोट हथियाओ कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ था।

अध्यात्म

## मन को शांत रखने के उपाय



एक सेठ के पास अपार धन-संपत्ति थी, किंतु फिर भी उसके मन को शांति न थी। एक दिन किसी व्यक्ति ने बताया कि अमुक नगर में एक साधु रहता है। वह लोगों को ऐसी सिद्धि देता है, जिससे मनचाही वस्तु प्राप्त हो जाती है। सेठ उस साधु के पास के पास जाकर बोला, महाराज मेरे पास बहुत पैसा है, लेकिन मन की शांति नहीं है। साधु ने कहा कि, बेटा जैसा मैं करूं उसे चुपचाप देखते रहना। इससे तुम्हें मन में शांति करने की युक्ति मिल जाएगी।

अगले दिन साधु ने सेठ को कड़ी धूप में बिठाए रखा और खुद कुटिया में चले गए। सेठ गर्मी से बेहाल हो गया, मगर चुप रहा। दूसरे दिन साधु ने उसे कुछ भी खाने पीने को नहीं दिया और स्वयं तरह-तरह के पकवान खाता रहा, सेठ इस दिन भी चुप रहा।

तीसरे दिन सेठ गुस्से में वहां से जाने लगा तो साधु बोला, क्यों, क्या हुआ? इस बात पर सेठ बोला, महाराज, मैं यहां बड़ी आशा लेकर आया था, किंतु मुझे यहां निराशा ही मिली। इस बात के उत्तर पर साधु ने कहा, मैंने तो तुम्हें शांति की युक्ति बता दी, पहले दिन जब मैंने तुम्हें धूप में बैठने के लिए कहा और मैं स्वयं कुटिया में बैठा तो, तुम्हें बताया कि मेरी छाया तुम्हारे काम नहीं आएगी।

यह तुम्हें समझ नहीं आने पर मैंने तुम्हें भूखा रखा और खुद भरपेट खाया। उससे मैंने तुम्हें समझाया कि मेरी साधना से तुम्हें सिद्धि नहीं मिलेगी। उसी तरह शांति भी तुम्हें अपनी मेहनत और पुरुषार्थ से ही मिलेगी। मैं तुम्हारे मन को शांत नहीं कर सकता। उसके लिए तुम्हें खुद ही मन की शांति प्रदान करने वाले काम करने होंगे। यह सुनकर सेठ की आंखे खुल गई और वह साधु से आशीर्वाद लेकर अपने घर चला गया।

आपकी परेशानी, सिर्फ आपके मन की एक स्थिति है। इससे छुटकारा पाने के लिए मन को शांत रखते हुए सही उपायों पर काम भी आपको ही करना होगा।

# खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति

**अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्लाह अल खामेनेई का मारा जाना 21वीं सदी की ऐसी बड़ी घटना है जिसका प्रभाव कई रूपों में संपूर्ण विश्व पर पड़ेगा। इस्लामी शासन होने के कारण वे व्यावहारिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की भूमिका खामेनेई की नीतियों के क्रियान्वयन की रही है। अयातुल्लाह होने के कारण उन्हें विश्व भर के शिया मुसलमान अपने शीर्ष मजहबी नेता के रूप में देखते थे। पाकिस्तान,ईरान,भारत सहित कई देशों में शिया मुसलमानों का विरोध सामने है। किंतु यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के एक भी पड़ोसी देश ने ईरान का पक्ष नहीं लिया है। हालांकि पिछले वर्ष खामेनेई ने संपूर्ण विश्व के मुसलमानों की एकता का आह्वान किया था। ईरान और उसके बाहर उनके समर्थकों की कल्पना में कभी उनके इस तरह की मौत की बात नहीं आई होगी।**

**अवधेश कुमार**

पछले वर्ष जून में पहले इजरायल और बाद में अमेरिका के हमले के समय अटकलें लगी थी कि शायद वे देश छोड़कर चले गए। ऐसा हुआ नहीं। इस घटना की संपूर्ण परिणतियों का स्पष्ट पूर्वावलोकन अभी कठिन है। इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि ईरान में 1979 से इस्लामी क्रांति का एक दौर तत्काल समाप्त हो गया है।

ऐसा नहीं है कि इस्लामी क्रांति के बाद हुए परिवर्तनों ,स्थापित ढांचें, विचारधारायें समाप्त हो गई हैं पर कम से कम उस रूप में आने वाले लंबे समय तक मुक्त और स्वतंत्र शिया इस्लामी शासन नहीं हो सकता। यह कथन सामान्य क्रांतियों के संदर्भ में है कि क्रांति के शिशु ही क्रांति को खा जाते हैं। ईरान के इस्लामी क्रांति के बारे में भी तत्काल यह निष्कर्ष सही दिखता है। सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनो में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजरायल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों को शैतान कहा गया। यह व्यावहारिक तौर पर विश्व में एक इस्लामी विद्रोह की सत्ता का स्वरूप था। सच कहें तो इसी अतिवादी भाव के व्यवहार ने ईरान को उस अवस्था में पहुंचा दिया जहां उसका शांत, स्थिर, सशक्त और सुरक्षित रहना असंभव था। जब आप किसी एक देश के धरती पर नहीं रहने के अधिकार की घोषणा करेंगे और उसके अनुसार देश का व्यवहार होगा, बाहर अलग-अलग हिंसक समूह पैदा कर उसकी मदद करेंगे तो इसकी प्रतिक्रिया आपको झेलनी पड़ेगी। आखिर कोई देश ऐसे शासन को कायम रहने देने के पक्ष में क्यों होगा जो उसके अंत को अपना लक्ष्य बनाकर काम कर रहा हो? दरअसल, 7 अक्टूबर ,2023 को हमास द्वारा उत्सव मना रहे निर्दोष निरपराध यहूदियों पर हमला कर लगभग 1200 लोगों का सरेआम कत्लेआम और बंधक बना लेने की घटना ने पश्चिम एशिया खासकर ईरान इजरायल ,ईरान अमेरिका संबंधों को ऐसे मोड़ पर ला दिया जिसे अयातुल्लाह सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों ,प्रमुख कमांडरों और रक्षा मंत्री आदि की मृत्यु की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। गाजा में हमास , लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुती अयातुल्लाह के ईरान के ही गैर राज्यीय आतंकवादी समूह हैं। उस घटना ने विश्व के हर विवेकशील व्यक्ति और संतुलित राष्ट्रों को अंदर से हिला दिया। हालांकि यहूदियों के विरुद्ध इस्लामी मजहबी भाव को देखते हुए मुस्लिम देशों में आम भाव ऐसा नहीं था किंतु ईरान की तरह भूमिका दूसरे की नहीं थी।

इजरायल और अमेरिका का ऑपरेशन तभी से आगे बढ़ने लगा। लेबनान में हिजबुल्लाह तथा गाजा



में हमास को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कार्रवाई आरंभ की। हिजबुल्लाह प्रमुख नजीबुल्लाह और उसके ज्यादातर शीर्ष साथियों की मृत्यु ,उसके केंद्र काफी हद तक नष्ट होने आदि के साथ उसकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि पहले की तरह संघर्ष नहीं कर सकते थे। गाजा में भी संघर्ष जारी रहा और अपने लोगों को सुरक्षित लाने की विवशता रहते हुए भी इजरायल ने हमास के ढांचे को जितना संभव था अंत करने की कोशिश की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद कुछ समय के लिए लगा कि शायद इजरायल की उनको लेकर अपेक्षाएं गलत साबित हो सकतीं हैं। लेकिन 22 जून 2025 को अमेरिका के शक्तिशाली जीबी 57ए/बी मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेट या एमोपी जिसे बंकर बस्टर बम भी कहा जाता है, के हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण फोर्डो, नतांज और इस्फाहान न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट किया। वस्तुतः अमेरिका और इजराइल क्रमबद्ध तरीके से यहां तक पहुंचे हैं। ईरान पर पिछले एक दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों ने उसके तेल व्यापार को लगभग समाप्त कर दिया और आर्थिक संकट बढ़ता गया। डोनाल्ड ट्रंप ने उन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के उपाय किए और उनके तेवर ऐसे थे जिसका असर हुआ। इस बीच ईरान रिवॉल्यूशनरी कोर्प्स गार्ड से लेकर प्रमुख रक्षा वैज्ञानिकों आदि की हत्यायें होती रहीं । इजरायल ने भी बीच-बीच में हमले किये। हालांकि पिछले वर्ष ईरान के मिसाइल हमले से इजरायल को भारी तबाही का सामना करना पड़ा। उसके बाद ज्यादा सशक्त तैयारी का अहसास हुआ और वही किया गया।

आयतुल्लाह के मारे जाने के कुछ घंटे पहले जब डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा किया कि ईरान के बहादुर लोगों से मेरा अनुरोध है कि आप अपने घरों में रहें,चारों तरफ हमारे बम गिर रहे हैं और इस शासन से मुक्त कर आपको हम ईरान सौंप देंगे तब भी शायद बहुत बड़ी संख्या में लोगों को विश्वास नहीं हुआ होगा कि वे जो बोल रहे हैं वही करने की तैयारी से इस बार ईरान में हस्ताक्षेप हुआ है। देख लीजिए ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीश में ज्यादातर मुस्लिम देश ही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका और इजरायल का पूरा साथ दिया है। ईरान जिस तरह सऊदी अरब,बहरीन,ओमान, कुवैत,क़तर आदि सभी स्थानों के अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने के नाम पर हमले कर रहा है उसके लगता है कि हर देश उसके विरुद्ध थे। वैसे 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान का सबसे पहला और लंबा युद्ध इराक के साथ हुआ जो स्वयं शिया बहुल देश है।

अभी भविष्य की स्पष्ट तस्वीर नहीं प्रस्तुत की जा सकती। ईरान के बचे-खुचे कमांडर अपनी शक्ति से संघर्ष करेंगे, दुनिया भर के शिया अतिवादी समूह अपने स्तर से हिंसा और विरोध करेंगे, लेकिन ईरान के शासन का लंबे समय तक समूचे देश पर नियंत्रण रहना कठिन होगा। ईरान पर कब्जा कर किसी को सत्ता पर बिठाना अमेरिका के लिए कठिन है। बड़ी संख्या में ईरानी भी किसी बाहरी हस्तक्षेप वाले शासन को स्वीकार नहीं करेंगे। खामेनेई की मृत्यु के बाद तत्काल उनके प्रति सहानुभूति भी पैदा हुई है जो? लोगों की प्रतिक्रियाओ में दिख रही है।? ईरान में तुर्क, कुर्द, अज़रबैजानी अलग-अलग स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका हौसला बढ़ा है। वहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग करने वाला समूह भी बहुत बड़ी संख्या में है। इसलिए ईरान के एक निश्चित दिशा में पहुंचने के पहले वहां घटनाएं अनेक मोड़ लेंगी और हमें प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। इस्लामी शासन का ऐसा हस्र पूरी दुनिया के इस्लामवादियों के लिए सबक होना चाहिए। जो भी हो 1979 इस्लामी क्रांति के सिद्धांत वाली ऐसी शासन व्यवस्था वहां कायम नहीं रह सकती, जिसका संपूर्ण देश पर प्रभावी नियंत्रण हो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको उच्चपद सौंपा जा सकता है। रिश्तेदारों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**वृषभ**
मस्तिष्क में अनेक प्रकार के विचार चलते रहेंगे। इसका प्रयोग नये व्यवसाय के लिये भी कर सकते हैं। सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी।

**मिथुन**
आज लोगों के बीच आप लोकप्रिय रहेंगे। आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है।

**कर्क**
आज आप कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। गले में इन्फेक्शन की समस्या हो सकती है। आज आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेन्स से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। लोन सम्बन्धी मामलों को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**तुला**
कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। आज परिजनों के साथ बेहतरीन समय बितायेंगे। अनावश्यक खर्चों में नियन्त्रण पाने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक**
समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग पुनः उभर सकते हैं।

**धनु**
आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनायी हुयी योजना सफल होगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। नये कार्य की योजना बनाने के लिये दिन शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे।

**कुंभ**
आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। दाम्पत्य जीवन का असन्तोष भी आप सम्वाद के बल पर दूर कर सकते हैं।

**मीन**
दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। इस कारण अपने खर्चों पर कटौती भी करनी पड़ेगी। घर और कार्यक्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमर शहीद जुब्बा साहनी का मनाया गया 73वां शहादत दिवस

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विकासशील इंसान पार्टी के कार्यालय में बुधवार को अमर शहीद जुब्बा सहनी के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी समर्थकों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए जिलाध्यक्ष राजू बिंद ने कहा कि उनका साहस और संघर्ष आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। दरअसल बुधवार को कार्यालय में अमर शहीद जुब्बा सहनी का 73वां शहादत दिवस मनाया गया। पटना पश्चिमी ग्रामीण अध्यक्ष राजू बिंद ने उनके योगदान की सराहना की और कहा कि समाज में नफरत फैलाने वाली शक्तियों का सामना करने की आवश्यकता है। वहीं जुब्बा सहनी की प्रतिमा लगाने की बात की कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस महापुरुष ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनके पैतृक गांव तक आज भी विकास की किरण नहीं पहुंच पाई है। शहीद जुब्बा सहनी के स्मारक तक पहुंचने के लिए एक अदद सड़क तक नसीब नहीं है। लोग आज भी कच्ची राहों के सहारे वहां तक पहुंचने को मजबूर हैं। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र बिंद भदौरा, निषाद विकास संघ के प्रभारी और राकेश कुमार राही,, धनरूआ प्रखंड अध्यक्ष, बिंदा प्रसाद बिंद, मालती देवी, दुल्लार देवी , मिथिलेश कुमार, गुड्डू चौहान आदि शामिल रहे।

### हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में अवैध हथियार खरीद बिक्री मामले में पुलिस को एक अहम कामयाबी हाथ लगी है ।जहां रंगे हाथ दो व्यक्तियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में बुधवार को पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए पूरे मामला का खुलासा किया है। दरअसल बताया जा रहा है कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के महाराजक गांव के पास पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि वहां पर कुछ व्यक्ति अवैध हथियार का खरीद बिक्री कर रहे हैं, सूचना को सत्यापन करते हुए छापेमारी की गई जो मंगलवार की शाम तकरीबन 4:30 बजे के आसपास महाराज के पास दो व्यक्ति बैठे थे, जिसे तलाशी ली गई जिसमें सिंटू कुमार पिता सुरेंद्र कुमार महाराजचक के कमर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया, वहीं लालमोहन चौधरी पिता गिरजा चौधरी देवरिया भगवानगंज के कमर से एक देशी पिस्तौल बरामद की गई दोनों गिरफ्तार युवक के साथ गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है इस पूरे मामले में मसौढी थाना कांड संख्या 169/ 26 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस अपनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मसौढी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में बालिकाओं को सशक्त बनाने, बाल विवाह रोकने और कन्या भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम हैं। ये प्रतियोगिता मसौढी के उत्क्रमित मध्य विध्यालय कोरीयावां गढ स्कूल मे आयोजित की गई, जहाँ छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से सामाजिक संदेश देते नजर आये,सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन के माध्यम से बालिकाओं को विभाग से जुडी योजनाएं बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही जन जागरूकता के लिए बालिकाओं के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, बालश्रम, कन्या भ्रुण हत्या जैसे विषयों पर चित्रकला और रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मार्गदर्शन में किया गया।इसके अलावा स्कूल परिसर मे सीडीपीओ एवं कर्मचारियों के द्वारा , बेटियों के नाम पर पौधारोपण भी किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में सीडीपीओ अनिता कुमारी के अलावा स्कूल के हेडमास्टर निर्मल चौधरी, शिक्षक रेशमा फरहत, निभा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, बबिता कुमारी के अलावा छात्राओं में चैतन्य कुमारी, अंशु कुमारी, नेहा कुमारी, सुरुचि कुमारी सपना कुमारी आदि कुल 47 छात्राओं ने कार्यक्रम मे भाग लिया।

### ओलंपियाड प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय मनेर का जलवा

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता प्रखंड संसाधन केंद्र मनेर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कविता कुमारी के देख-रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सभी संकुल से प्रथम विजेता को प्रखंड स्तरीय में भाग लिया। जिसमें गणित ओलंपियाड, विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकारी प्रतियोगिता हुआ। जिसमें तीनों प्रथम विजेता का नाम जिला में भेजा जायेगा। वही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में पी.एम. श्री उच्च विद्यालय के बच्चों ने परचम लहराया। चित्रकारी में प्रथम आयुष कुमार, प्रश्नोत्तरी में रिषभ, ओलंपियाड में रिभा कुमारी ने बाजी मारी। इस विद्यालय के नोडल शिक्षिका नूतन ने सभी बच्चों का नेतृत्व किया। साथ में विद्यालय के प्रधानाचार्य राम रतन प्रसाद व शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. संजय कुमार ने सभी छात्रों को बधाई दी।

### छत से गिरकर एएसआई गंभीर रूप से जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना की पुलिस बीति देर रात्रि भदौर थाना क्षेत्र के भदौर गांव में एक शराब माफिया के घर पर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंचे तभी पुलिस की टीम घर का बंद दरवाजा खटखटा लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस जुगाड़ से छत के ऊपर चढ़ गया और फरार आरोपी की खोजबीन करना शुरू कर दी लेकिन इस दौरान आरोपी फरार हो गया और एएसआई का अंधेरे में छत के छज्जे से पैर नीचे फिसल गया और छत के ऊपर से नीचे गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद पुलिस टीम टीम अपराधी के घर छापेमारी की योजना को छोड़कर सीधे घायल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। जहां घायल पुलिस पदाधिकारी का इलाज चल रहा है संजय कुमार के बाएं पैर और कमर में चोट लगी है एक्स-रे कराए जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना भेजे जाने की तैयारी चल रही है।

### बाढ़ में गैस की कोई किल्लत नहीं पैनिक ना हो

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गैस के लिए लोगों की मारामारी के बीच बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ से राहत भरी खबर आ रही है कि बाढ़ में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं देखी जा रही है। बाढ़ की सबसे बड़ी गैस एजेंसी के कर्मी ने लोगों को पैनिक नहीं होने की सलाह दिया।गैस गोदाम इंचार्ज दीपक ने बताया कि हर दिन गैस आ रही है ,जो ऑनलाइन बुकिंग कर रहे है उनको गैस घर घर पहुंचाई जा रही है।हालाँकि गैस एजेंसी के कर्मी बता रहे है कि प्रतिदिन खपत से आधी घरेलू गैस आ रही है जिस कारण उपभोक्ता को थोड़ा बिलंब का सामना करना पड़ रहा है।नए नियमों के अनुसार अब गैस का नंबर 20 से25 दिनों के बाद नंबर लगाने की व्यवस्था है।

# बेटियों को जन्म देने वाली महिलाओं का सम्मान, धूमधाम से मना बेटी उत्सव

**विधायक ने महिलाओं को किया गया सम्मानित • 100 नवजात कन्याओं की माताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बुधवार को कोरीयावां गढ उत्क्रमित मध्य विध्यालय में बेटी जन्मोत्सव और कन्या रत्न सम्मान समारोह आयोजित किए गये, कार्यक्रम में 100 नवजात कन्याओं की माताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है,एवं उन सभी महिलाओं को बेबी किट, तौलिया व अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई है। हलांकि इससे पहले इस अवसर पर मसौढी विधायक अरुण मांझी कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर किया, मौके पर सीडीपीओ अनिता कुमारी पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर शामिल हुए। सीडीपीओ अनिता कुमारी ने कहा की बेटी में भेदभाव को दूर करना, घटते लिंगानुपात में सुधार लाना और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।वहीं विधायक अरूण मांझी ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटों के मुकाबले बेटियों को कमतर आंकने की मानसिकता को बदलना और उन्हें समान अवसर देने के लिए प्रेरित करना है।नई माताओं को पोषण किट वितरित की जा रही है ताकि माँ और बच्ची दोनों का स्वास्थ्य रहे,वहीं सशक्तिकरण के लिए महिलाओं में जोश भरते हुए आह्वान किया कि खुद को कमजोर या असहाय समझने की बजाए मजबूत बने। अपनी बेटियों को जन्म के साथ-साथ शिक्षित भी बनाए ताकि वह आगे चलकर आत्मनिर्भर बनकर विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाए। इसलिए स्वयं को तथा अपनी बेटी को हमेशा सशक्त बनाए। मातृ शक्ति संसार की आधारभूत है। साल में दो बार मनाए जाने वाले नवरात्रों में पूजा मातृ शक्ति की होती है। अगर सोच बदली तो कन्या भ्रूण हत्या या बिगड़ता लिंगानुपात जैसी समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी। बरहाल कार्यक्रम के दौरान सभी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।इसके अलावा विधायक अरुण मांझी के चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी बच्चों को भी सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर कुमारी रूबी, राधा कुमारी ,संजुक्ता प्रसाद, सुगंधा कुमारी अर्चना कुमारी समेत सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं स्थानीय ग्रामीण शामिल रहे।

# मसौढ़ी पुलिस ने मटौढा गांव से 618 बोतल विदेशी शराब की जप्त



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन शराब अभियान के क्रम में मंगलवार की देर शाम को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मटौढा गांव से बड़े पैमाने पर विदेशी शराब जप्त किया है। जिसमें तकरीबन 618 बोतल विभिन्न कंपनियों के विदेशी शराब जप्त किये गये है। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी भागने में सफल रहे, जांच पदाधिकारी ने बताया कि गश्ती दल को सूचना मिली कि मटौढा गांव स्थित एक आहार के डडेर स्थित तीनमुहानी के पास में कुछ शराब कारोबारी शराब बेच रहे हैं।सूचना सत्यापन कर टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई, जहां पुलिस को देखकर सभी शराब कारोबारी भागने में सफल रहे। घटना स्थल पर पहुंचते ही ढेर सारे कार्टून में विदेशी शराब जो विभिन्न कंपनियों के थे जिसे जप्त कर मिलान किया गया जहां 618 बोतल विदेशी शराब जो तकरीबन 283 लीटर शराब बताया जा रहा है, इस पूरे घटनाक्रम की जांच करते हुए जानकारी दी गई कि नीतीश कुमार पिता रविंद्र यादव लल्लु यादव पिता देवनंदन यादव सलेमपुर और करण कुमार पिता रामबाबू यादव मलमाचक है जो शराब कारोबारी मे लिप्त है ऐसे में इन शराब कारोबारियों को नामजद करते हूए मसौढी थाना मे प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में जुटे हैं।

## सड़क चौड़ीकरण के दौरान दर्जनों जगह वॉटर पाइपलाइन फटा लोगों को हो रही परेशानी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इन दोनों एनएच 31 का चौड़ीकरण किया जा रहा है चौड़ीकरण के दौरान रात्रि में जेसीबी मशीन के द्वारा सड़क किनारे खुदाई करने के चलते दर्जनों जगह वाटर सप्लाई पाइपलाइन फट गई है जिसके चलते लाखों लीटर पानी सड़क पर बहने लगा साथ ही पानी अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के खेल मैदान में जाकर जमा होने लगा जिसको लेकर खेल मैदान में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा फिटनेस लक्ष्य क्लब के बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं पानी अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के खेल मैदान के साथ-साथ अनुमंडलीय अस्पताल की तरफ भी बह रहा है जिसके चलते आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई महीने से सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है और अब तक गरीब तीन दर्जन जगहों पर पाइप लाइन फट चुकी है जिसे ठीक करने में कई दिन लग जाते हैं।

# पश्चिमी चम्पारण के कृषि प्रसार कर्मियों को फसल विविधीकरण का प्रशिक्षण

**फसल विविधीकरण से बढ़ेगी किसानों की आय : डॉ. संजीव कुमार**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना तथा कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 11 मार्च 2026 को कृषि प्रसार कर्मियों के लिए 'फसल विविधीकरण के माध्यम से जीविकोपार्जन में वृद्धि' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परियोजना के प्रधान अन्वेषक एवं फसल अनुसंधान प्रभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि फसल विविधीकरण अपनाकर किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं, बल्कि अपनी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक कुमार ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच फसल विविधीकरण में कृषिवानिकी को शामिल करने पर बल दिया। वहीं केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. हर्षा बी. आर. ने विभिन्न फसलों के उत्पादन एवं उर्वरता प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजन में पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ. अनुप दास का अहम योगदान रहा। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में फसल विविधीकरण किसानों की आय बढ़ाने और कृषि की स्थिरता सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है, तथा कृषि प्रसार कर्मी नई तकनीकों को किसानों तक पहुँचाकर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. जग पाल, डॉ. सौरभ दुबे, डॉ. चेलपुरी रामुलु तथा डॉ. हर्षा बी. आर. सहित अन्य कर्मचारियों का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 मार्च तक चलेगा।

# हर्ष फायरिंग में दो बच्चों को लगी गोली, एक गिरफ्तार, एक रायफल व आठ कारतूस जप्त



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के हरवंशपुर गांव में बीते 09 मार्च की रात गांव में आई बारात के द्वारा जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग के दौरान दो बच्चों की गोली लगने का मामले में एक युवा को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार युवा का नाम विकास कुमार उम्र 40 वर्ष पिता पारसनाथ सिंह बलिया औरंगाबाद है इसके साथ ही बुलबुल कुमार को भी नाम जड़ आरोपी किया गया है वही जिसके घर पर शादी समारोह हुई थी जिसमें उपेंद्र शर्मा और उनके पुत्र को भी नाम जज प्राथमिक की दर्ज की गई है बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए पूर्वी नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार ने साफ शब्दों में कहा है की हथियार चाहे लाइसेंसी हो या फिर गैर लाइसेंस से प्राथमिक तौर पर प्रदर्शन करना हर्ष फायरिंग करना पूर्ण रूप से प्रतिबंध है अगर ऐसा करते हैं तो उन पर कानूनी कार्रवाई होगी बहरहाल बताया जाता है,की बिते सोमवार की रात्री में उपेद्र शर्मा पे० ग्राम हरवंशपुर की पुत्री कुमारी पूजा का शादी समारोह था, जिसमें औरंगाबाद से गांव में बारात आई हुई थी। इस दौरान वरमाला के वक्त हर्ष फायरिंग की गई जिसमें दो बच्चों की गोली लगी थी, इस घटना के बाद लहसुना थाना में पदस्थापित चौकीदार संजय पासवान के बयान पर लड़का पक्ष के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी,दर्ज प्राथमिकी में लिखा गया है कि लड़का पक्ष के अरबिन्द सिंह उर्फ अरूण सिंह पे.-सियाराम सिंह. राघवेन्द्र धारी भारद्वाज उर्फ बबलु सिंह पिता नरेन्द्र प्रसाद सिंह, और राजेश सिंह पिता स्व पारसनाथ सिंह सभी ग्राम थाना-बन्देया, जिला औरंगाबाद, द्वारा वरमाला के समय स्टेज पर फायरिंग करने लगा, फायरिंग के क्रम में दो बच्चों को गोली लगी है। जिसमे एक व्यक्ति लड़का पक्ष राहुल कुमार का भगिना है और एक लड़की यानी दुलहन का भतीजा सत्यम कुमार( 7 वर्ष) पिता विकास कुमार है जिसके दहिना हाथ कलाई में गोली लगा है, दोनो पक्षों के द्वारा अपने अपने घायल व्यक्तियों को इलाई हेतु अस्पताल भेजा गया है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों की कड़ी में बुधवार को बाढ़ नगर के संत शिरोमणि कबीर बस्ती (काजीचक) में स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन के साथ साथ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के जिला संघचालक डॉ. अंजेश कुमार का बौद्धिक प्राप्त हुआ तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी प्रसाद ने किया । जिला संघचालक डॉ. अंजेश कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने सम्मेलन के दौरान संघ द्वारा बताए गए पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य पर विशेष चर्चा की गयी। वक्ताओं ने लोगों से आग्रह किया कि वे इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर समाज की उन्नति में योगदान दें।

## व्यवहार न्यायालय परिसर के पास सड़क पर शौच का अंबार

**नगर पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल**



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज नगर पंचायत क्षेत्र के रामपुर नगवां स्थित नव-निर्मित व्यवहार न्यायालय एवं जजेज आवास के समीप सड़क पर खुले में शौच की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। सड़क के किनारे और आसपास शौच का अंबार लग जाने से पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है, जिससे स्थानीय लोगों वहां काम करने आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) अभियान को सफल बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत क्षेत्र में ही इस तरह की स्थिति स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोलती नजर आ रही है। व्यवहार न्यायालय और जजेज आवास जैसे महत्वपूर्ण परिसर के पास गंदगी का यह आलम प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से व्यवहार न्यायालय के निरीक्षण के लिए जिला जज के साथ-साथ स्थानीय सब जज, विभिन्न अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मचारी का भी लगातार आना-जाना होता है। इसके बावजूद नगर पंचायत की ओर से न तो नियमित सफाई की समुचित व्यवस्था की जाती है और न ही खुले में शौच पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है।

# अनुग्रह नारायण महाविद्यालय में 21 दिवसीय नाट्यशाला का उद्घाटन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हिंदी विभाग,अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना और कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय नाट्यशाला का उद्घाटन समारोह दिनांक 11 मार्च 2026 को महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवि आलोक धन्वा थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में महात्मा गांधी पूर्व कुलपति, अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रो. कृष्ण कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या रेखा रानी ने की।इस नाट्य कार्यशाला के समन्वयक कलानाथ मिश्र और सह-समन्वयक डॉ विधा भूषण और डॉ कुमार वरूण हैं। नाट्य कार्यशाला निर्देशक के तौर पर डॉ. कुमार विमलेन्दु सिंह और कुंदन कुमार मौजूद रहें। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो. रेखा रानी ने भारतीय नाट्य परंपरा का उल्लेख करते हुए नाट्यशास्त्र को 'पंचम वेद' की संज्ञा दी और उसके सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्त्री के प्रति समाज के दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए आलोक धन्वा की प्रसिद्ध कविता 'भागी हुई लड़कियां' का संदर्भ दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवि आलोक धन्वा ने अपने संबोधन में कहा कि स्त्री के बिना दुनिया को समझना संभव नहीं है, क्योंकि वही जीवन का मूल स्रोत वहीं है। उन्होंने कहा कि भाषा अपनी पहचान भाव से प्राप्त करती है और स्त्री जितनी निकट आएगी, दुनिया को समझने की संभावनाएँ उतनी ही व्यापक होंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व कुलपति,महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय , वर्धा) ने मोहन राकेश के नाटकों की आधुनिकता और उनके पटना से संबंध पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रसिद्ध रचना अंधेरे बंद कमरे की चर्चा की। इस अवसर पर कार्यशाला के सह समन्वयक डॉ कुमार वरुण ने कहा कि व्यक्तित्व का विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं, बल्कि विभिन्न रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों से भी होता है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार ने किया। । यह 21 दिवसीय नाट्यशाला विद्यार्थियों में रंगमंचीय संवेदना, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## टी.पी.एस. कॉलेज पटना में अनाज प्रोफाइलिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा LGEC (Local Government Examination Cell) एवं IQAC (Internal Quality Assurance Cell) के संयुक्त तत्वावधान में 'अनाज प्रोफाइलिंग' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10 से 12 मार्च 2026 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि गुणवत्ता समायोजित उत्पादकता आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मानव संसाधन को संपत्ति के रूप में देखने की बात कही, जिसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहा जाता है। मानव पूंजी का स्वस्थ रहना आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। अनाज प्रोफाइलिंग के माध्यम से कृषि में प्रीमियम उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं, जिससे आर्थिक मूल्य में वृद्धि होती है। कुपोषण से उत्पादकता में हानि होती है और यह बायोइकोनॉमिक्स का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो गरीबी एवं भुखमरी को समाप्त करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इस कार्यशाला की कोऑर्डिनेटर डॉ. शशि प्रभा दुबे (सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग) हैं। इस कार्यशाला में एचपीएलसी एवं यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर पर व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्री सुब्रत दास ने कहा कि अनुसंधान कार्य के लिए अवलोकन, सोच (क्रिटिकल, डाइवर्जेंट या कन्वर्जेंट थिंकिंग) तथा सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में चल रहे फोटो रिएक्टर प्रोजेक्ट पर भी प्रकाश डाला।

# पालीगंज व्यवहार न्यायालय बनकर तैयार, फिर भी उद्घाटन का इंतजार

अशोक कुमार

**जनता को अब भी दानापुर कोर्ट का सहारा**





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना जिले के अंतिम छोर पर स्थित पालीगंज में निर्मित अत्याधुनिक व्यवहार न्यायालय भवन पूरी तरह बनकर तैयार होने के बावजूद अब तक उद्घाटन की प्रतीक्षा में है। निर्माण कार्य पूर्ण होने और तकनीकी खामियों को दूर कर दिए जाने के बाद भी यहां न्यायिक कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्र के अधिवक्ताओं और आम लोगों में निराशा देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, न्यायालय भवन के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद उद्घाटन से पूर्व निरीक्षण के लिए पहुंचे जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव तथा तत्कालीन जिलाधिकारी पटना डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने संयुक्त रूप से भवन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान भविष्य में संभावित समस्याओं को देखते हुए भवन में कुछ तकनीकी खामियां पाई गई थीं। इसके बाद भवन निर्माण विभाग को दिसंबर से पहले आवश्यक बदलाव कर सभी खामियों को दूर करने का निर्देश दिया गया था, ताकि न्यायालय में नियमित न्यायिक कार्य शुरू किया जा सके। विभाग द्वारा खामियों को दूर कर दिए जाने के बावजूद अब तक न्यायालय भवन का उद्घाटन नहीं हो सका है। बताया जाता है कि पालीगंज व्यवहार न्यायालय भवन का शिलान्यास वर्ष 2019 में करीब 19 करोड़ 14 लाख रुपये की लागत से किया गया था, और इसे 18 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। भवन में में खामियों को दूर करने के लिए अलग से राशि दिया गया था। न्यायालय भवन के अलावा उपकारा का निर्माण 34 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। जजों के आवास के लिए 6 करोड़ 40 लाख 511 रुपये की लागत से 12 फ्लैटों का निर्माण कराया गया है। वहीं कैदियों की पेशी के लिए 2 करोड़ 89 लाख 20 हजार रुपये की लागत से हाजत भवन का निर्माण किया गया है। अधिवक्ताओं के कार्य के लिए अलग अधिवक्ता भवन भी बनाया गया है। पालीगंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि पालीगंज में फुल फ्लेज कोर्ट भवन, अधिवक्ता संघ भवन, हाजत भवन, जेल तथा जजों के आवास पूरी तरह बनकर तैयार हैं। इसके बावजूद किसी कारणवश अब तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता और क्षेत्र की जनता लंबे समय से न्यायालय के शुरू होने का इंतजार कर रही है। पांच मंजिला इस आधुनिक न्यायालय भवन में कुल 15 कोर्ट रूम, जजों के चैंबर, कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, एक कॉन्फ्रेंस हॉल, एक पुस्तकालय तथा दो बड़े सभाकक्ष बनाए गए हैं। भवन के ग्राउंड फ्लोर पर एक जज कक्ष और कार्यालय बनाया गया है। प्रथम तल पर चार कोर्ट रूम, चार चैंबर, दो कार्यालय, एक कॉन्फ्रेंस रूम और एक वेटिंग एरिया है।

## ईरान-इजराइल युद्ध का असर: मसौढ़ी में गैस सिलेंडर के लिए सुबह 5 बजे से लगी लंबी लाइन, उपभोक्ता परेशान



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईरान-इजराइल युद्ध का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों मे दिखने लगी है जहाँ मसौढी में गैस लेने के लिए सुबह 5:00 से लंबी लाइन लगी हुई है, वही गैस एजेंसी पर गैस उपभोक्ताओं की भारी संख्या में भीड़ उमड पड़ी है। अफरा तफरी का माहौल हर तरफ दिख रहा है। गैस उपभोक्ताओं की माने तो सुबह 5:00 से लंबी लाइन लगाकर गैस लेने के इंतजार में बैठे हुए हैं लेकिन अभी तक गैस की गाड़ी नहीं पहुंची है। इसके अलावा बुकिंग लगाने में भी परेशानी हो रही है, जिसको लेकर गैस एजेंसी पर गैस उपभोक्ताओं के बीच टशन चल रही है, हर कोई अपनी बुकिंग करवाने को लेकर परेशान दिख रहे हैं।संभावित गैस संकट की आशंका के चलते मसौढी में घरेलू गैस सिलेंडरों की मांग अचानक बढ़ गई है। अचानक बढ़ी मांग के कारण गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है और लोगों को सिलेंडर के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।हालात यह है कि जहां पहले प्रतिदिन प्रति एजेंसी करीब 136 सिलेंडरों की बुकिंग होती थी, वहीं अब यह संख्या बढ़कर करीब 400 से अधिक तक पहुंच गई है. अचानक बढ़ी मांग के कारण गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है और लोगों को सिलेंडर के लिए घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी के कर्मचारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडर की बुकिंग बढ गई है। सामान्य दिनों में प्रतिदिन करीब 100 उपभोक्ता ही सिलेंडर बुक कराते थे, लेकिन युद्ध से जुड़ी खबरों के बाद लोगों में गैस की कमी को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी कारण अब रोजाना लगभग 250-300 बुकिंग हो रही हैं। जिस भीड़ को संभालना मुश्किल हो रहा है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की बाइक के साथ 180 बोतल नेपाली शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना क्षेत्र में चोरी की बाइक के साथ 180 बोतल नेपाली शराब के साथ एक शराब कारोबारी को दबोच लिया गया। जिनमें प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की थी। कुल 54 लीटर अवैध शराब बरामद हुई।जीतना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारी मात्रा में नेपाली कस्तुरी शराब की खेप लाया जाने वाला है।सूचना के आलोक में त्वतरित कारवाई करते हुए जवानों



व चौकीदारों के मदद से घेराबंदी कर उक्त शराब कारोबारी को बिजबनी बरैया पोखर के पास से पकड़ा गया। जिसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल व शराब बरामद हुई, पकड़े गए शराब कारोबारी की पहचान जीतना थाना क्षेत्र के अगरवा गांव निवासी कमल पासवान के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। कारोबारी ने पूछताछ में बताया कि उसकी योजना नेपाल से शराब लाकर किसी को देने की फिराक मे था।पकड़ा गया चोरी की बाइक को लेकर जीतना थाना में काण्ड संख्या 55/26 दर्ज कराई गई है। पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी है।

### प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कुमार सिंह को रक्सौल थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, बेहतर कार्य कुशलता, व्यवहारिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से पुलिस महकमे ने एक महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत कुमार सिंह को रक्सौल थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व हेमंत कुमार सिंह मोतिहारी स्थित पुलिस कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे 2024 बैच के हैं। इस नियुक्ति के साथ ही तत्कालीन थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को उनके पद से हटा दिया गया है।

### राजद ने प्रमंडल प्रभारियों की घोषणा की

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय जनता दल ने संगठन को मजबूत करने और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के प्रस्तावित बिहार विधानसभा भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमंडलवार प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने प्रदेश महासचिव फैयाज आलम कमल को मिथिलांचल तथा प्रदेश महासचिव संजय यादव को तिरहुत प्रमंडल का प्रभारी बनाया है।घोषणा के बाद पश्चिम चंपारण राजद के जिलाध्यक्ष साहब हुसैन अंसारी, जिला प्रधान महासचिव अमर यादव और मुख्य प्रवक्ता प्रभु यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी। नेताओं ने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन और मजबूत होगा तथा तेजस्वी प्रसाद यादव के आगामी बिहार भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद मिलेगी। राजद के मुख्य प्रवक्ता प्रभु यादव ने बताया कि ईद के बाद प्रमंडल प्रभारी का बेतिया आगमन प्रस्तावित है, जहां पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

### सिकरहना एसडीओ के औचक निरीक्षण में कई कर्मी मिले गायब, कार्रवाई हेतु अनुशंसा

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकरहना अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार द्वारा बुधवार को बनकटवा प्रखंड कार्यालय,अंचल कार्यालय, आंगनबाडी कार्यालय, मनरेगा कार्यालय और पीएचसी का औचक निरक्षण किया गया. औचक निरीक्षण के दौरान पांच



कर्मी बिना सूचना के गायब मिले. अचानक हुए निरीक्षण की सूचना मिलते ही कर्मियों में हड़कंप मच गया. सिकरहना एसडीओ द्वारा किए गए जांच में प्रखंड कार्यालय बनकटवा के लिपिक अभिषेक कुमार,बाल विकास परियोजना कार्यालय बनकटवा के लिपिक जगत सिंह,अंचल कार्यालय बनकटवा के नाजिर विजय कुमार, आरटीपीएस बनकटवा के कार्यपालक सहायक धर्मेंद्र कुमार राम व डाटा एंट्री ऑपरेटर सत्येंद्र कुमार अनुपस्थित मिले.इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर एसडीओ श्री कुमार ने बताया कि अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है. वहीं जवाब दो दिन के अंदर नही मिलने पर विभागीय करवाई हेतु वरीय अधिकारियों को पत्र लिख कर अनुशंसा की जाएगी।

### प्रशिक्षु आईपीएस को योगापट्टी की कमान

नगर थानाध्यक्ष समेत कई पदाधिकारियों का तबादला

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस जिला में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय के स्वीकृति के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने कई थानाध्यक्षों और पुलिस पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 2024 बैच के प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी कार्तिकेयन एके को योगापट्टी थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सन्नी दयाल को मैनाटांड़ थाना का कमान मिला है।



निरीक्षक धीरज कुमार को योगापट्टी अंचल से स्थानांतरित कर एसपी ने नगर थाना के थानाध्यक्ष के पद की जिम्मेवारी सौंपी है। नगर थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को तकनीकी शाखा में प्रभारी बनाया गया है, साथ ही उन्हें योगापट्टी अंचल के पर्यवेक्षी पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। जबकि योगापट्टी के थानाध्यक्ष अभिराम सिंह को एसपी ने पुलिस केंद्र बुला लिया है। वही पुलिस केंद्र में पदस्थापित ध्रुव नारायण को योगापट्टी थाना का अपर थानाध्यक्ष बनाया गया है। जगदीशपुर थाना के थानाध्यक्ष सौम्य कुमार को भी पुलिस केंद्र में पदस्थापित किया गया है। महिला थाना में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक निशी कुमारी को जगदीशपुर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मैनाटांड़ थाना के थानाध्यक्ष शंभू शरण गुप्ता को पुलिस केंद्र में योगदान देने को कहा गया गया है। यह फेरबदल बेहतर पुलिसिंग को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को और अधिक कारगर बनाया जा सके।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026, पांच युवा राज्य स्तर के लिए चयनित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत पश्चिम चंपारण द्वारा एमजेके कॉलेज, बेतिया में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बेतिया नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं की ऊर्जा और सकारात्मक सोच से विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है।कार्यक्रम की शुरूआत यूथ कनेक्ट सत्र से हुई, जिसमें युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के यूथ आइकॉन आदित्य मधुकर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और माईभारत पोर्टल की जानकारी दी।इसके बाद आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख विषय पर यूथ पार्लियामेंट का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने सदन की शैली में अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में डॉ. प्रदीप कुमार, कुमार रवि रंक, डॉ. कृष्ण कुमार कृष्ण और डॉ. दिवाकर राय शामिल रहे। मौके पर एपीए देवराजी शाह, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

### बच्चों के खेल के विवाद में केस दर्ज,पांच गिरफ्तार

**मैनाठांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाना के नगरदेही गांव में बच्चों बच्चों के खेल के बीच हुई विवाद में दोनों पक्षों की ओर से कुल 16 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रोशन कुमार ने बताया कि रुकुम गदी के आवेदन पर 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। जबकि दूसरे पक्ष के हसनतारा खातून के आवेदन पर नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फैतुल्लाह गंदी,रूकूम गंदी,शेख मेराज शेख अफताब एंव शेख महताब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# विभागीय अधिकारियों की टीम ने किया एकमा अंचल कार्यालय का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**छपरा (सारण)।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर बुधवार को एकमा अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सारण के अपर समाहर्ता के साथ पटना से आए विभागीय अधिकारियों ने अंचल कार्यालय में संचालित राजस्व कार्यों की समीक्षा की। विभागीय आदेश के अनुसार निरीक्षण के लिए गठित टीम में सारण के अपर समाहर्ता के साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना से उप सचिव देवेश कुमार तथा प्रशाखा पदाधिकारी सुनील कुमार पासवान शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अंचल कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं राजस्व कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू से राजस्व से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान दाखिल-खारिज, भू-अभिलेख संधारण, भूमि परिमार्जन, अतिक्रमण से संबंधित मामलों तथा लंबित राजस्व मामलों की स्थिति की समीक्षा की गई। राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू ने अधिकारियों को बताया कि विभागीय निदेशों के अनुरूप अंचल कार्यालय में राजस्व संबंधी कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा आम लोगों को समय पर राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

# नेशनल लोक अदालत को लेकर जागरूकता रथ रवाना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इस क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी ने बेतिया व्यवहार न्यायालय परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला जज ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अपने सुलहनीय मामलों के निपटारे के लिए जागरूक करेगा। साथ ही लोगों को यह भी बताया जाएगा कि लोक अदालत के जरिए मामलों का निपटारा कराने से समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति और संतुष्टि के आधार पर वादों का निपटारा किया जाता है, जिससे आपसी सौहार्द और भाईचारा भी कायम रहता है। यह व्यवस्था न्याय प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाती है।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि लोक अदालत आम लोगों के लिए न्याय तक आसान पहुंच का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जो पक्षकार अपने मामलों का निपटारा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं, वे 13 मार्च तक संबंधित न्यायालय में आवेदन दे सकते हैं, ताकि उनके मामलों को 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रखा जा सके।इस मौके पर बेतिया व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित सभी न्यायिक पदाधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

**जिला जज ने दिखाई हरी झंडी**




### नरकटियागंज के 30 जर्जर आंगनबाड़ी भवनों का होगा जीर्णोद्धार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में आईसीडीएस के तहत संचालित वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जो आंशिक रूप से जर्जर हो चुके हैं, उनके जीर्णोद्धार का रास्ता साफ हो गया है। इन भवनों की मरम्मत अब पंचायत मद, पंचायत समिति और जिला परिषद मद से कराई जाएगी। जानकारी देते हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्या ने बताया कि जिला मुख्यालय से आंशिक रूप से जर्जर 30 आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची प्राप्त हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन केंद्रों का प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन करते हुए जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## बलिया व अतरसन पंचायतों में पैक्स चुनाव को लेकर तस्वीर साफ

**सदस्य पद के दोनों पंचायतों में सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित**

**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड की बलिया व अतरसन पंचायत में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के बाद बुधवार को अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसके साथ ही दोनों पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबले की तस्वीर स्पष्ट हो गई है, जबकि सदस्य पद के सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। बलिया पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए योगेंद्र भारती व संजीव कुमार भारती के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं सदस्य पद के लिए नामांकन करने वाले सभी उम्मीदवार



निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। उधर अतरसन पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार सिंह, मंजू देवी व बिरेश सिंह चुनाव मैदान में हैं। यहां भी सदस्य पद के लिए सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि दोनों पंचायतों में 18 मार्च को मतदान कराया जाएगा। मतदान संपन्न होने के बाद मतों की गिनती कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

### जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर पंचायत सचिवों व कार्यपालक सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभाकक्ष में बुधवार को जीवनांक सांख्यिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवों और कार्यपालक सहायकों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों को जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के सामाजिक और कानूनी महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुँच सके। सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी मनीष कर एवं राजेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में निबंधन की बारीकियों को साझा किया गया।

# सीओ, आरओ एवं राजस्व कर्मचारी के हड़ताल पर जाने से भूमि संबंधी कार्य ठप

**17 सूत्री मांगों के समर्थन में 11 फरवरी से राजस्व कर्मचारी जबकि 9 मार्च से सीओ और आरओ है हड़ताल पर**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीओ, आरओ एवं राजस्व कर्मचारी के सामूहिक हड़ताल पर चले जाने से प्रखंड क्षेत्र के आम लोग काफी परेशान और हताश है। हड़ताल के कारण जमीन संबंधी कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। रोजाना सैकड़ों लोग अंचल कार्यालय का चक्कर काटकर अपने घर लौट जा रहे है। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अंचल के राजस्व कर्मचारी 11 फरवरी से हड़ताल पर है। जबकि अंचलाधिकारी (सीओ) एवं राजस्व अधिकारी (आरओ) 9 मार्च को दोबारा हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल पर जाने से जमीन का परिमार्जन, दाखिल खारिज, भू स्वामित्व प्रमाण पत्र बनाने, लगान अघतन करने, आर.ओ.आर, आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्यों को लेकर लोगों को अंचल कार्यालय में इधर उधर भटकते देखा गया। इधर राजस्व कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि कर्मचारी संघ द्वारा 9 फरवरी को एकदिवसीय धरना व सरकार को 17 सूत्री मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद भी सरकार ने कोई सम्मानजनक समझौता नहीं किया। जिसके कारण 11 फरवरी से सामूहिक हड़ताल पर है। बिहार सरकार हमलोगों की जायज मांगों को नजरअंदाज कर रही है। जब तक हमारी मांगों को सरकार पूरा नहीं करती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारी को कार्य योग्यता के आधार पर वेतन सुधार करते हुए वेतनमान 1900 के स्थान पर 2800 किया जाए। सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी को अपने गृह जिला में पदस्थापित किया जाए। राजस्व कर्मचारियों को बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति बनाने से मुक्त किया जाए। इसके अलावा कर्मचारी की सुरक्षा एवं सम्मान की गारंटी सुनिश्चित किया जाए सहित अन्य मांग शामिल हैं। मौके पर राजस्व कर्मचारी सुमन सौरव कुमार, सुरजीत कुमार, नीतीश कुमार, राजेश कुमार, पंकज कुमार, प्रेम कुमार, चंदन झा आदि उपस्थित थे।

### इलाज के दौरान बेतिया में किशोरी की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के डीके शिकारपुर गांव की एक किशोरी की इलाज के दौरान बेतिया जीएमसीएच में मौत हो गई। मृतका की पहचान मृत्युंजय साह की पुत्री संजना कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।परिजनों के अनुसार, सोमवार को किशोरी की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। आनन-फानन में उसे नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे बेतिया ले गए जहां मंगलवार को जीएमसीएच अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर ले जाना चाहते थे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

## अपराध नियंत्रण पर सख्ती के निर्देश, एसएसपी ने गश्ती व वाहन जांच बढ़ाने को कहा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसएसपी डॉ. शौर्य सुमन ने मंगलवार को पुलिस केंद्र सभागार में अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने थानों में दर्ज कांडों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।एसएसपी ने तीनों एसडीपीओ, साइबर क्राइम डीएसपी व अंचल पुलिस निरीक्षकों को मामलों के पर्यवेक्षण में तेजी लाने को कहा। साथ ही थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्ती व्यवस्था मजबूत करने, विशेषकर रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया।उन्होंने वाहन चोरी की घटनाओं के शीघ्र उद्भेदन, शराब तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करने तथा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने को भी कहा। इसके अलावा वाहन जांच अभियान लगातार चलाने और संदिग्ध वाहनों की सघन जांच करने पर जोर दिया गया।एसपी ने कहा कि आरटीआई, चरित्र व पासपोर्ट सत्यापन, सर्विलांस प्रोसीडिंग तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बेलवनिया पुल सह सड़क परियोजना पर केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद सुनील

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-727 के अंतर्गत टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग और बगहा के शास्त्रीनगर से बेलवनिया तक प्रस्तावित पुल सह सड़क परियोजना को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने परियोजना के महत्व को विस्तार से रखते हुए इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया।दिल्ली में हुई इस मुलाकात के दौरान सांसद सुनील कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-727 पर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित मंगलपुर एसएसबी कैंप से मदनपुर-पनियहवा तक के हिस्से के लिए वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता है। इसके समाधान के रूप में वीटीआर क्षेत्र के बाहर-बाहर बगहा के शास्त्रीनगर से बेलवनिया तक पुल सह सड़क मार्ग प्रस्तावित है, जो क्षेत्रीय विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण है।सांसद ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि इस पुल के निर्माण से बगहा सहित आसपास के क्षेत्रों के विकास को गति मिलेगी। साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल के बीच सड़क संपर्क और अधिक सुगम और मजबूत होगा, जिससे व्यापार, आवागमन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा।मुलाकात के दौरान एनएच (बिहार) के डीजी अतुल कुमार भी मौजूद रहे।

### 12 मार्च को बगहा-1 में होगा प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बगहा-1 प्रखंड कार्यालय परिसर में 12 मार्च को जिला प्रशासन के तत्वावधान में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह करेंगे।इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा, पशुपालन, स्वास्थ्य, आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा, कृषि, पंचायती राज, आरटीपीएस, राजस्व, जीविका, आईसीडीएस, सहकारिता, श्रम संसाधन, अल्पसंख्यक कल्याण, डीआरसीसी, विद्युत और उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों की भागीदारी रहेगी।

# महादेव साह उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच हाइजीन किट का वितरण

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा स्कूली छात्राओं को निःशुल्क हाइजीन किट (सैनेटरी पैड, रुमाल, रुई, एंटीसेप्टिक लिक्विड, हैंड सेनेटाइजर तथा स्वास्थ्य और स्वच्छता पुस्तिका आदि) उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इस कड़ी में प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी में मंगलवार को सैकड़ों छात्राओं के बीच हाइजीन कीट का वितरण किया गया। इस दौरान सखी सहायता केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें व्यावहारिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता सुनिश्चित कर ना, स्वास्थ्य सुरक्षा और ड्रॉपआउट दर को कम करना है। यह पहल विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों के लिए बहुत उपयोगी है। कार्यक्रम के दौरान सखी सहायता केंद्र की समन्वयक मेधा पुष्कर ने छात्राओं से विशेष संवाद करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता के उन महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। जिन पर ग्रामीण परिवेश में संकोचवश खुलकर चर्चा नहीं हो पाती है।



# सीकरिया फॉर्मेसी कॉलेज में पहली बार आयोजित हो रहा दीक्षांत समारोह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पहली बार दिक्षांत समारोह के अनुरूप ग्रेजुएशन शिरोमणि 2026 का आयोजन सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के द्वारा बी.फार्मा. के प्रथम बैच के लिए किया गया। जिसका जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक , स्वर्ण प्रभात, वरीय उपाध्यक्ष चन्द्रभूषण पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य मुंशी सिंह महाविद्यालय अरूण कुमार के साथ सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया एवं सचिव यमुना कुमार सीकरीया एवं प्रचार्या प्रीती दूबे ने फामेर्सी कॉलेज के कॉन्फ्रेन्स हॉल में ग्रेजुएशन सिरोमणि 2026 का संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बिहार में पहली बार ऐसे कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के लिए यमुना सीकरीया जी की भूरी - भूरी प्रशंसा की और ऐसे कार्यक्रम आगे भी आप करते रहे। इसके लिए उन्होनें आग्रह किया, और कहा कि इससे छात्रो का मनोबल बढ़ेगा, और यह भी कहा कि बिहार सरकार के द्वारा फामेर्सी के क्षेत्र में काफी नौकरीयाँ निकाली जा रही है। जिसका सफल छात्र समुचित उपयोग करें। इस अवसर पर सफल छात्रों को मिमेन्टो, मैडल डिग्री और दुपट्टा से सम्मानित किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया एवं सचिव यमुना कुमार सीकरीया ने पुष्प गुच्छ, सॉल और मिमेन्टो से सभी अतिथियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे। सीकरीया ने इस कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा फामेर्सी की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका वर्तमान समाज में है, और छात्रो को कहा कि आपका भगवान के बाद दर्जा है, और समाज में आप सेवा भावना से अपने कर्मो के प्रति सजग रहें। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक ने सीकरीया कैम्पस में स्थापित विश्व के पहले 5 लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग एवं अश्वमेघ यज्ञ के गोल्ड प्लेटेड अश्व का दर्शन किया। तत्पश्चात कैम्पस में स्थापित मोदी मिमेन्टो म्युजियम का अवलोकन किया। उसके बाद कैम्पस के अन्तर्गत लगे उद्योग राधा ग्रुप के रॉलर फ्लावर मील, राईस मील परवॉयलिंग यूनिट, ऑयल पैकिंग सिस्टम, प्रोफाईल शीट प्लाण्ट, ऑक्सीजन प्लाण्ट, सोयाबड़ी मशीन एवं आपदा-विपदा में सामाजिक सहायता के लिए स्थापित की गई ऑटोमेटेड मशीन जो एक हजार रोटी एक घंटे में तैयार करती है। उसका अवलोकन किया, तथा फामेर्सी, बी.एड., ए.एन.एम. शिक्षण संस्थानो को भी देखा, और नई एक्सपोर्ट क्वालिटी गुड़ बनाने के स्थान और उसमें कुछ स्थापित मशीनो का भी अवलोकन किया।



## श्रीरामनवमी पर 37वें वर्ष ज्योति, जागरण एवं भंडारा का भव्य आयोजन 27 मार्च को



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में माता वैष्णो देवी सेवा ट्रस्ट, रक्सौल के तत्वावधान में आगामी 27 मार्च (शुक्रवार) को श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर ज्योति, भजन-जागरण एवं महाप्रसाद (भंडारा) का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन इस वर्ष लगातार 37वें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में पुरानी पोखरा गली स्थित जगदीश कॉम्प्लेक्स में ट्रस्ट सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सेवा ट्रस्ट के संयोजक रमेश कुमार ने बताया कि माता वैष्णो देवी सेवा ट्रस्ट द्वारा आस्था, श्रद्धा और समर्पण के साथ यह आयोजन वर्षो से किया जाता रहा है और यह नगर की धार्मिक परंपरा का अहम हिस्सा बन चुका है। ट्रस्ट के सह संयोजक सुबोध कुमार ने जानकारी दी कि श्रीरामनवमी के अवसर पर बाहर से आए सुप्रसिद्ध भजन गायकों की मंडली द्वारा भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन तथा आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी।

CMYK

# हुसैन कर्मा एवं चंदौली से छह वारंटी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह एनबीडब्ल्यू वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीती रात विशेष अभियान चलाकर की। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयबर सिंह ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को रात्रि पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे कुल छह वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वारंटियों में श्यामसुंदर शर्मा (पिता स्व. शिवानंदन शर्मा), धर्मेंद्र कुमार मिस्त्री (पिता स्व. चंद्रदीप मिस्त्री), बालमुगेश्वर मिस्त्री (पिता भुनेश्वर मिस्त्री) तथा ओमप्रकाश शर्मा (पिता श्यामसुंदर शर्मा) सभी ग्राम हुसैन कर्मा के निवासी हैं। इसके अलावा रामप्रवेश प्रजापत (पिता स्व. शिव प्रजापत) और गुप्ता पासवान (पिता स्व. इंद्रदेव पासवान) दोनों चंदौली निवासी को भी उनके घर से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष उपस्थापन हेतु भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सलेमपुर गांव का नहर पुल हो रहा जानलेवा साबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य पथ पर स्थित नहर पुल इन दिनों लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पुल के दोनों ओर घेराबंदी और लाइट लगाने की मांग तेजी से उठ रही है। इस तीखें मोड़ से दिन रात वाहनों का आवागमन होता है जिससे यह कहना मुश्किल है कि कब कौन सा वाहन नहर में गिर जाएगा। बता दें कि यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं और जब भी ऐसा होता है ग्रामीण उग्र हो जाते हैं और कई बार सड़क जाम कर देते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए केवल आश्वासन ही मिलता है। बता दें कि सड़क से गुजरने वाले विशेषकर लोग हमेशा खतरे में रहते हैं कि कब वे नहर में गिर जाए। रात के वक्त दुर्घटनाओं की संभावना अधिक होती है।

# जीविका दीदियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत तेमुडा में बुधवार को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज की टीम ने जीविका दीदियों के साथ बैठक कर आग से बचाव और आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले आवश्यक उपायों की जानकारी दी। इस जागरूकता कार्यक्रम में अग्निक चालक रामनाथ कुमार, प्रधान अग्निक सुनील सिंह, अग्निक रिटन कुमारी तथा अग्निक मो. एजहार आलम मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि घरों में रसोई गैस, बिजली के उपकरण और ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। बैठक के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत आसपास के लोगों को सूचित करने, गैस सिलेंडर और बिजली के मुख्य स्विच को बंद करने तथा बालू, पानी या अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने की जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। इस अवसर पर प्रधान अग्निक सुनील सिंह ने कहा कि आग की घटनाओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोग सही कदम उठा सकें।कार्यक्रम में जीविका समूह की कई महिलाएं उपस्थित रहीं और अग्निशमन विभाग की टीम से आग से बचाव से जुड़े विभिन्न सवाल भी पूछे, जिनका विस्तार से जवाब दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाकर्मियों को किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। नगर पंचायत रफीगंज कार्यालय द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला सफाई कर्मियों, महिला वार्ड पार्षदों तथा महिला कार्यालय कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान महिला सफाई कर्मियों एवं महिला कार्यालय कर्मियों को कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा, मुख्य पार्षद मिरिख दरखाशा तथा उप मुख्य पार्षद आरती देवी के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नेतृत्व के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में स्मार्ट ट्रंप प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर गुलरेज इकराम, मिथिलेश कुमार, पप्पू कुमार, प्रधान सहायक पवन प्रकाश, वार्ड पार्षद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शहर की नालियां व सड़के जर्जर अवस्था में, बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर में बुनियादी सुविधाओं के नाम पर किए जा रहे विकास कार्यो की वास्तविक तस्वीर अब सामने आने लगी है। शहर के विभिन्न वार्डो में नाली व सड़क निर्माण का काम तो हुआ परंतु घटिया कार्य और गुणवत्ता के अभाव में निर्माण लंबे समय तक ठीक नहीं पा रही है। स्थिति यह है कि कई जगहों पर नालियों की पटिया व सड़के बनने के एक वर्ष के अंदर ही टूटकर बिखरने लगी है। इससे जहां आम लोगों की परेशानी हो रही है। वहीं नगर परिषद व संवेदक के कार्यशैली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गए हैं। बता दें कि पिछले दो वर्षो में शहर के कई वार्डो में नालियां व सड़कों के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। जिसका उद्देश्य था कि जलजमाव की समस्या से राहत दिलाना व बेहतर आवागमन उपलब्ध कराना था परंतु मानकों की अनदेखी के कारण इसका उल्टा असर दिखने लगा है।

# हसपुरा में वर्षों से जर्जर अवस्था में है पर्यटन भवन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ाने देने व स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके सृजित करने और अमझरशरीफ में हर वर्ष लगने वाले उर्स मेले में आने वाले पर्यटकों और देवकुंड धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के उद्देश्य से वर्षों पूर्व हसपुरा में पर्यटन भवन का बनवाया गया था। जो आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बता दें कि भवन लाखों रुपये की लागत के साथ तैयार किया था। यह भवन अब पर्यटकों का ठिकाना बनने के बजाय इलाके में भूत बंगला के नाम से प्रसिद्ध हो गया है। बता दें कि करीब 27 वर्षों से बंद पड़े इस भवन में न तो कोई गतिविधि है और न ही किसी तरह की देखरेख होता है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। हसपुरा प्रखंड मुख्यालय व बस स्टैंड के समीप अमझरशरीफ जाने वाले सड़क पर बना यह पर्यटक भवन कभी क्षेत्रीय पर्यटन विकास की रीढ़ माना जा रहा था। ऐसा उम्मीद थी कि यहां ठहरने वाले पर्यटक स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देंगे परंतु भवन का निर्माण कराने के बाद इसके संचालन में लाने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि भवन धीरे-धीरे वीरान होता चला गया। आज स्थिति यह है कि भवन के चारों ओर झाड़ी उग आए हैं। खिड़कियों के शीशे टूटकर बिखर गए हैं। दरवाजों पर जंग लगी है और परिसर असमाजिक तत्वों का अड्डा बना है। यहां शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता है। जिससे स्थानीय लोग इस भवन में भूत बंगला के नाम से जाना जाता है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों कि ध्यान पर्यटन भवन के तरफ नहीं जा रहा है।

# जुब्बा साहनी का बलिदान दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। विकासशील इंसान पार्टी के जिला प्रभारी रंजीत चौधरी की देखरेख में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों ने शहीद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी रंजीत चौधरी ने कहा शहीद जुब्बा साहनी केवल निषाद समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया, लेकिन अंग्रेजी हुकूमत के सामने घुटने नहीं टेके। आज की युवा पीढ़ी को उनके अदम्य साहस और बलिदान से सीख लेने की जरुरत है। वहीं अन्य वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वक्ताओं ने समाज से उनके पदचिन्हों पर चलने और एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। मौके पर मुख्य रुप से केदार चौधरी, रामचंद्र चौधरी, राजकुमार चौधरी, शंभू चौधरी, विनोद चौधरी, भजन चौधरी, प्रभु चौधरी, नन्हक चौधरी, दिलीप चौधरी, हीरा चौधरी, अरविंद निषाद, मनीष कुमार, रवि कुमार और दिलीप रजक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बलिया व अतरसन पंचायतों में पैक्स चुनाव को लेकर तस्वीर साफ, 18 मार्च को अध्यक्ष पद के लिए होगा मतदान

### सदस्य पद पर दोनों पंचायतों में सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)**। एकमा प्रखंड की बलिया व अतरसन पंचायत में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के बाद बुधवार को अभ्यर्थिता वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसके साथ ही दोनों पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबले की तस्वीर स्पष्ट हो गई है, जबकि सदस्य पद के सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। बलिया पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए योगेंद्र भारती व संजीव कुमार भारती के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं सदस्य पद के लिए नामांकन करने वाले सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। उधर अतरसन पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अभिषेक कुमार सिंह, मंजू देवी व बिरेश सिंह चुनाव मैदान में हैं। यहां भी सदस्य पद के लिए सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि दोनों पंचायतों में 18 मार्च को मतदान कराया जाएगा। मतदान संपन्न होने के बाद मतों की गिनती कर परिणाम घोषित किया जाएगा। पैक्स चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारी की जा रही है।

# जीटी रोड के किनारे टेंपो खड़ी कर बैठाते हैं सवारी, दुर्घटना की आशंका




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जीटी रोड के किनारे टेंपो चालक मनमानी तरीके से टेंपो की पार्किंग करते हैं। इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। वहीं तेजी के साथ दौड़ रहे ओवरलोड टेंपो के परिचालन से टेंपो चालकों के द्वारा थोड़ी सी लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटना का कारण टेंपो चालकों की लापरवाही और यातायात नियमों का पालन नहीं करना ही है। यहां तक की कई टेंपो चालक बिना ड्राइविग लाइसेंस के वाहन दौड़ा रहे हैं। इसके अलावा टेंपो चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को ठुंसकर टेंपो को जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर दौड़ाते हैं। यहां तक की कई बार चालक अपनी सीट पर दोनों और यात्रियों को बैठा लेते हैं और खुद तिरछा होकर वाहन चलाते हैं जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना हो जाती है। शिवगंज के विवेक सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि अधिकांश टेंपो चालक तेज गति से चलते हैं और यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। टेंपो चालकों की नियमित जांच, सड़क पर सख्त निगरानी और बिना परमिट या बिना लाइसेंस वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई ही इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है। इसके बावजूद भी यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा इस मामले में गंभीर नहीं हो रहे हैं और लगातार टेंपो चालकों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

**फार्मेट-सी-2**

**(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु)**

दल द्वारा खड़े किये गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) संख्या-536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनीतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **राज्यसभा**

राज्य का नाम : **बिहार**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के लिए मामलों के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम मामले सं एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम, आदेश की तारीख | अपराध और अधिरोपित किये गये दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| 1 | उपेन्द्र कुशवाहा | **बिहार से राज्यसभा के लिए वर्ष 2026 में होने वाला द्विवार्षिक चुनाव** | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 83/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148,149,188,341,342,323, 353, 504, 506 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | | | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341 ,342, 323, 332, 353, 506, 427 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 188, 341, 342, 504, 505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | | | ए सी जे एम, दानापुर बिहटा, पटना कांड संख्या 1059/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | | | ए सी जे एम-1, मुजफ्फरपुर मीनापुर( मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126 सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# 18 को पटना के गांधी मैदान में होगा समता महाजुटान

## कॉलेज-विश्वविद्यालयों में जातीय भेदभाव खत्म करने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** कॉलेज और विश्वविद्यालय परिसरों में बढ़ रहे जातीय भेदभाव को समाप्त करने और उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को बेगूसराय में सामाजिक संगठनों की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता का नेतृत्व समता आंदोलन के नेता रिंकू यादव ने किया, जिसमें कई सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश के कई कॉलेज और विश्वविद्यालयों में आज भी जाति के आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे माहौल में छात्रों के लिए सुरक्षित और समान अवसरों वाला शैक्षणिक वातावरण बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाले सभी छात्रों को बिना किसी भेदभाव के शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है, लेकिन कई जगहों पर यह व्यवस्था कमजोर नजर आती है। वक्ताओं ने बताया कि यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन और सामाजिक न्याय की मांग को लेकर 18 मार्च 2026 को पटना के गांधी मैदान में समता आंदोलन समिति के बैनर तले समता महाजुटान और मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राज्यभर से बड़ी संख्या में छात्र-युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में सभी छात्रों के लिए समान, सुरक्षित और भेदभाव-मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है। कई जगहों पर जातीय भेदभाव और उत्पीड़न की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन को सख्त और प्रभावी कदम उठाने होंगे। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय और समान शिक्षा के अधिकार को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को उठाने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ही इस महाजुटान और मार्च का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक संगठनों ने छात्रों, युवाओं और आम लोगों से अपील की कि वे 18 मार्च को पटना पहुंचकर इस महाजुटान में भाग लें और सामाजिक न्याय की आवाज को मजबूत करें। प्रेस वार्ता में बहुजन एक्टिविस्ट विजय पासवान, समता आंदोलन समिति के प्रदेश संयोजक रिंकू यादव, आइसा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, नंदकुमार साह (बीएमपी), सोनू फर्नांज, फुलेना पासवान, नूरपुर के मुखिया राजेश चौधरी, प्रभात कुमार पिंटू, अजय सिंह पटेल, ऋतिक कुमार, विजय कुशवाहा, एसएफआई नेता मो. मजहर, मो. सैफ सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव खत्म करने और समान अवसर सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया।

# प्रखंडस्तरीय बिहार दिवस प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय बिहार दिवस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में आयोजित किया गया। प्रखंड स्तरीय बिहार दिवस प्रतियोगिता में गणित ओलंपियाड में 6 से 8 वर्ग में अतरुआ के अभिषेक कुमार व क्लास 9 से 12 में महेशपुर के सान्वी, रंगोली में 6 से 8 वर्ग में मध्य विद्यालय चक्का विष्णुपुर व क्लास 9 से 12 में मोखितयारपुर, चित्रकला में क्लास 6 से 8 में प्रखंड कॉलोनी के आयुष राज व 9 से 12 में मोखितयारपुर की लक्की कुमारी, क्विज में क्लास 6 से 8 में अतरुआ के राज आर्यन व क्लास 9 से 12 में मोखितयारपुर की भारती कुमारी, निबंध लेखन में क्लास 6 से 8 में मध्य विद्यालय चक्का विष्णुपुर के एकता भारती व क्लास 9 से 12 में मोखितयारपुर की दीपा कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। फैंसी ड्रेस में मध्य विद्यालय पालीडीह की लक्ष्मी कुमारी व हाई स्कूल बनवारीपुर की अर्चना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीडीओ सह प्रभारी बीईओ घर्मवीर कुमार प्रभाकर ने बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रखंड स्तर के कुछ विधा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। मौके पर अमित कुमार ठाकुर, प्रिया आनंद, सौरभ कुमार, प्रतीक कुमार, सोनम, प्रियंका, श्वेता, लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा, मिथलेश कुमार, संदीप कुमार, कमल मौर्य, एचएम रईस, शिक्षक प्रदीप, शिव नारायण आदि मौजूद थे।

# हिंदू समाज प्रत्येक शनि और मंगलवार को करे हनुमान चालीसा का पाठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखंड के पिपरा देवास पंचायत स्थित भरथो भारत उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का आगमन हुआ। हिंदू रक्षा निधि हेतु आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण, घुसपैठ और हिंदू संगठन की मजबूती पर कड़ा रुख अपनाया। डॉ तोगड़िया ने देश में बढ़ती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए एक सख्त कानून की वकालत की। उन्होंने संबोधन में कहा कि जिन परिवारों में 3, 4 या 5 बच्चे हैं। उनके लिए ऐसा कानून बनना चाहिए कि एक वर्ष बाद यदि कोई नया जन्म होता है, तो उस परिवार की तमाम सरकारी सुविधाएँ बंद कर दी जाएँ। ऐसे लोगों का वोट देने का अधिकार भी समाप्त कर दिया जाना चाहिए। हिंदुओं की सुरक्षा और आर्थिक स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 3 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर सरकार को सख्त होना होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हिंदुओं के लिए ऐसी व्यवस्था की जाएगी जहाँ रोजगार के अवसर बढ़ें और हिंदू समाज आर्थिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब हिंदुओं के हितों की बात आती है। तो हमें एकजुट होना होगा। हिंदू समाज के लोग प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें। क्या आप मुझे वचन देते हैं कि हर सप्ताह यह क्रम शुरू करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिला कप्तान के निर्देशानुसार बरौनी थाना के सब इंस्पेक्टर विकास कुमार रंजन, एसआई आलोक कुमार, एसआई अभिजीत कुमार और एसआई अनुपमा कुमारी पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से व्यवस्थापक आदित्य कुमार उर्फ बाबू साहब, संतोष कुमार, सुधीर पासवान, प्रवीण कुमार, बम बम कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार, सनी कुमारशर्मा, सुदामा कुमार, प्रमोद सिंह, रोशन बाबा और सुमित कुमार उर्फ मंगल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई।

# मौखिक आश्वासनों को संघ ने किया नामंजूर, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ ने बुधवार को समाहरणालय गेट पर सत्रह सूत्री मांग को लेकर धरना दिया। धरना पर बैठे नेतृत्वकर्ता ने बताया की विगत 11 फरवरी से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन सामूहिक हड़ताल पर हैं। इसके फलस्वरूप पूरे राज्य में दाखिल-खारिज, परिमार्जन सहित सभी 68 प्रकार के राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हैं। जिसकी शत-प्रतिशत जिम्मेदारी सरकार की हठधर्मिता की है। ज्ञात हो कि विगत वर्ष 27 दिनों की ऐतिहासिक हड़ताल के पश्चात, तत्कालीन अपर मुख्य सचिव (राजस्व) दीपक कुमार सिंह के साथ 2 जून 2025 को एक लिखित सहमति बनी थी। जिसे विभागीय ज्ञापांक-353 द्वारा संसूचित किया गया था। तत्पश्चात मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में संपन्न उच्च-स्तरीय बैठक में भी इन निर्णयों पर मुहर लगी थी। इसी के आलोक में अधिसूचना संख्या 611 द्वारा राजस्व कर्मचारियों की योग्यता स्नातक निर्धारित की गई। और ग्रेड-पे 2800 (लेवल-5) सहित अन्य मांगों पर सहमति बनी थी। लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी सरकार ने इस पर आदेश निर्गत नहीं किया। विभाग को जगाने हेतु संयुक्त मोर्चा ने 2 फरवरी, 5 फरवरी, 9 फरवरी को विशाल धरना दिया। और पूर्व-घोषणा के अनुसार 11 फरवरी से राज्य के सभी 3500 राजस्व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चले गए। राजस्व कार्य ठप होने पर विभाग ने 20 फरवरी को उपमुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री एवं प्रधान सचिव सी के अनिल के साथ वार्ता हेतु शिष्टमंडल को बुलाया। वार्ता में प्रधान सचिव ने पूर्व की सभी प्रशासनिक परंपराओं को तार-तार करते हुए कहा कि तत्कालीन अपर मुख्य सचिव के साथ जो सहमति-पत्र बना था। उसे हमने रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। इसके बावजूद मंत्री के सकारात्मक रुख को देखते हुए 23 फरवरी को संघ ने 17 में से 5 प्रमुख मांगों की सूची सरकार को सौंपी। मंत्री ने स्थानांतरण पोर्टल, ईंधन, लैपटॉप भत्ते, ग्रेड-पे में सुधार और प्रोन्नति जैसे कई मौखिक आश्वासन दिए। इन सहमतियों पर सरकार ने कुछ भी लिखित' में देने से साफ इंकार कर दिया। इस पर प्रतिनिधिमंडल ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब राज्य के मुख्य सचिव और अपर मुख्य सचिव के पूर्व के लिखित सहमति-पत्र को ही प्रधान सचिव रद्दी का टुकड़ा करार दिया। तो हम आपके मौखिक आश्वासनों पर कैसे विश्वास करे। तदुपरांत, संयुक्त संघर्ष समिति ने तत्क्षण यह निर्णय लिया कि जब तक सहमति के बिंदुओं पर विधिवत आदेश निर्गत नहीं किया जाता। तब तक हम अपने आंदोलन पर डटे रहेंगे। विभाग कर्मियों के मांगों को लेकर बिल्कुल गंभीर नहीं हैं। वहीं मंत्री आमजनों में भ्रम फैला रहे हैं कि भू-माफिया के कहने पर सभी हड़ताल पर हैं। 46 लाख परिमार्जन और नामांतरण को निपटने में कमी बढ़त उत्पन्न कर रहे हैं।

# शिवाजीनगर में 2367 लीटर जब्त शराब का विनिष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाना पुलिस द्वारा विभिन्न कांडों में अलग-अलग स्थानों से जब्त की गई बड़ी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब का बुधवार को विनिष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई प्रखंड मुख्यालय परिसर के समीप प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई विनिष्टीकरण की प्रक्रिया प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह की देखरेख में की गई। इस दौरान जब्त शराब को जेसीबी मशीन की सहायता से गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया और बाद में उसे मिट्टी के नीचे दबा दिया गया, ताकि दोबारा उसका दुरुपयोग न हो सके इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में अलग-अलग समय पर चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान बरामद शराब को न्यायालय के निर्देशानुसार नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 2367.595 लीटर शराब का विनिष्टीकरण किया गया, जिसमें 459 लीटर देशी शराब तथा 1908.595 लीटर विदेशी (अंग्रेजी) शराब शामिल है थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून को सफल बनाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। साथ ही उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि अगर कहीं अवैध शराब से संबंधित गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके विनिष्टीकरण के दौरान थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार अपार थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुकेश कुमार, शैलेश कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

# अग्निपीड़ित परिवार को दी गई सहायता राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखंड क्षेत्र के बागवन पंचायत अंतर्गत सारबकोठी गांव निवासी अग्निपीड़ित परिवार को प्रशासन की ओर से सहायता राशि प्रदान की गई। मंगलवार को अंचल पदाधिकारी के हड़ताल पर रहने के कारण प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सोनू कुमार ने अग्निपीड़ित फूलों देवी, पति इंदल सदा को 12 हजार रुपये का चेक सौंपा। बताया गया कि बीते 20 फरवरी को सारबकोठी गांव में अचानक आग लग जाने से फूलों देवी का घर जलकर राख हो गया था। इस अगलगी की घटना में घर में रखे कपड़े, अनाज तथा अन्य जरूरी सामान भी जलकर नष्ट हो गए थे। जिससे परिवार को काफी आर्थिक क्षति हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा जांच कर राहत सहायता देने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय की ओर से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत के रूप में 12 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई, ताकि वे अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर सकें। मौके पर बागवन पंचायत के मुखिया योगेंद्र राय भी मौजूद थे। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आगे भी हर संभव मदद उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने भी प्रशासन के इस कदम की सराहना किया है।

# दूसरे सेमीफाइनल में जीडी कॉलेज टीम रही विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** वीरपुर प्रखंड स्थित बीपीएस उच्च विद्यालय के प्रांगण मे आयोजित सौरभ आनंद स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मैच जीडी कॉलेज और पन्हास के बीच शुक्रवार को संपन्न हुआ। टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य नैयर अली ने बताया कि टॉस जीत कर पन्हास की टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला किया।मैदान में बल्लेबाजी करने उतरी जीडी कॉलेज की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 297 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी पन्हास की टीम ने 15वें ओवर में ही 263 रनों पर ऑल आउट हो गई। 34 रन से जीडी कॉलेज की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जीडी कॉलेज टीम के प्रियांशु मिश्रा 49 गेंद पर 183 रनो का विस्फोटक पारी खेला एवं गेंदबाजी में अपने टीम को 5 महत्वपूर्ण विकेट झटक कर दिया। इन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच में निर्णायक के रूप में मोहम्मद चांद और गुड्डू रंगीला, स्कोरिंग राहुल कुमार ने किया। वहीं चुन्नू कुमार चंदन ने अपने बेहतरीन कमेंट्री से दर्शकों व खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

### दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्माण शिविर स्थगित

**नावकोठी।** पीएचसी नावकोठी में दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्माण शिविर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित समृद्धि यात्रा का भेंट चढ़ गया। वंचित दिव्यांग जनों का यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु पीएचसी नावकोठी में बुधवार को शिविर आयोजित करना था। निर्धारित कार्यक्रम के तहत दर्जनाधिक दिव्यांग पीएचसी आए। पीएचसी आने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि आज का निर्धारित शिविर डीएम बेगूसराय द्वारा समीक्षात्मक बैठक होने से स्थगित हो गया। समसा पंचायत के जीतपुर निवासी संजीत कुमार, शेखपुरा के बुधन सहनी, रूखसार बेगम, हसनपुर बागर के अजीत कुमार आदि ने बताया कि अंतिम समय में शिविर स्थगित हो जाने से काफी मायुसी एवं कठिनाई आने जाने की हुई।

### दो बैंक ऋणी गिरफ्तार

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के ही दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक पहसारा के दो जिद्दी ऋणी को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। अपर थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार ऋणी कपिल देव सिंह के पुत्र मुकेश कुमार तथा बालेश्वर साह का पुत्र वासुदेव साह है। बैंक ने दोनों के द्वारा लिए गए ऋण की राशि नहीं चुकाने के एवज में नीलाम पत्र वाद दायर किया था। जिसके कारण उपर्युक्त दोनों की गिरफ्तारी प्रशासन ने की। वही दूसरी ओर बैंक प्रबंधक मिथिलेश कुमार ने बताया कि इस बैंक से 90 व्यक्तियों ने केसीसी ऋण योजना के तहत एक दशक पूर्व ऋण लिया था। ऋण वापस करने हेतु कई बार नोटिस भेजने के साथ साथ सामूहिक बैठक भी की गई। ऋण की राशि चुकता करने के बाद मिलने वाले लाभ से भी अवगत कराया गया।

# एके-47 की चोरी और बरामदगी मामले में पांच दोषी करार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की एक विशेष अदालत ने मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित केंद्रीय आयुध डिपो से एक-47 राइफल की चोरी और बरामदगी के मामले में आज पांच लोगों को दोषी करार दिया, जबकि नौ लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई 13 मार्च 2026 को होगी। एनआइए के विशेष न्यायाधीश मधुकर सिंह ने मामले में सुनवाई के बाद आरोपित पूर्व फौजी सुरेश ठाकुर, पुरुषोत्तम लाल रजक, नियाजुल रहमान और मोहम्मद इमरान आलम एवं शमशेर आलम को दोषी कर दिया है। जबकि शिवेन्द्र रजक उर्फ शैलेन्द्र रजक, चन्द्रावती देवी, राजीव सिंह उर्फ चुन्नू सिंह, रिजवाना बेगम, मोहम्मद इरफान आलम, मनोज सिंह उर्फ मांजी, मंजर आलम, बजरंग शंकर और मोहम्मद मुर्शीद उर्फ सुरमा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अधिवक्ता ठाकुर मनीष मोहन ने बताया कि मुंगेर जिले में एक अभियुक्त के पास से एक-47 राइफल की बरामदगी की गई और फिर उसकी निशानदेही के बाद कई और रायफलों की बरामदगी की गई। इस मामले में पहले जमालपुर के मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 334/2018 के रूप में पहले प्राथमिकी आईपीसी और यूएपीए एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई थी। बाद में मामला एनआईए को सौंपा गया। एनआईए की जांच के दौरान बिहार और उत्तर प्रदेश के करीब 12 जगहों पर छापेमारी की गई और लगभग 20 एके 47 राइफलों की बरामदगी की गई थी।

# एलपीजी सिलेंडरों की नहीं है कमी, नंबर लगाने के डेढ़ दिनों में की जा रही आपूर्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय श्री मनीष द्वारा संयुक्त रूप से समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी महेश्वर प्रसाद सिंह के साथ-साथ थिंक गैस के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि मध्य पूर्व (खाड़ी देशों) में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की उपलब्धता पर नियमित और सघन निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों पर आपूर्ति की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक श्री मनीष ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर संभावित भीड़ की स्थिति में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। समीक्षा के क्रम में आईओसीएल के नोडल पदाधिकारी निशिकांत ने जानकारी दी कि उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के लगभग डेढ़ दिनों के भीतर एलपीजी गैस की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जहां प्रतिदिन लगभग 8000 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाता था, वहीं वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 14000 गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के कारण गैस सिलेंडरों की बुकिंग में अचानक वृद्धि हुई है, जिससे गोदामों एवं गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ गई है और एजेंसियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि एलपीजी गैस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। इसी प्रकार थिंक गैस के नोडल पदाधिकारी विजय कांत तिवारी ने बताया कि पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति बिना किसी बाधा के नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रतिनिधियों द्वारा भी बैठक में बताया गया कि घरेलू गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा वितरण सामान्य रूप से जारी है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति अथवा विक्रेता पेट्रोलियम पदार्थों या एलपीजी गैस की जमाखोरी अथवा कालाबाजारी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभागों को ऐसे मामलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

# बैंक प्रबंधक और कैशियर को रिश्वत के जुर्म में सजा

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज रिश्वत लेने की जुर्म एक सरकारी बैंक के शाखा प्रबंधक और रोकड़िया को रिश्वत लेने के जुर्म में आज तीन-तीन वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ दस-दस हजार रूपए का जुर्माना भी किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश अविनाश कुमार की अदालत ने मामले में सुनवाई के बाद भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोनों दोषियों को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम किसान निधि...

कराई जा रही है ताकि किसानों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। कृषि मंत्री ने राज्य के सभी किसानों से अपील की कि जो किसान अभी तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से नहीं जुड़े हैं, वे शीघ्र अपना पंजीकरण कराएं और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें ताकि उन्हें भी इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को आधुनिक बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर निरंतर कार्य कर रही हैं।

### चुनाव के दौरान हुई ...

पद पर नहीं रहने देगी। वे चुनाव जीते इसलिए कि उन्होंने बिहार के महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपये दिए। 202 विधायकों के समर्थन के बाद भी तीन महीने तक मुख्यमंत्री के पद पर नहीं रहे। चुनाव में भाजपा ने नीतीश को मुखौटा की तरह उपयोग किया। कल तक डबल इंजन की सरकार कहते थे, अब पीछे से मुख्यमंत्री बनाने की सोच रहे है। जदयू को मुखौटा बनाकर भाजपा चुनाव लड़ी है। भाजपा को पहले से पता है कि बिहार के लोगो को कैसे भ्रमित किया जाता है। भाजपा चाहती है कि कोई ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाये जिसका रिमोट कंट्रोल गुजरात से ही हो जाये। बिहार की जनता इस बार भाजपा का असली चरित्र वाला चेहरा देखेगी। बिहार कब समृद्ध होगा इस पर चर्चा नहीं होगी लेकिन मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा पर चलते रहेंगे। सासाराम के चार बच्चों की गुजरात में हुई मौत के बाद उन्हें अबतक न्याय नहीं मिला और मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा कर रहे है। घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का कोई बयान नहीं आया। अगर गुजरात के बच्चे बिहार में मर जाते तो मोदी और अमित शाह बयान देने लगते। निशांत की राजनीति में आने पर प्रशांत किशोर ने उनका स्वागत किया। यह भी कहा कि जब कोई नेता का लड़का राजनीति में आ रहा है तो बिहार के हर उस व्यक्ति को सोचना चाहिए, जिसके बच्चे राजनीति में नही है। सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। नेताओं को अपने बच्चों की चिंता है, लेकिन बिहार के बच्चों की नहीं। नीतीश कुमार भाजपा के दबाव में कमजोर हो गए है जिसके कारण अपने बेटे को राजनीति में लेकर आये हैं। इस अवसर पर नवीनगर से पार्टी प्रत्याशी रही अर्चना चंद्र, पार्टी नेता नंद किशोर यादव, सीताराम दुखारी, विकास कुमार उर्फ़ बबलू सिंह, श्यामबली पासवान आदि मौजूद रहे।

# एसबीआई पटना में होम एवं कार लोन एक्सपो का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सबके अपने घर और कार खरीदने के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 11 और 12 मार्च 2026 को पटना गोल्फ क्लब में होम एवं कार लोन एक्सपो का आयोजन किया गया है। यह एक्सपो आम जनता के लिए सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा और इसमें प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क होगा। दो दिवसीय इस एक्सपो का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक, के प्रबंध निदेशक (रिटेल व्यवसाय एवं परिचालन), रामा मोहन राव अमरा के कर कमलों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक, अनुराग जोशी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को एक ही स्थान पर प्रसिद्ध रियल एस्टेट बिल्डर्स और प्रमुख ऑटोमोबाइल डीलर्स से जोड़ना है, ताकि वे अपने लिए उपयुक्त घर या कार का चयन कर सकें और साथ ही भारतीय स्टेट बैंक की आकर्षक लोन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस एक्सपो में कुल 26 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 18 प्रतिष्ठित होम बिल्डर्स एवं रियल एस्टेट डेवलपर्स तथा 8 प्रमुख कार डीलर्स शामिल हैं। आगंतुक यहां सीधे बिल्डर्स और कार डीलर्स से बातचीत कर सकेंगे, विभिन्न विकल्पों की तुलना कर सकेंगे और भारतीय स्टेट बैंक के विशेषज्ञों से ऑन-द-स्पॉट लोन संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा होम लोन और ऑटो लोन पर विशेष योजनाएं और आकर्षक ऑफर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी ब्याज दर, आसान प्रक्रिया और तेज़ लोन स्वीकृति जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। भारतीय स्टेट बैंक के उच्चाधिकारियों के अनुसार, यह एक्सपो उन लोगों के लिए एक शानदार अवसर है जो अपना घर खरीदने या नई कार लेने की योजना बना रहे हैं। यहां उन्हें एक ही छत के नीचे कई विकल्प देखने और उपयुक्त वित्तीय समाधान पाने का अवसर मिलेगा

# आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने लगाया हेल्थ कैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शहर के लोहियानगर स्थित राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सकों की टीम ने मनियप्पा में ग्राम पंचायत भवन में बुधवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्ध जनों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए वयोमित्र एवं स्नायु संबंधी रोगों के निराकरण के लिए एमएसडी के नाम से दो हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। दोनों शिविरों का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने कहा कि राज आयुष समिति के निर्देश पर स्वास्थ्य संबंधी तीन कैम्पों का आयोजन जिले के विभिन्न जगहों पर किया जा रहा है। जो आगामी 15 मार्च तक चलेगा। डॉ त्रिपाठी ने कहा कि वृद्धजनों के जरा संबंधी रोगों की देखभाल के लिए वयोमित्र तथा स्नायु रक संबंधी दुर्बलता और विभिन्न तरह के विकार के लिए एमएसडी तथ मातृसू आरोग्य के लिए सुप्रजा नाम से तीन कैंप चलाए जा रहे हैं।

# महाविद्यालय और पीजी विभाग 10 अप्रैल तक करेंगे मतदाता सूची का प्रकाशन

## छात्र संघ चुनाव को लेकर संचालन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ओपी राय ने की। इस दौरान छात्रसंघ चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और चुनाव की तैयारियों को गति देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी अंगीभूत महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों को अपने-अपने स्तर पर मतदाता सूची तैयार कर छात्र कल्याण कार्यालय को भेजना होगा। निर्देश दिया गया है कि सभी कॉलेज और विभाग 10 अप्रैल तक मतदाता सूची प्रकाशित कर दें, ताकि आगे की चुनावी प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची के आधार पर नामांकन और अन्य प्रक्रियाएं शुरू की जाएंगी। चुनाव संचालन समिति को चुनाव की तिथि तय करने, मतदाता सूची तैयार कराने, नामांकन प्रक्रिया संचालित करने तथा मतदान और मतगणना की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराई जाएगी। बताया जाता है कि विश्वविद्यालय के 33 वर्षों के इतिहास में छात्रसंघ चुनाव केवल एक बार ही हो पाया है। वर्ष 2018 के बाद से छात्रसंघ चुनाव नहीं हो सका था। ऐसे में लंबे समय से छात्र अपने प्रतिनिधियों के चुनाव की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब चुनाव की तैयारी शुरू होने से छात्रों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।बैठक में यह भी कहा गया कि चुनाव के दौरान परिसर में आचार संहिता लागू की जाएगी और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारु और शांतिपूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# पावर प्लांट के लिए प्रस्तावित सड़क और रेल कॉरिडोर निर्माण हेतु किया जाना है 146 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती में निर्माणाधीन अडाणी सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की प्रस्तावित रेल कॉरिडोर व सड़क परियोजना के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) से संबंधित जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पीरपैंती प्रखंड कार्यालय में आयोजित इस जनसुनवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों एवं एसआईए टीम ने रैयतों के साथ संवाद कर उन्हें भूमि अधिग्रहण से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। मौके पर अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विक्रम भास्कर झा, बीडीओ अभिमन्यु कुमार, बीएसपीजीसीएल के अधिकारी शशिकांत कुमार, दीपक कुमार तथा एसआईए रिसर्च संस्थान के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर




मसखूर हुसैन उपस्थित थे। अधिकारियों ने रैयतों को भूमि अधिग्रहण से संबंधित नियम, मुआवजा प्रक्रिया और परियोजना के बारे में विस्तार से रैयतों को बतलाया। वहीं कई रैयतों ने भी अपने सवाल और सुझाव समिति के समक्ष रखे। समिति के सदस्यों ने यथासंभव उनके प्रश्नों का जवाब देते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। इस दौरान बताया गया कि पावर प्लांट के लिए प्रस्तावित सड़क और रेल कॉरिडोर निर्माण हेतु लगभग 146 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, जिसमें कुल 169 रैयतों की भूमि प्रभावित होगी। यह भूमि हरिणकोल, बंधु जयराम, बसंतपुर तथा नगर पंचायत पीरपैंती क्षेत्र में स्थित है।

जनसुनवाई में हरिणकोल के रैयतों में वीरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, बसंतपुर के अजय सिंह, कुंजवन्ना के जयंत सिंह, बलवंत सिंह, पंकज सिंह, सोनी सिंह, बमबम सिंह, रत्नेश सिंह, हीरानंद के कांतेश कुंवर, बृजकिशोर कुंवर, शिवनारायण कुंवर तथा इंदु देवी, बंधुजयराम पंचायत के प्रभु यादव, शिवशंकर यादव, अंकुर कुमार, ब्रजकिशोर, फुलकुमारी देवी, नगर पंचायत के निर्मल शाह, विजय कुमार साह, मो. शरीफ अंसारी, मो. महताब आलम, मो. शमीम, सरपंच बरुण गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में रैयत और त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# इफ्तार पार्टी का आयोजन कर पुलिस ने दिया सद्भावना का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोईलवर (भोजपुर)।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर बुधवार को भोजपुर जिले के कोईलवर थाना परिसर में इफ्तार पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा मुस्लिम समुदाय के रोजेदारों, पत्रकारों ने एक साथ इफ्तार कर आपसी भाईचारा, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इफ्तार कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह, कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, अंचल इंस्पेक्टर विजय



कुमत भारती, बबुरा थानाध्यक्ष संजय कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के रोजेदार भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इफ्तार से पूर्व सभी ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और समाज में शांति व्यवस्था कायम रहने की दुआ मांगी और एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में सौहार्दपूर्ण और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर एसडीपीओ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, सेवा, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द मजबूत होता है। पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और संवाद कायम करने में भी इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भोजपुर पुलिस हमेशा सभी समुदायों के साथ मिलकर शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। रमजान जैसे पवित्र अवसर पर आयोजित इफ्तार पार्टी सामाजिक एकता और सामुदायिक सौहार्द को और मजबूत करने का माध्यम बनती है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर रमजान की शुभकामनाएं दीं।

# फाइलेरिया की दवा खाने से 7 बच्चे बीमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिलजोरी पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय कसय में आज बुधवार दोपहर को फाइलेरिया की दवा खाने के बाद आधा दर्जन से अधिक छात्रा की तबीयत बिगड़ने से अफरातफरी का माहौल विद्यालय में हो गया। जानकारी के अनुसार दवा खाने के कुछ ही देर बाद सभी बच्चियों को उल्टी, चक्कर व घबराहट होने के शिकायत के साथ एक बच्ची गिरकर बेहोश हो गई। इससे स्कूल व ग्रामीणों में अफरातफरी का माहौल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे सिलजोरी पंचायत उपमुखिया शिव प्रसाद यादव उर्फ शिबू यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में सूचना देकर बीमार बच्ची साक्षी कुमारी, साक्षी प्रिया, मुस्कान कुमारी, टिंकल कुमारी, शिवानी कुमारी सहित सात छात्रा को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाकर चिकित्सकों द्वारा इलाज कराया। प्राथमिक इलाज के बाद बीमार बच्ची की सेहत में सुधार होने पर सभी को घर भेज दिया। विदित हो की बीते 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर बच्चों को दवा खिला रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभिभावक से अपील की है कि दवा से डरे नहीं। बीमारी से बचाव के लिए दवा खाना जरूरी है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 आशिष ने बताया कि फाइलेरिया की दवा खाने से कुछ बच्चों में गैस बनने की शिकायत हो सकती है ,जिससे उल्टी या पेट में दर्द होने की महसूस होता है। बच्चों में डर के कारण भी ऐसी समस्या होती है।

# शिक्षकों-कर्मचारियों ने 51 हजार का चेक किया भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय (टीएसआई) में बुधवार को अवकाश प्राप्त प्रभारी प्राचार्या प्रो. डॉ. सुनीता राय के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह की उपस्थिति और मार्गदर्शन में कॉलेज के गैलरी स्थित सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ओर से प्रो. डॉ. सुनीता राय को 51 हजार रुपये का चेक भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रो. डॉ. सुनीता राय के कार्यकाल में महाविद्यालय ने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके प्रयासों से कॉलेज को नई पहचान मिली और कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल



हुईं। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अग्रणी संबद्ध डिग्री कॉलेजों में शामिल हुआ है। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्या प्रो. डॉ. सियामती राय ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षिकाएं प्रो. डॉ. अनुभा सिंह, प्रो. सुमन सिंह, प्रो. इन्द्राणी सिंह, प्रो. निभा परमार, प्रो. रागिनी कुमारी, प्रो. उर्मिला सिंह, प्रो. उमा कांति शुक्ला, प्रो. सीमा सिंह, प्रो. अंजू कुमारी समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे। इसके अलावा प्रो. सुरेश सिंह, प्रो. शिवशक्ति, प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रो. रामेश्वर सिंह, प्रो. मनोज कुमार सिंह, प्रो. आमिया रंजन, प्रो. सत्येंद्र कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के कर्मचारी सुनील कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह, बसंत कुमार और उमा शंकर सिंह समेत कई लोग समारोह में मौजूद रहे।

# इस्लाम की सामाजिक व्यवस्था ठोस और न्यायपूर्ण सिद्धांतों पर

**पीरो (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल मुख्यालय के पीरो गावं स्थित मस्जिद मे खतम कुरान (तराबीह) के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तराबीह पढ़ा रहे कारी कौशर रजा सिमनानी को कमिटि द्वारा नगद राशि व अगंवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे शायर ने मोमीन बनो इस्लाम की पहचान बनो तुम, कुरआन पढ़ो हाफिज ए कुरआन बनो तुम। सवर जाए अगर किरदार तो मिठा बोल हो जाए, मुसलमा फिर जमाने के लिए अनमोल हो जाए। जैसे शायर पेश कर खुब वाह वाही बटोरी। वही कारी कौशर रजा ने कहा कि इस्लाम की सामाजिक व्यवस्था ठोस और न्यायपूर्ण सिद्धांतों पर हैं। जो व्यक्ति और समाज दोनों के लिए है। दिनी शिक्षा के साथ साथ दुनियावी शिक्षा भी जरूरी है। आज मेडिकल, साइंस, टेक्नालॉजी की शिक्षा भी जरूरी है। शिक्षा के बल पर हि हम सब समाज को आगे बढ़ा सकते है। इस मौके पर मो एकलाख खान, मो इनामुल हक खान, मो सलाहुदीन, मो कैफ, मो रज्जी खां, अनीस खां, अयान खां, समीर खां, आसीफ खां समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# चैती नवरात्र को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाराहाट (बांका)।** आज बाराहाट प्रखंड के मोतीहाट चैती दुर्गा पूजा समिति की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बाराहाट बीडीओ गोपाल गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य रूप से बांका अनुमंडल पदाधिकारी राज कुमार शामिल हुए। अधिकारी ने बैठक के उपरांत उपस्थित समिति के लोगों को दिशा- निर्देश देते हुए कहा - पूजा करने एवं प्रतिमा स्थापित करने के साथ-साथ कथा वाचक के द्वारा होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विशेष विचार विर्मश किया गया। पूजा कार्यक्रम व मूर्ति स्थापित करने को लेकर ओम प्रकाश सिंह के द्वारा करने की बात कही गई। इस दौरान सर्वसम्मति से ग्रामीणों के द्वारा रखी गई बातों का समर्थन करते हुए कहा गया कि



जिस प्रकार से कई वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा था। उसी प्रकार से शांतिपूर्ण वातावरण में आगे भी होगा। इधर पूजा समिति के अध्यक्ष सह बाराहाट बीडीओ गोपाल गुप्ता ने कहा यहां के ग्रामीणों का पूजा अर्चना करने के प्रति उनकी श्रद्धा देखते ही बनती हैं। आपसी सहयोग एवं सामाजिक सद्भावना इसी तरह से आगे भी बनी रहनी चाहिए। इस मौके पर चैती दुर्गा पूजा कमिटी के उपाध्यक्ष सह बाराहाट थाना प्रभारी अशोक कुमार, सहित मोतीहाट चैती दुर्गा पूजा समिति सदस्यगण उपस्थित रहे।

**फार्मेट सी-1**

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **उपेन्द्र कुशवाहा**

राजनैतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **राज्य सभा के सदस्यों की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनाव अप्रैल 2026 में**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **बिहार से राज्यसभा के लिए 2026 में होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए**

मैं **उपेन्द्र कुशवाहा** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतावली पटना कांड संख्या 83/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 188,341,342,323, 353,504,506, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 2. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञां का उल्लंघन, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 3. | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम | करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 4. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341, 342, 323, 332, 353, 506, 427, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 5. | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188,341, 342,504,505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित |
| 6. | ए सी जे एम, दानापुर | बिहटा, पटना कांड संख्या 201/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34, सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 7. | ए सी जे एम -1 (मुजफ्फरपुर) | मीनापुर (मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | लंबित | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126, सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| क्रम सं. 1 से 7 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित

# लंबित योजनाओं को पूरा करने में लाएं तेजी : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं शेष कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, हर घर नल का जल योजना, पंचायत सरकार भवन, निःशुल्क दवा की उपलब्धता, जीविका स्वयं सहायता समूह, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति का गठन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाएं, जिला अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाएं, प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान का निर्माण, सुधा बिक्री केंद्र की स्थापना सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 30220 सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से अब तक 25316 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। शेष 4904 सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत जिले में कुल 1398 लाभार्थियों का चयन किया गया है। इनमें विभिन्न श्रेणियों के लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा बड़ी संख्या में लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि उपलब्ध कराई गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 106.42 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। हर घर नल का जल योजना के अनुरक्षण की समीक्षा में बताया गया कि जिले में कुल 3024 योजनाएं हैं, जिनमें से 3013 योजनाएं क्रियाशील हैं तथा 09 योजनाएं अक्रियाशील हैं। अक्रियाशील योजनाओं को 0 से 7 दिनों के भीतर क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया। सर्वेक्षण के उपरांत छुटे हुए टोलों में नल-जल योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 1498 योजनाओं का लक्ष्य निर्धारित है, जिनमें से 786 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं तथा शेष योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादन समिति के गठन की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 1884 गांवों में से अब तक 304 गांवों में समिति का गठन किया जा चुका है तथा शेष 1580 गांवों में वर्ष 2026-27 तक समिति गठन का लक्ष्य रखा गया है। वहीं 202 पंचायतों में सुधा बिक्री केंद्र स्थापित किए जाने हैं जिनमें से अब तक 3 पंचायतों में स्थापना हो चुकी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, शल्य चिकित्सा इकाई, प्रसूति कक्ष, रक्त भंडारण इकाई, एक्स-रे, ईसीजी, पैथोलॉजी जांच, अल्ट्रासाउंड आदि सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। निःशुल्क दवा उपलब्धता के अंतर्गत जिला अस्पताल में आवश्यक 424 दवाओं में से 363 दवाएं उपलब्ध हैं। इसी प्रकार अनुमंडलीय अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पंचायत सरकार भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 202 पंचायतों के लिए लक्ष्य निर्धारित है, जिनमें से 201 पंचायतों के लिए स्वीकृति प्राप्त है। इनमें 74 भवन निर्मित हैं तथा 127 भवन निर्माणाधीन हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत में स्पोर्ट्स क्लब गठन की समीक्षा में बताया गया कि जिले के सभी ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायतों में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक पंचायत में खेल मैदान के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि 120 पंचायतों में खेल मैदान चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश में कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को योजनाओं का समुचित लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात व परिवहन विभाग से जुड़े सुलहनीय वादों का होगा निपटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात और परिवहन विभाग से संबधित सुलहनीय वादों का निपटारा किया जायेगा। मंगलवार को अपने प्रकोष्ठ में प्रेसवार्ता के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बताया कि यातायात एवं परिवहन विभाग से संबधित सुलहनीय वादों का निपटारा किया जायेगा। इसको लेकर विभाग के संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई है। सचिव ने कहा कि चालान से संबधित लंबित वादों को निस्तारण हेतु अलग से बेंच का गठन किया जाएगा तथा जो सुलहनीय यातायात से संबधित मामलें ऑफलाइन या ऑनलाइन चालान जमा करना चाहतें हैं उन्हें इसके लिए परिवहन व्हिकिल से संबधित निबंधित मोबाईल नंबर लाना होगा। सचिव द्वारा बताया गया कि इस लोक अदालत में चालान माफी का कोई प्रावधान नहीं है। जिला परिवहन द्वारा लगाये गये जुर्माना में अगर कोई त्रुटियां हो या गलत तरीके से चालान काटा गया हो तो उसे ठीक कराने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिलेगा और त्रुटियों से संबधित आवेदन लिखने में पारा विधिक स्वयं सेवक द्वारा सहयोग किया जायेगा जिसमें परिवहन विभाग से संबधित पदाधिकारी को अधिकृत एवं प्रतिनियुक्त करते हुए मामलें से संबधित बेंच पर उपस्थित रहकर लोक अदालत के दिन उक्त से सम्बन्धित मामलें के निस्तारण त्रुटि सुधार, ऑफलाइन व ऑनलाइन जुर्माना जमा करने हेतु आये वादकारियों को अपेक्षित सहयोग एवं उनके दावों पर औचित्यपूर्ण दावों पर विचार किया जायेगा।

# डीएम ने डिग्री कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीरवां परिसर का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में उच्च शिक्षा की उपलब्धता को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय परिसर में डिग्री कॉलेज की कक्षाएं प्रारंभ करने की संभावनाओं का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में नवनिर्मित भवन, उपलब्ध कक्षाओं, खेल मैदान तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। उन्होंने भवन में उपलब्ध कक्षाओं, शौचालय, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण करते हुए यह भी देखा कि वर्तमान संसाधनों का उपयोग करते हुए डिग्री कॉलेज की कक्षाएं किस प्रकार संचालित की जा सकती हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक प्रक्रियाओं एवं व्यवस्थाओं का आकलन कर शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा का लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विद्यालय परिसर में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का समुचित आकलन करते हुए डिग्री कॉलेज की कक्षाएं संचालित किए जाने की संभावनाओं का अध्ययन किया जाए तथा इससे संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रतिवेदन तैयार किया जाए, ताकि इस संबंध में आगे आवश्यक स्तर पर निर्णय लिया जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा के समीप बाइक सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के भुईयां बिगहा निवासी 30 वर्षीय शत्रुध्न पासवान के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शत्रुध्न अपनी बहन के घर गोह थाना क्षेत्र के घेजना गांव गया हुआ था जहां से वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में दाउदनगर-गया पथ से सटे शेखपुरा रोड में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से नज़दीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। इधर, सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दांतों की सफाई का रखें ध्यान : डॉ विनीत राज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में रांची से आए ख्यातिलब्ध दंत चिकित्सक डॉ विनीत राज ने विद्यालय के सभागार में ओरल हाइजीन पर एक सेशन कर बच्चों को दांतों की सफाई का पर्याप्त ध्यान रखने को कहा। डॉ विनीत ने बताया कि अनुग्रह स्कूल में उनके बड़े पिताजी प्रोफ़ेसर सूर्य प्रकाश सिंह ने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त किया था। इस कारण इस स्कूल से उनके परिवार का भावनात्मक लगाव रहा है।विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह के आमंत्रण पर पहुंचे डॉ विनीत ने सैकड़ों बच्चों की स्क्रीनिंग की एवं उनके उपचार के सरल तरीकों को बताया। दूध के दांतों को समय से हटाने के लिए



कड़े फलों का सेवन करने को कहा ताकि समय पर स्थायी दांतों की श्रृंखला चेहरे की मुस्कुराहट को ठीक दिखा सके। बच्चों ने कई सवालों को भी पूछा जिसे डॉक्टर ने सरल शब्दों में जवाब दिया। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने ओरल हाइजीन पर घंटे भर के सेशन को बहुत उपयोगी बताया। दो बार दांतों का ब्रश, तीन महीने में ब्रश को बदल देना, पेस्ट लगाने के तरीके, ब्रश करने के तरीके, कैल्शियम की इनटेक पर ध्यान आदि विषयों से बच्चे अवगत हुए। डॉ विनीत अपनी अगली औरंगाबाद कि यात्रा में स्क्रीन्ड बच्चों हेतु कई मेडिसिन एवं ब्रश फ्लॉसिंग थ्रेड्स आदि लाने की बात कही। कार्यक्रम को संयोजित करने में विद्यालय की शिक्षिका रीता ने सराहनीय भूमिका अदा की।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 23 अभियुक्तों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 63 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 23 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब में 9 एवं अन्य शीर्ष कांड में 51 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 67.40 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1197 वाहनों की जांच की गई जिसमें 105500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान 34 वारंट और 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर थाना की पुलिस द्वारा 45000 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# 17 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (संयुक्त संघर्ष मोर्चा) के आह्वान पर राज्य भर के राजस्व कर्मचारी 17 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा पूर्व में किए गए लिखित समझौतों और घोषणाओं को अब तक पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। इसी के विरोध में जिले सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया है। औरंगाबाद में भी कर्मचारी शहर के गांधी मैदान में धरना पर बैठे हैं। अध्यक्षता संघ के कोषाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार व संचालन मीडिया प्रभारी सुमंत कुमार ने की। इंद्रजीत ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों की 17 सूत्री मांगों को लेकर पिछले वर्ष 27 दिनों तक चली ऐतिहासिक हड़ताल के बाद दो जून 2025 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव (राजस्व) के साथ लिखित सहमति बनी थी। उस समय कर्मचारियों को भरोसा दिलाया गया था कि उनकी प्रमुख मांगों पर जल्द ही आवश्यक सरकारी आदेश जारी कर दिए जाएंगे। हालांकि आठ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कई महत्वपूर्ण मांगों पर अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि वर्तमान में राजस्व कर्मचारी 1900 ग्रेड पे (वेतन स्तर-2) पर कार्य कर रहे हैं, जबकि पूर्व में हुई सहमति के अनुसार उन्हें 2800 ग्रेड पे (वेतन स्तर-5) का लाभ मिलना चाहिए। यह मांग लंबे समय से लंबित है और इस पर निर्णय नहीं होने के कारण कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि सरकार ने समय रहते इस पर निर्णय लिया होता तो आज आंदोलन की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। बताया कि इस संबंध में विभाग के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी है। 20 फरवरी 2026 को उपमुख्यमंत्री सह राजस्व मंत्री और प्रधान सचिव के साथ प्रतिनिधिमंडल की बैठक भी हुई थी। बैठक के दौरान कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया गया, लेकिन सरकार की ओर से इन बातों को लिखित रूप में देने से इनकार कर दिया गया। इससे कर्मचारियों का भरोसा और कमजोर हो गया है। संघ का कहना है कि जब पहले हुए लिखित समझौतों को ही लागू नहीं किया जा रहा है, तो केवल मौखिक आश्वासनों पर भरोसा करना संभव नहीं है। इसी कारण संघर्ष समिति ने निर्णय लिया है कि जब तक सहमति के बिंदुओं पर विधिवत सरकारी आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। राजस्व कर्मचारियों ने यह भी कहा कि विभाग में काम का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। विभागीय उपेक्षा और लंबित मांगों के कारण उन्हें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। इस दौरान जिला सचिव मुकेश कुमार, सुरेंद्र पंडित, रजनीश कुमार, दयानंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# न्यायालय के निर्देश पर छह वारंटी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर कासमा पुलिस द्वारा छह वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान हुसैन कर्मा गांव निवासी श्याम सुंदर शर्मा, धर्मेंद्र कुमार मिस्त्री, बाल मुंगेशर मिस्त्री, ओम प्रकाश शर्मा एवं चंदौली गांव निवासी राम प्रवेश प्रजापति तथा गुप्ता पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि ये सभी अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे। इसी क्रम मे न्यायलय के निर्देश पर छह वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

# खराब सोलर स्ट्रीट लाइटों को करें दुरूस्त : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड अंतर्गत पीरवां पंचायत के विभिन्न वार्डों में अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइट का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वार्ड संख्या-2, 4 एवं 12 का निरीक्षण किया गया। वार्ड संख्या-2 एवं 4 में विभिन्न स्थानों पर अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइटों का स्थल पर जाकर अवलोकन किया गया तथा यह देखा गया कि लाइटों का अधिष्ठापन उपयुक्त स्थानों पर किया गया है अथवा नहीं। साथ ही लाइटों की कार्यशील स्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या-12 में सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन का कार्य प्रारंभ नहीं पाया गया। इस संबंध में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त वार्ड में 12 सोलर स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन चौथे चरण में किया जाना प्रस्तावित है तथा इसके लिए प्रारूप तैयार कर विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पंचायत क्षेत्र में अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइटों की जांच कर यह प्रतिवेदित किया जाए कि कितनी लाइटें कार्यशील अवस्था में हैं। साथ ही जहां कहीं लाइटें खराब अथवा बंद पाई जाएं, वहां आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइटों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने में सहायता मिलती है। ऐसे में संबंधित पदाधिकारी नियमित रूप से इसकी निगरानी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** क्या बिहार में गैस सिलेंडर की कमी है? इस सवाल पर सरकार ने बड़ा अपडेट दिया है। पेट्रोलियम एजेंसियों ने स्पष्ट किया है कि राज्य में घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। ऐसे में आम उपभोक्ताओं को घबराने या गैस एजेंसियों के पास अनावश्यक रूप से भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की सुविधा तथा गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्तमान में यह व्यवस्था लागू की गई है कि किसी भी घरेलू उपभोक्ता को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नये गैस सिलेंडर की बुकिंग (नंबर लगाने की) करने की अनुमति है। बुकिंग दर्ज होने के पश्चात 2 से 3 दिनों के भीतर घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

# फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्र और राज्य सरकार के निर्देश पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीके) समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत वितरित किए जाने वाले फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति फिलहाल अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। इस फैसले के बाद मार्च महीने के बाद राशन कार्ड धारकों को जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल नहीं मिल सकेगा। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि लाभुकों को अन्य निर्धारित अनाज की आपूर्ति पहले की तरह जारी रहेगी ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में बिहार राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड के विशेष कार्य पदाधिकारी बिनोद कुमार तिवारी की ओर से पत्र जारी कर फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति रोकने का निर्देश दिया गया है। इसी निर्देश के आधार पर जिले में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति फिलहाल बंद कर दी गई है। जिला खाद्य निगम के अधिकारियों के अनुसार, सरकार के अगले आदेश तक यही व्यवस्था लागू रहेगी। फिलहाल विभाग की ओर से आगे की नई व्यवस्था को लेकर उच्च स्तर से आने वाले निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही सरकार की ओर से नया आदेश जारी होगा, उसी के अनुसार आगे की आपूर्ति व्यवस्था तय की जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार सरकार जल्द ही इस मामले में आगे की रणनीति तय कर सकती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जिले के लिए की गई विभिन्न घोषणाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में अपने कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान पथ निर्माण, भवन निर्माण, सिंचाई, स्वास्थ्य तथा नगर विकास विभाग सहित संबंधित विभागों द्वारा योजनावार अद्यतन प्रगति से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का क्रियान्वयन विभिन्न चरणों में प्रगति पर है। समीक्षा के दौरान देव नगर पंचायत में रिंग रोड निर्माण (142.23 करोड़ रुपये) के संबंध में बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। धारा 11(1) का प्रकाशन 15 अगस्त 2025 को किया जा चुका है तथा संबंधित मौजों के प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार विशुनपुर कैनाल निर्माण योजना (131.54 करोड़ रुपये) का कार्य प्रगति पर है तथा इसका भौतिक प्रगति लगभग 1.4 प्रतिशत है। योजना के पूर्ण होने की संभावित तिथि 24 अगस्त 2027 निर्धारित है। राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रॉमा सेंटर निर्माण (9.64 करोड़ रुपये) के संबंध में बताया गया कि चहारदीवारी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा भवन के भू-तल की छत तक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना का लगभग 15 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसे अक्टूबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। बैठक में यह भी बताया गया कि औरंगाबाद शहर में अदरी नदी पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का कार्य प्रगति पर है तथा इसकी भौतिक प्रगति लगभग 7 प्रतिशत है। योजना को जनवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त मदनपुर प्रखंड के चांद बिगहा ग्राम में केशहर नटी पर चेक डैम निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसकी भौतिक प्रगति लगभग 45 प्रतिशत है तथा इसे जुलाई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। समीक्षा के दौरान देव नगर पंचायत स्थित सूर्य मंदिर के समीप सूर्य कुंड एवं रूद्र कुंड परिसर से एसएच-101 तक ग्रीनफील्ड संपर्क पथ (प्रगति पथ) निर्माण (59.39 करोड़ रुपये) के संबंध में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर होने की जानकारी दी गई। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले के मदनपुर, औरंगाबाद, नबीनगर, हसपुरा, गोह, ओबरा एवं दाउदनगर प्रखंडों में नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण (116.34 करोड़ रुपये) की योजना स्वीकृत है। हसपुरा एवं दाउदनगर में नींव खुदाई का कार्य प्रगति पर है, जबकि अन्य प्रखंडों के लिए निविदा एवं वित्तीय प्रक्रिया संचालित है। इसी तरह जिले में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं स्टेडियम निर्माण (29.45 करोड़ रुपये) योजना के अंतर्गत चहारदीवारी का अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है तथा मल्टीपरपज हॉल के नींव एवं सोलिंग का कार्य भी संपन्न किया जा चुका है। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सीबीसी (भारत सरकार), बिहार एवं झारखंड सरकार से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
नवबिहार टाइम्स
आवश्यकता
नवबिहार टाइम्स (दैनिक) को निम्नांकित पद व स्थान के लिए संवाददाता/ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
गया और जहानाबाद में ब्यूरो प्रमुख की आवश्यकता है।
दाउदनगर और नवीनगर में संवाददाता की आवश्यकता है।
समाचार लिखने में रुचि और हिन्दी की समझ रखने वाले युवा इस पद के लिए शीघ्र आवेदन करें।
संपर्क : मोबाइल/ह्वाट्सप : 6206165107
ईमेल : nbtimesbihar@gmail.com